www.youtube.com/@TarunmitraGroup

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# तरुणमित्र

श्रम ही आधार, सिर्फ खबरों से सरोकार

भोपाल
वर्ष: 6 अंक 117
सोमवार 15 जून, 2026

तापमान
अधिकतम 38°C
न्यूनतम 29°C

मूल्य 2 रुपए | पृष्ठ-8 | मध्य प्रदेश, बिहार, उत्तर प्रदेश एवं महाराष्ट्र से प्रकाशित | www.tarunmitra.in

## अमेरिका-ईरान शांति समझौते पर संशय, तेहरान में विरोध तेज

### हस्ताक्षर टले : ट्रंप आश्वस्त, ईरान असहमत, होर्मुज और समझौते पर लगातार बढ़ी वैश्विक चिंता

**वाशिंगटन/तेहरान, 14 जून।** अमेरिका और ईरान के बीच प्रस्तावित शांति समझौते को लेकर अनिश्चितता बनी हुई है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के समझौते को लेकर आशावादी दावों के बावजूद तेहरान ने स्पष्ट किया है कि रविवार को किसी भी समझौते पर हस्ताक्षर नहीं होंगे। दूसरी ओर पाकिस्तान का दावा है कि दोनों पक्ष समझौते के बेहद करीब हैं और अगले 24 घंटे में सकारात्मक नतीजा सामने आ सकता है।

ईरान के उत्तर-पूर्वी शहर मशहद में शनिवार को विदेश मंत्रालय के कार्यालय के बाहर प्रदर्शनकारियों ने प्रस्तावित समझौते का विरोध किया। प्रदर्शनकारियों ने विदेश मंत्री अब्बास अराघची के खिलाफ नारेबाजी की और इसे राष्ट्रीय हितों के विपरीत बताया। कट्टरपंथी नेताओं का कहना है कि समझौते से होर्मुज जलडमरूमध्य पर ईरान की रणनीतिक पकड़ कमजोर पड़ सकती है। इस बीच ट्रंप ने ट्रुथ सोशल पर दावा किया कि समझौते पर जल्द हस्ताक्षर होंगे और इसके बाद होर्मुज जलडमरूमध्य सभी देशों के लिए सामान्य रूप से खोल दिया जाएगा। हालांकि ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बकाई ने कहा कि समझौते की कोई तय तारीख नहीं है और रविवार को हस्ताक्षर होने की संभावना नहीं है। उन्होंने यह भी कहा कि आने वाले दिनों में प्रगति से इनकार नहीं किया जा सकता। समझौते में मध्यस्थ की भूमिका निभा रहे पाकिस्तान ने भी उम्मीद जताई है कि अगले 24 घंटे में प्रक्रिया अंतिम चरण में पहुंच सकती है। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने कहा कि समझौते के बाद तकनीकी स्तर की वार्ता शुरू होने की संभावना है।

उधर तेहरान ने स्पष्ट किया है कि फिलहाल होर्मुज जलडमरूमध्य पर उसका नियंत्रण बरकरार रहेगा।

इसी बीच अमेरिकी मध्य कमान (सेंटकॉम) ने दावा किया कि ईरान की ओर से व्यावसायिक जहाजों को निशाना बनाने के लिए छोड़े गए कई वन-वे अटैक ड्रोन को अमेरिकी सेना ने मार गिराया।

# समुद्री संकट पर सरकार विपक्ष आमने-सामने

## ओमान तट पर राहत अभियान जारी, कांग्रेस ने विदेश नीति पर सवाल उठाए

**नई दिल्ली/मस्कट, 14 जून।** ओमान के तट के पास भारतीय ध्वज वाले वाणिज्यिक जहाज 'विराट-1' से जुड़ी समुद्री घटना ने भारत की चिंता बढ़ा दी है। जहाज पर सवार 14 भारतीय चालक दल के सदस्यों की तलाश के लिए ओमान के अधिकारियों और आसपास मौजूद जहाजों की मदद से व्यापक खोज एवं बचाव अभियान चलाया जा रहा है। इस बीच, कुछ दिन पहले ओमान के निकट हुए हमले में तीन भारतीय नाविकों की मौत के मुद्दे पर कांग्रेस ने केंद्र सरकार की प्रतिक्रिया और कूटनीतिक रुख पर सवाल उठाते हुए सरकार से स्पष्ट जवाब मांगा है। लगातार सामने आ रही इन घटनाओं ने पश्चिम एशिया के समुद्री क्षेत्र में भारतीय नाविकों की सुरक्षा को लेकर नई बहस छेड़ दी है।

ओमान स्थित भारतीय दूतावास ने रविवार को सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर बताया कि उसे भारतीय ध्वज वाले जहाज 'विराट-1' से जुड़ी घटना की जानकारी मिली है। प्रारंभिक सूचना के अनुसार जहाज

**समुद्री संकट**

- विराट-1 के 14 भारतीय चालक दल की तलाश में जुटी बचाव टीमें
- नाविकों की मौत पर अमेरिका से माफी और जांच की मांग
- तीन भारतीयों की मौत पर कूटनीतिक जवाबदेही की मांग तेज

का इंजन खराब हो गया था, जिसके बाद चालक दल के सभी सदस्य सुरक्षा के तहत लाइफराफ्ट पर पहुंच गए।

दूतावास ने कहा कि ओमान के संबंधित अधिकारियों तथा आसपास मौजूद जहाजों के सहयोग से खोज एवं बचाव अभियान लगातार जारी है। फिलहाल सभी 14 भारतीय चालक दल के सदस्यों का पता




लगाने का प्रयास किया जा रहा है। अभी तक किसी के हताहत होने या सुरक्षित मिलने की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। इस घटनाक्रम के बीच कांग्रेस ने हाल ही में ओमान के निकट हुए उस हमले को लेकर केंद्र सरकार को घेरा, जिसमें तीन भारतीय नाविकों की मौत हुई थी। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि पूरे देश के साथ वह मृत भारतीय नाविकों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हैं।

### मोदी-ट्रंप मुलाकात से पहले कांग्रेस ने उठाए अहम सवाल

#### राष्ट्रीय हित, व्यापार और भारतीय नागरिकों की सुरक्षा पर सरकार से जवाब मांगा

**नई दिल्ली, 14 जून।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की 17 जून को फ्रांस में प्रस्तावित मुलाकात से पहले कांग्रेस ने केंद्र सरकार से भारत के राष्ट्रीय हितों से जुड़े मुद्दों को मजबूती से उठाने की मांग की है। पार्टी का कहना है कि अमेरिका के साथ बातचीत में भारतीय नागरिकों की सुरक्षा, व्यापारिक हितों और विदेश नीति से जुड़े विषयों पर स्पष्ट और दृढ़ रुख अपनाया जाना चाहिए। कांग्रेस महासचिव (संचार) जयराम रमेश ने रविवार को कहा कि प्रधानमंत्री की प्रस्तावित मुलाकात से पहले देश यह जानना चाहता है कि क्या भारत ओमान तट के निकट अमेरिकी कार्रवाई में तीन भारतीय नाविकों की मौत का मुद्दा मजबूती से उठाएगा।

## संक्षिप्त समाचार

### 'विश्व चक्रीय अर्थव्यवस्था मंच' की भारत करेगा मेजबानी

**नई दिल्ली, 14 जून।** वैश्विक चुनौतियों और संसाधन संकट के इस दौर में टिकाऊ विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 'विश्व चक्रीय अर्थव्यवस्था मंच' के 10वें संस्करण की मेजबानी भारत करेगा। इसका आयोजन पहली बार भारत में किया जा रहा है। गुजरात की राजधानी गांधीनगर में 15 से 18 सितंबर तक होने वाले वैश्विक आयोजन का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के हाथों होने की संभावना है।

### 100 प्रतिशत एथेनॉल ईंधन को मंजूरी, ऊर्जा आत्मनिर्भरता की ओर बड़ा कदम

**नई दिल्ली, 14 जून।** केंद्र सरकार ने 100 प्रतिशत एथेनॉल ईंधन के उपयोग को कानूनी मंजूरी दे दी है। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने इसे भारत की ऊर्जा आत्मनिर्भरता की दिशा में बड़ा कदम बताते हुए कहा कि इससे आयातित जीवाश्म ईंधन पर निर्भरता कम होगी और वैकल्पिक ऊर्जा को बढ़ावा मिलेगा।

### राहुल गांधी के जन्मदिन पर दिल्ली में युवा कांग्रेस का 'मेगा जॉब फेयर'

**नई दिल्ली, 14 जून।** भारतीय युवा कांग्रेस ने नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के जन्मदिन पर 19 जून को दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में 'मेगा जॉब फेयर 2026' आयोजित करने की घोषणा की है। कांग्रेस मुख्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता में युवा कांग्रेस अध्यक्ष उदय भानु चिब और दिल्ली कांग्रेस संगठन प्रभारी अनिल भारद्वाज ने मेगा जॉब फेयर का पोस्टर जारी किया।

## सर्बियाई राष्ट्रपति ने की मोदी के नेतृत्व की सराहना

**नई दिल्ली, 14 जून।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लगातार 12 वर्ष पूरे होने और भारत के सबसे लंबे समय तक सेवा देने वाले निर्वाचित प्रधानमंत्री बनने पर सर्बिया के राष्ट्रपति अलेक्जेंडर वुसिक ने उन्हें बधाई दी है। फ्रांस दौरे पर मौजूद प्रधानमंत्री मोदी ने राष्ट्रपति वुसिक की शुभकामनाओं के लिए सोशल मीडिया के माध्यम से आभार व्यक्त किया और भारत-सर्बिया संबंधों को और मजबूत बनाने की प्रतिबद्धता दोहराई।

राष्ट्रपति वुसिक ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का लंबा कार्यकाल भारतीय जनता के उन पर अटूट विश्वास का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि किसी भी नेता की वास्तविक पहचान केवल उसके कार्यकाल से नहीं, बल्कि उसकी दूरदर्शिता, उपलब्धियों और देश के लिए छोड़ी गई विरासत से होती है। वुसिक ने मोदी को एक ऐसे नेता बताया जिसकी आवाज वैश्विक स्तर पर सम्मान के साथ सुनी जाती है।

प्रधानमंत्री मोदी ने जवाब में राष्ट्रपति वुसिक का धन्यवाद देते हुए कहा कि उन्हें उनकी भारत यात्रा और दोनों नेताओं के बीच हुई सार्थक बातचीत की सुखद याद है। उन्होंने कहा कि भारत सर्बिया के साथ अपनी मित्रता को अत्यंत महत्व देता है और दोनों देशों के बीच सहयोग को नई ऊंचाइयों तक ले जाने के लिए मिलकर काम करने को उत्सुक है।

## ममता को फिर झटका, पूर्व मंत्री मानस भुइयां ने टीएमसी छोड़ी

**कोलकाता, 14 जून।** पश्चिम बंगाल की राजनीति में तृणमूल कांग्रेस के लिए एक और बड़ा झटका सामने आया है। सात बार के विधायक और राज्य के पूर्व मंत्री मानस भुइयां ने तृणमूल कांग्रेस की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने अपना इस्तीफा पूर्व मुख्यमंत्री व पार्टी प्रमुख ममता बनर्जी को भेजते हुए कहा कि जिन राजनीतिक मूल्यों और सिद्धांतों के कारण उन्होंने पार्टी का दामन थामा था, तृणमूल कांग्रेस अब उनसे दूर होती जा रही है। मीडिया से बातचीत में रविवार को उन्होंने कहा कि वह राजनीति से संन्यास नहीं ले रहे हैं और सार्वजनिक जीवन में सक्रिय बने रहेंगे। उन्होंने अपने अगले राजनीतिक कदम को लेकर कोई संकेत नहीं दिया।

## भारत-फ्रांस नवाचार साझेदारी को नई वैश्विक गति मिली: मोदी

### नीस में भारत इनोवेट्स का उद्घाटन, प्रधानमंत्री बोले-भारत अब समाधान देने वाला देश

**नई दिल्ली, 14 जून।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने फ्रांस के नीस शहर में आयोजित 'भारत इनोवेट्स' कार्यक्रम में कहा कि भारत और फ्रांस की रणनीतिक साझेदारी अब नवाचार, प्रौद्योगिकी और स्टार्टअप सहयोग के नए दौर में प्रवेश कर रही है। उन्होंने कहा कि 'भारत इनोवेट्स' भारतीय प्रतिभा और यूरोपीय निवेश के बीच एक मजबूत सेतु का कार्य करेगा तथा भारतीय नवाचारों को वैश्विक मंच तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। प्रधानमंत्री मोदी ने फ्रांस




के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के साथ कार्यक्रम का संयुक्त रूप से उद्घाटन किया। कार्यक्रम से पहले उन्होंने प्रमुख निवेशकों, स्टार्टअप संस्थापकों और वेंचर कैपिटल प्रतिनिधियों से मुलाकात कर भारत में नवाचार और निवेश की संभावनाओं पर चर्चा की। अपने संबोधन में प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत और फ्रांस का रिश्ता केवल व्यापार या रणनीतिक साझेदारी तक सीमित नहीं है, बल्कि यह साझा विश्वास, साझा मूल्यों और दीर्घकालिक दृष्टि पर आधारित है। यही कारण है कि दोनों देशों ने विज्ञान, तकनीक और नवाचार के क्षेत्र में कई नई पहलों को आगे बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि 'भारत इनोवेट्स' भारतीय युवाओं को यूरोपीय विशेषज्ञता, पूंजी और वैश्विक बाजारों से जोड़ने का प्रभावी मंच बनेगा।

# राज्य सरकार प्रदेश में रोजगारपरक उद्योगों की स्थापना को कर रही है प्रोत्साहित : मुख्यमंत्री

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सिंगल क्लिक से 900 एमएसएमई यूनिट्स को 360 करोड़ रुपये से अधिक की वितरित की प्रोत्साहन राशि

**भोपाल, 14 जून।** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (एमएसएमई) भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं और रोजगार सृजन में इनकी महत्वपूर्ण भूमिका है। प्रदेश सरकार रोजगारपरक उद्योगों को निरंतर प्रोत्साहित कर रही है तथा वर्ष 2047 तक मध्यप्रदेश में एक करोड़ एमएसएमई इकाइयों की स्थापना का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव रविवार को भोपाल स्थित कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में आयोजित 'समृद्ध एमएसएमई-विकसित मध्य प्रदेश' कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

इस अवसर पर उन्होंने सिंगल क्लिक के माध्यम से 900 एमएसएमई इकाइयों को 360 करोड़ रुपये से अधिक की प्रोत्साहन राशि वितरित की। साथ ही विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों को ऋण, भूमि आवंटन पत्र और स्टार्टअप प्रोत्साहन राशि भी प्रदान की।मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में वर्तमान में 24 लाख से अधिक एमएसएमई इकाइयां संचालित हैं, जिनसे सवा करोड़ से अधिक लोगों को रोजगार मिला है। इनमें 4.41 लाख से अधिक इकाइयों का संचालन महिलाएं कर रही हैं, जो महिला सशक्तिकरण का सशक्त उदाहरण है। उन्होंने कहा कि आगामी ढाई वर्षों में एमएसएमई क्षेत्र को मजबूत बनाने के लिए 4,500 करोड़ रुपये की सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार का लक्ष्य हर जिले में उद्योग, हर परिवार में रोजगार और हर युवा को अवसर उपलब्ध कराना है। इसी दिशा में औद्योगिक भूमि आवंटन की प्रक्रिया को



सरल बनाया गया है। पिछले ढाई वर्षों में 30 नए औद्योगिक क्षेत्र और 14 क्लस्टर स्वीकृत किए गए हैं, जबकि 1,063 भूखंड उद्यमियों को आवंटित किए जा चुके हैं। आने वाले वर्षों में 60 नए औद्योगिक क्षेत्र विकसित करने तथा 6,000 से अधिक भूखंड आवंटित करने की योजना है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत वैश्विक आर्थिक शक्ति के रूप में उभर रहा है और पिछले 12 वर्षों में एमएसएमई क्षेत्र में अभूतपूर्व परिवर्तन देखने को मिला है। प्रदेश के उत्पाद अब राष्ट्रीय ही नहीं, अंतरराष्ट्रीय बाजारों तक पहुंच रहे हैं। मुख्यमंत्री ने स्टार्टअप इकोसिस्टम का उल्लेख करते हुए बताया कि मध्यप्रदेश में 7,400 से अधिक स्टार्टअप सक्रिय हैं, जिनमें लगभग 50 प्रतिशत का नेतृत्व महिलाएं कर रही हैं।

मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना के तहत पिछले ढाई वर्षों में 23,500 से अधिक युवाओं को 1,630 करोड़ रुपये से अधिक का ऋण उपलब्ध कराया गया है। उन्होंने बताया कि स्टार्टअप रैंकिंग में मध्यप्रदेश को लीडर श्रेणी का सम्मान प्राप्त हुआ है। सूक्ष्म,लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री चेतन्य कुमार काश्यप ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पिछले ढाई वर्षों में प्रदेश को औद्योगिक विकास में आगे रखने के लिए अनथक परिश्रम किया है। वे प्रदेश के विभिन्न जिलों में सभी वर्ग के उद्यमियों के साथ संवाद कर रहे हैं। प्रदेश में एमएसएमई सेक्टर में अभूतपूर्व विकास हुआ है। प्रदेश की जीडीपी में कृषि की 40 प्रतिशत और उद्योगों की हिस्सेदारी मात्र 19 प्रतिशत थी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इसे बदलने का संकल्प लिया है, उनके नेतृत्व में मध्यप्रदेश बदल रहा है।

प्रदेश में औद्योगिक गतिविधियों का विस्तार हो रहा है। राज्य शासन की हैंडहोल्डिंग नीतियों के परिणाम स्वरूप प्रदेश के युवा उद्यमी राष्ट्रीय और वैश्विक स्तर पर अपनी पहचान बना रहे हैं। प्रमुख सचिव औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन तथा सूक्ष्म,लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग राघवेंद्र सिंह ने पिछले ढाई वर्षों की उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि प्रदेश में पिछले ढाई वर्षों में निवेश सहायता के रूप में 6 हजार 136 एसएसएमई उद्यमियों को 3 हजार 723 करोड़ राशि दी गई है। उसके पहले के ढाई साल में केवल 1245 करोड़ की राशि प्रदान की गई थी। प्रदेश की नई औद्योगिक नीति तीव्र, पारदर्शी और उद्योग अनुकूल है। पिछले एक वर्ष में उद्यमियों को 1000 से अधिक भूखंड आवंटित किए गए हैं। प्रदेश में 44 नए औद्योगिक क्षेत्र और क्लस्टर प्रस्तावित हैं। अगले ढाई साल में राज्य में 30 नए क्लस्टर और 20 नई कॉमन फैसिलिटी विकसित की जाएगी। अगले ढाई से तीन वर्षों में उद्योगों को 5000 नए भूखंड आवंटित होंगे। सरकार की मंशा है कि प्रदेश की सभी विधानसभाओं में कम से कम एक एमएसएमाई सेंटर विकसित किया जायेगा। इसके लिए अब तक 76 विधानसभाओं में स्थान चिह्नित किए गए हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना के अंतर्गत इन्दौर के रवि बोबड़े तथा रेखा वर्मा और भोपाल के सुधीर कुमार शर्मा व मोहम्मद शिफर को ऋण राशि के चैक प्रदाय किए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने निवाड़ी की जयश्री रैकवार, कटनी की भारती चौधरी व रामप्रसाद लड़िया और अनूपपुर के नागेश सिंह नरवरिया को भूमि आंवटन के लिए आशय पत्र प्रदान किए। निवाड़ी के सागर जामरा को भूमि आवंटन आदेश प्रदान किया गया।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मध्यप्रदेश स्टार्टअप नीति-2025 के अंतर्गत ऐरी राइड्स प्रायवेट लिमिटेड इंदौर की संस्थापक आरती मतानी, ग्लाफिक्स इंडस्ट्रीज प्रायवेट लिमिटेड भोपाल के अरिहंत आर्या, कोनार्क एग्रो. सोल्युशन्स भोपाल के सौरभ गोस्वामी और सर्विस जेट प्राइवेट. लिमिटेड भोपाल के दिनेश चांदवानी को सहायता राशि प्रदान की गई। कार्यक्रम में उद्योग संगठनों के प्रतिनिधि, बैंकिंग संस्थानों के पदाधिकारी, निवेशक, स्टार्टअप संस्थापक, युवा उद्यमी तथा प्रदेश के विभिन्न अंचलों से आए हितग्राही बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

### डिजिटल ठगी के संगठित नेटवर्क, पांच शहर बने अपराध के बड़े केंद्र

# यूपी में बढ़ते साइबर अपराध के नए 'हॉटस्पॉट'

विवेक श्रीवास्तव

**लखनऊ, 14 जून।** उत्तर प्रदेश में साइबर अपराध का स्वरूप तेजी से बदल रहा है और अब यह छिटपुट घटनाओं से निकलकर संगठित नेटवर्क के रूप में सामने आ रहा है। राज्य के पांच प्रमुख शहर-मथुरा, गौतमबुद्ध नगर, गाजियाबाद, लखनऊ और कानपुर नगर तेजी से साइबर क्राइम के नए हॉटस्पॉट बनकर उभर रहे हैं। यह बदलाव केवल अपराध के आंकड़ों में वृद्धि तक सीमित नहीं है, बल्कि इसके पीछे एक सुव्यवस्थित ढांचा और रणनीति भी काम कर रही है, जिसने कानून-व्यवस्था के सामने नई चुनौती खड़ी कर दी है।

इन शहरों में अलग-अलग तरह के साइबर फ्रॉड नेटवर्क सक्रिय हैं। एनसीआर क्षेत्र के गौतमबुद्ध नगर और गाजियाबाद में फर्जी निवेश योजनाएं और ऑनलाइन ट्रेडिंग स्कैम

**चुनौती**

- निवेश और ट्रेडिंग स्कैम में एनसीआर क्षेत्र आगे
- डिजिटल अरेस्ट, फर्जी कॉल से लखनऊ-कानपुर ज्यादा प्रभावित
- जागरूकता की कमी और बेरोजगारी बना रही गिरोहों को मजबूत

तेजी से फैल रहे हैं। वहीं लखनऊ और कानपुर नगर में डिजिटल अरेस्ट, फर्जी सरकारी कॉल और बैंकिंग फ्रॉड के मामले ज्यादा सामने आ रहे हैं। मथुरा जैसे शहर, जो पहले साइबर अपराध के लिहाज से शांत माने जाते थे, अब छोटे लेकिन संगठित गिरोहों के लिए सुरक्षित ठिकाने बनते जा रहे हैं।

विशेषज्ञों के अनुसार, साइबर अपराधी अब अकेले काम नहीं कर रहे, बल्कि स्थानीय स्तर पर नेटवर्क बनाकर संगठित तरीके से काम कर रहे हैं। इन नेटवर्क्स में भर्ती से लेकर प्रशिक्षण और ठगी तक की पूरी प्रक्रिया सुनियोजित ढंग से संचालित की जा रही है। बेरोजगार युवाओं को जल्दी पैसा कमाने का लालच देकर इन गिरोहों में शामिल किया जा रहा है, जिससे यह समस्या सामाजिक रूप भी लेती जा रही है। साइबर ठगी के तरीकों में भी तेजी से बदलाव आया है। फर्जी स्टॉक ट्रेडिंग प्लेटफॉर्म, नकली मोबाइल एप, फिशिंग कॉल सेंटर और मैसेजिंग ऐप्स के जरिए भेजे जाने वाले संदिग्ध लिंक आम हो गए हैं। कई मामलों में ठग खुद को सरकारी अधिकारी या बैंक प्रतिनिधि बताकर लोगों को डराते हैं, जबकि कहीं उन्हें भारी मुनाफे का लालच दिया जाता है। डर और लालच के इसी मिश्रण में फंसकर लोग अपनी गोपनीय जानकारी साझा करदेते हैं या अनजाने में खतरनाक एप डाउनलोड कर लेते हैं। डिजिटल भुगतान और मोबाइल बैंकिंग के बढ़ते उपयोग ने इस खतरे को और बढ़ा दिया है। पहली बार डिजिटल सेवाओं का इस्तेमाल करने वाले लोग, छोटे व्यापारी, नौकरीपेशा युवा और बुजुर्ग सबसे ज्यादा निशाने पर हैं। साइबर अपराधी इन्हीं वर्गों को आसान लक्ष्य मानते हैं। पूर्व आईपीएस अधिकारी और साइबर विशेषज्ञ प्रोफेसर त्रिवेणी सिंह के अनुसार, ये हॉटस्पॉट अब केवल स्थानीय अपराध केंद्र नहीं रहे, बल्कि संगठित डिजिटल अपराध के प्रशिक्षण और संचालन के केंद्र बनते जा रहे हैं। उनका मानना है कि यदि इन चिन्हित शहरों में खुफिया आधारित सख्त कार्रवाई की जाए, तो पूरे नेटवर्क को कमजोर किया जा सकता है।

# मुरैना में ट्रेन की चपेट में आने से चार यात्रियों की मौत

**मुरैना, 14 जून (हि.स.)।** मध्य प्रदेश के मुरैना जिले में रविवार शाम को हेतमपुर स्टेशन के पास ट्रेन की चपेट में आने से चार यात्रियों की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि आग लगने की अफवाह के बाद उदयपुर इंटरसिटी एक्सप्रेस से नीचे उतरे चार यात्री दूसरी ट्रेन की चपेट में आ गए। मरने वालों में तीन महिलाएं और एक बच्चा शामिल है।

बताया गया कि गाड़ी संख्या 19665 उदयपुर इंटरसिटी एक्सप्रेस मुरैना से रविवार शाम करीब शाम 4 बजे धौलपुर की ओर रवाना हुई थी। ट्रेन हेतमपुर और घेर रेलवे स्टेशन के बीच पहुंची थी, तभी उसमें आग लगने की अफवाह फैल गई, जिसके बाद यात्रियों में भगदड़ मच गई।

घबराए कुछ यात्रियों ने चेन पुलिंग कर ट्रेन रोकी और पटरियों पर उतर गए। इसी दौरान तीन महिलाएं और एक बच्चा दूसरी ओर से आ रही पातालकोट एक्सप्रेस की चपेट में आ गए और मौके पर ही उनकी मौत हो गई। हादसे के बाद लोगों ने तुरंत रेलवे अधिकारियों व पुलिस को सूचना दी। घटना की जानकारी मिलते ही जीआरपी, आरपीएफ और स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंच गई और शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। मृतकों की पहचान करने और उनके परिजनों को सूचना देने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। घटना के कारण दिल्ली-मुंबई रेलवे रूट पर रेल यातायात प्रभावित हो गया है। रेलवे और प्रशासन की टीम राहत और बचाव कार्य में जुटी है। अधिकारियों का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है।

ट्रेन में सफर कर रहे एक यात्री ने बताया कि अचानक किसी ने चेन खींच दी और चिल्लाने लगा कि आग लग गई है, आग लग गई है। इसके बाद लोग तुरंत ट्रेन से उतरने लगे। जब यात्री दूसरी तरफ पटरी पार कर रहे थे, तभी उधर से पातालकोट एक्सप्रेस आ रही थी। इसी दौरान कुछ लोग उसकी चपेट में आ गए और हादसा हो गया।

# आज का विद्यार्थी कल का भविष्य निर्माता: पटेल

## विधिज्ञ एक्सीलेंस कॉन्क्लेव-2026 में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए मंत्री पटेल

**इंदौर।** मध्य प्रदेश के पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने कहा कि आज का विद्यार्थी कल का भविष्य निमार्ता है। उसके हाथ में देश का दारोमदार है। कोई भी विद्यार्थी अकेले अपने बलबूते पर सफलता प्राप्त नहीं करता। उसके पीछे परिवार, समाज और राष्ट्र का भी योगदान होता है। अतः विद्यार्थियों को चाहिए कि वह सभी का सम्मान करें।




मंत्री पटेल रविवार को विधिज्ञ द्वारा इंदौर के लाभमण्डपम में आयोजित विधिज्ञ एक्सीलेंस कॉन्क्लेव-2026 (गुरुजन सम्मान) के कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मंत्री पटेल बतौर मुख्य अतिथि कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम में सेवानिवृत्त न्यायाधीश तारकेश्वर सिंह, पूर्व कलेक्टर सीबी सिंह विशेष रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम में पटेल ने क्लेट और आईपीएमएटी परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। साथ ही हाईस्कूल और हायर सेकण्डरी परीक्षा में 90 फीसदी से अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों और शिक्षकों को सम्मानित किया। उन्होंने सभी सम्मानित विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि कानून सबके लिए समान है। कानून के सामने कोई छोटा और बड़ा नहीं है। सभी को कानून का पालन और सम्मान करना चाहिये। मंत्री पटेल ने कहा कि आने वाले समय में समाज तो उच्च तकनीक से लैस होगा लेकिन सबके सामने जल संकट एक चुनौती के रूप में उभरेगा। अतः हमें पर्यावरण की चिंता अभी से करनी होगी। अधिक से अधिक पौधारोपण करना होगा। पेड़ हमें फल, फूल, पत्ती और छाया ही नहीं देता बल्कि हमें देने का संस्कार भी देता है। जहां पेड़ होते हैं, वहां तापमान में कमी आती है। पेड़ हमसे लेता कुछ नहीं, देता ही है। उन्होंने आगे कहा कि नर्मदा मैया के प्रति शुरू से मेरी अगाध श्रद्धा रही है। मैंने कई बार नर्मदा की परिक्रमा भी की। इस परिक्रमा से मुझे जो हासिल हुआ वह अवर्णनीय है। नदियों के उदगम पर जाना और वहां से जल लाना शौक रहा है। अभी तक मैं 112 नदियों के उदगम तक पहुंचा हूं। उन्होंने कहा कि बीज पुरखों की देन है और इसकी रक्षा करना हम सबका दायित्व है। बीजों को रासायनिक उर्वरकों से बचाना जरूरी है। उन्होंने सभी विद्यार्थियों को संकल्प दिलाया कि वे पर्यावरण की रक्षा करेंगे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में विद्यार्थी और उनके अभिभावक उपस्थित थे।

### केंद्रीय मंत्री आज करेंगी महिला बाल विकास की योजनाओं की समीक्षा

**इंदौर।** केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी सोमवार, 15 जून को इंदौर प्रवास पर रहेंगे। इस दौरान वे विभागीय योजनाओं की समीक्षा करेंगे। उनके साथ महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री सावित्री ठाकुर भी मौजूद रहेंगी। प्रस्तावित कार्यक्रम के अनुसार, दोनों मंत्रीगण इंदौर स्थित सावित्रीबाई फुले राष्ट्रीय महिला एवं बाल विकास संस्थान के पश्चिमी क्षेत्रीय केंद्र, गोमटगिरी, हातोद रोड, गांधीनगर में आयोजित समीक्षा बैठक में शामिल होंगी। यह बैठक प्रातः 9:00 बजे से 11:30 बजे तक आयोजित की जाएगी। केंद्र के सहायक निदेशक भवानी शंकर साल्वी ने रविवार को बताया कि मंत्री द्वय द्वारा बैठक में महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा की जाएगी। साथ ही अन्य अभियान तथा प्रमुख कल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर भी चर्चा की जाएगी। सावित्रीबाई फुले राष्ट्रीय महिला एवं बाल विकास संस्थान के पश्चिमी क्षेत्रीय केंद्र में आयोजित होने वाली इस महत्वपूर्ण बैठक में विभागीय अधिकारियों एवं संबंधित हितधारकों की सहभागिता रहेगी।



## पुलिस अभिरक्षा से फरार हत्या का आरोपी विशाखापट्टनम से किया गिरफ्तार

**अनूपपुर।** मध्य प्रदेश के अनूपपुर जिले के थाना जैतहरी के हत्या के प्रकरण का आरोपी आरोपी 24 वर्षीय शैलेष महरा पुत्र प्रेमलाल महरा निवासी ग्राम सिंघौरा पुलिस अभिरक्षा से फरार को विशाखापट्टनम (आंध्रप्रदेश) के बिडला जंक्शन से गिरफ्तार कर रविवार को लाया गया।




पुलिस के अनुसार अपराध की धारा 103(1) बीएनएस के मामले में 21 अप्रैल 2026 को आरोपी शैलेष महरा को गिरफ्तार कर न्यायालय अनूपपुर से पुलिस रिमांड प्राप्त कर पुलिस सहायता केंद्र वेंकटनगर में सुरक्षार्थ रखा गया था जो 23 अप्रैल को भाग गया था।

पुलिस ने आरोपी शैलेष महरा गिरफ्तार होकर पुलिस रिमाण्ड में निरूद्ध होने के बावजूद पुलिस अभिरक्षा से फरार होने पर के धारा 262 बीएनएस पंजीबद्ध कर आरोपी की लगातार पतासाजी की जा रही थी। पतासाजी के दौरान वेंकटनगर पुलिस द्वारा कई संभावित स्थानो पर दबिस दिया गया किंतु आरोपी का पता नही चला, इस दौरान मुखबिर द्वारा वेंकटनगर पुलिस को सूचना दी गई की आरोपी शैलेष महरा विशाखापट्टनम (आंध्रप्रदेश) में बिड़ला जंक्शन नामक स्थान पर मजदूरी का काम करता है। पुलिस ने विशाखापट्टनम (आंध्रप्रदेश) में बिडला जंक्शन पर दबिस दी कर आरोपी शैलेष महरा को गिरफ्तार किया कर वेंकटनगर चौकी लाया गया। फरार आरोपी को गिरफ्तार करने में चौकी प्रभारी वेंकटनगर उप निरीक्षक प्रवीण कुमार साहू, सउनि. सुरेश कुमार अहिरवार, सोनू पर्ते. विजय टाटू एवं सायबर सेल अनूपपुर प्रभारी राजेन्द्र अहिरवार की भूमिका रही।

## चोरी के मोबाइल बेचने के फिराक में घूम रहा युवक गिरफ्तार, 7 मोबाइल बरामद

**अनूपपुर।** मध्य प्रदेश के अनूपपुर जिले के शासकीय रेल पुलिस (जीआरपी) अनूपपुर ने रेलवे स्टेशन पर चलाए जा रहे प्लेटफार्म एवं ट्रेन चेकिंग अभियान के दौरान चोरी के मोबाइलों के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार कर कब्जे से विभिन्न कंपनियों के 7 मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं, जिनकी अनुमानित कीमत रू1,15,500 बताई गई है।




जानकारी के अनुसार शनिवार-रविवार की रात रेलवे स्टेशन अनूपपुर में प्लेटफार्म एवं ट्रेन चेकिंग के दौरान पुलिस को देखकर एक युवक कटनी-बिलासपुर मेमू ट्रेन से उतरकर भागने का प्रयास करने लगा। संदेह होने पर पुलिस टीम ने उसे घेराबंदी कर पकड़ लिया। पूछताछ में उसने अपना नाम महेंद्र सिंह पुत्र अर्जुन सिंह, (26) वर्ष, निवासी बड़ा लखौरा, थाना राजेंद्रग्राम, जिला अनूपपुर बताया।

तलाशी एवं पूछताछ के दौरान आरोपी के पास से एक मोबाइल बरामद हुआ, जिस पर चौकी जीआरपी अनूपपुर में अपराध की धारा 303(2) बीएनएस से किया गया। मोबाइल चोरी का होना प्रमाणित पाए जाने पर उसे विधिवत जप्त किया गया। आरोपी के बैग की तलाशी लेने पर विभिन्न कंपनियों के 6 अन्य मोबाइल फोन बरामद हुए, बरामद मोबाइलों की कुल कीमत लगभग ?1,00,500 आंकी गई है। आरोपी ने पूछताछ में स्वीकार किया कि वह इन मोबाइलों को बेचने की नीयत से शहडोल से अनूपपुर आया था। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध की धारा 317(2) एवं 317(4) भारतीय न्याय संहिता (BNS) के तहत मामला दर्ज कर मोबाइल जब्त किए तथा आरोपी को गिरफ्तार किया जिसे न्यायालय में प्रस्तु त किया जायेगा।

जीआरपी के अनुसार आरोपी का पूर्व से भी आपराधिक रिकॉर्ड रहा है। उल्लेखनीय है कि शासकीय रेल पुलिस अनूपपुर द्वारा पिछले एक माह के भीतर विभिन्न मामलों में 15 मोबाइल फोन, जिनकी कुल कीमत लगभग रू2,67,500 है, बरामद किए जा चुके हैं। इस कार्रवाई में जीआरपी चौकी प्रभारी एएसआई प्रीतम सिंह, प्रधान आरक्षक विनोद गौतम तथा आरक्षक मनोज यादव एवं संजीत शर्मा की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

जीआरपी चौकी प्रभारी ने बताया कि रेलवे यात्रियों की सुरक्षा एवं अपराध नियंत्रण के लिए जीआरपी द्वारा लगातार सघन जांच अभियान चलाया जा रहा है, जिससे अपराधियों पर प्रभावी अंकुश लग रहा है।

## भाजपा के पूर्व मंत्री को धमकाने वाला गया जेल

**जबलपुर।** मप्र शासन के पूर्व मंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता हरेंद्रजीत सिंह बब्बू को मोबाइल फोन पर गोली मारने की धमकी धमकी देने वाले आरोपित को गोरखपुर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया इसके बाद उसे न्यायालय में पेश किया गया जहां से कोर्ट ने उसे जेल भेज दिया है।विदित हो कि पूर्व मंत्री हरेंद्रजीत सिंह बब्बू 65 वर्षीय निवासी मदनमहल चौक, गुप्तेश्वर ने गोरखपुर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 8 जून की शाम करीब 7:9 बजे वह कार से गोरखपुर बाजार की तरफ जा रहे थे। जब उनकी कार कटंगा तिराहा के पास पहुंची, तभी उनके मोबाइल नंबर पर एक अज्ञात नंबर से फोन आया था। फोन उठाते ही सामने वाले व्यक्ति ने उन्हें जान से मारने की धमकी दी थी। इसके बाद पूर्व मंत्री ने तुरंत फोन काट दिया था। पुलिस ने पूर्व मंत्री की शिकायत पर अज्ञात धारक के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर लिया है। पुलिस की साइबर सेल टीम मोबाइल नंबर को ट्रेस किया। सीडीआर, मोबाइल लोकेशन और अन्य जांच के दौरान पुलिस आरोपित सृजन तिवारी निवासी रानीताल तक पहुंच गई जिसके बाद उसे धरदबोचा गया।

## मीनाक्षी नटराजन के नामांकन पर पत्रकारवर्ता कर कांग्रेस ने उठाए सवाल

**अनूपपुर।** कांग्रेस की वरिष्ठ नेता मीनाक्षी नटराजन का नामांकन निरस्त होने का मामला अब एक बड़े सियासी संग्राम में तब्दील हो चुका है। कांग्रेस इस मुद्दे को आसानी से छोड़ने के मूड में नहीं है और इसके खिलाफ ह्यजनता की अदालतह्न में उतरने की पूरी रणनीति तैयार कर ली गई है।




मध्य प्रदेश के अनूपपुर जिला कांग्रेस कार्यालय में रविवार को आयोजित पत्रकार वार्ता में कांग्रेस नेताओं ने राज्यसभा चुनाव में पूर्व सांसद मीनाक्षी नटराजन का नामांकन रद्द किए जाने को लेकर भारतीय जनता पार्टी पर कांग्रेस ने सवाल उठाते हुए राजनीतिक षड्यंत्र का आरोप लगाया। इसे लोकतांत्रिक मूल्यों पर हमला बताया।

पत्रकार वार्ता में अनूपपुर जिले प्रभारी एवं पूर्व विधायक उमरिया अजय सिंह, जिला कांग्रेस अध्यक्ष श्याम कुमार उर्फ गुड्डू चौहान, आशीष त्रिपाठी, एहसान अली अंसारी, युवा कांग्रेस अध्यक्ष मानवेन्द्र मिश्रा, सतेन्द्र स्वरूप दुबे, रफी अहमद उपस्थित रहे। अनूपपुर जिले प्रभारी ने आरोप लगाया कि राज्यसभा उम्मीदवार मीनाक्षी नटराजन के निर्वाचन के लिए कांग्रेस के पास स्पष्ट बहुमत था। इसके बावजूद, भाजपा ने कांग्रेस विधायकों को अपने पक्ष में करने की उम्मीद में तीसरा उम्मीदवार मैदान में उतारा। जब यह प्रयास सफल नहीं हुआ, तो भाजपा ने 'मिथ्या आधार' पर आपत्ति प्रस्तुत कर मीनाक्षी नटराजन का नामांकन निरस्त करवा दिया। यह केवल एक उम्मीदवार के साथ अन्याय का मामला नहीं है, बल्कि लोकतांत्रिक प्रक्रिया, निष्पक्ष चुनाव और संवैधानिक मूल्यों पर गंभीर प्रहार है। उन्होंने निष्पक्ष चुनाव प्रक्रिया में अवैध हस्तक्षेप को लोकतंत्र के लिए खतरा बताया। उन्होंने मीनाक्षी नटराजन की छवि को गांधीवादी और जनसेवा के प्रति समर्पित नेता के रूप में वर्णित किया।

उन्होंने कहा कि जिस मामले में तथ्य छिपाने का आरोप लगाया गया है, ऐसा कोई आपराधिक प्रकरण मीनाक्षी नटराजन के विरुद्ध विचाराधीन नहीं है। उन्होंने दावा किया कि न तो किसी कोर्ट ने उनके विरुद्ध संज्ञान लिया है और न ही कोई अपराध दर्ज किया गया है। संबंधित कोर्ट द्वारा प्रकरण वापस किया जा चुका है, इसलिए नामांकन निरस्त करने का कोई वैधानिक आधार नहीं था। जिला कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि यह घटनाक्रम दर्शाता है कि भाजपा लगातार लोकतंत्र पर प्रहार कर रही है। उन्होंने चेतावनी दी कि भविष्य में इससे और गंभीर चुनौतियां सामने आ सकती हैं, जिनका कांग्रेस लोकतांत्रिक एवं संवैधानिक तरीके से मुकाबला करेगी। साथ ही आरोप लगाया कि भाजपा संविधान की मयार्दाओं का हनन कर पूरी व्यवस्था को अपने नियंत्रण में करना चाहती है। उन्होंने कहा कि बिना किसी ठोस आधार के बहुमत प्राप्त उम्मीदवार को चुनाव प्रक्रिया से बाहर करना अत्यंत गंभीर और चिंताजनक कृत्य है। जिस मामले में तथ्य छिपाने का आरोप लगाया गया है, ऐसा कोई आपराधिक प्रकरण मीनाक्षी नटराजन के विरुद्ध विचाराधीन नहीं है। उन्होंने दावा किया कि न तो किसी कोर्ट ने उनके विरुद्ध संज्ञान लिया है और न ही कोई अपराध दर्ज किया गया है। संबंधित कोर्ट द्वारा प्रकरण वापस किया जा चुका है, इसलिए नामांकन निरस्त करने का कोई वैधानिक आधार नहीं था।

उन्होंने कहा कि इस तरह की तानाशाही किसी फिल्म में भी नहीं दिखाई दी है जिस तरह की भाजपा ने किया है। सर्वोच्च न्यायालय पर सवाल उठाते हुए कि न्यायालय किसके दबाव में यह किया है यह लोकतंत्र की हत्या है। चुनावी फॉर्म में नोटिस दर्शाने का कलाम कहीं नहीं है।

## विश्व रक्तदान दिवस पर 241 बस्तरिया बटालियन के 24 जवानों ने किया रक्तदान

**जगदलपुर।** विश्व रक्तदान दिवस के पावन अवसर पर 241 बस्तरिया बटालियन द्वारा सेडवा स्थित वाहिनी मुख्यालय में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस मानवीय और पुनीत कार्य में डिमरापाल स्थित स्व. बालीराम कश्यप मेमोरियल राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय के विशेषज्ञ चिकित्सा अधिकारियों की टीम ने अपना सक्रिय सहयोग प्रदान किया।

देश की सुरक्षा में सदैव तत्पर रहने वाले इस बटालियन के जांबाज कार्मिकों ने सामाजिक सरोकार की एक अनुपम मिसाल पेश करते हुए इस अभियान में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। शिविर के दौरान राष्ट्र सेवा के साथ-साथ जनसेवा के इस अद्भुत जज्बे को देख वहां उपस्थित चिकित्सा टीम भी बेहद प्रभावित नजर आई।

इस विशेष शिविर में 241 बस्तरिया बटालियन के अधिकारियों, अधीनस्थ अधिकारियों और जवानों सहित कुल 24 कार्मिकों ने पूरे उत्साह के साथ अपनी स्वेच्छा से रक्तदान किया। रक्तदाताओं के इस अद्वितीय साहस और सेवा भाव की सराहना करते हुए बटालियन के द्वितीय कमान अधिकारी संजय कुमार ने उपस्थित सभी जवानों को संबोधित किया। उन्होंने अपने वक्तव्य में रक्तदान को एक महान और सर्वोच्च सेवा बताते हुए कहा कि इससे किसी भी जरूरतमंद व्यक्ति का अमूल्य जीवन बचाया जा सकता है। इसके साथ ही उन्होंने सभी कार्मिकों को भविष्य में भी इस प्रकार के मानवीय एवं सामाजिक कार्यों में निरंतर अपनी सहभागिता निभाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर वाहिनी के सभी अधिकारियों और जवानों ने मानवता की भलाई के लिए एक सुर में जरूरतमंद व्यक्तियों को समय पर रक्तदान करने की सामूहिक शपथ भी ली।

## रानी दुर्गावती प्रगति पथ यात्रा में शामिल हुए केंद्रीय मंत्री जितिन प्रसाद

### प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश ने स्थापित किए विकास, सुशासन और स्थिरता के नए आयाम: प्रसाद

**जबलपुर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सेवा, सुशासन एवं गरीब कल्याण के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग तथा इलेक्ट्रॉनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री जितिन प्रसाद रविवार को मध्य प्रदेश के जबलपुर पहुंचे और यहां आयोजित रानी दुर्गावती प्रगति पथ यात्रा में शामिल हुए।



इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री प्रसाद ने कहा कि उन्हें जबलपुर की जनता के बीच उपस्थित होने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है और यह सम्मान प्रधानमंत्री मोदी और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के नेतृत्व में देश की जनता के आशीर्वाद का परिणाम है। इस अवसर पर मध्य प्रदेश के लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह भी मौजूद रहे। केन्द्रीय मंत्री प्रसाद ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश ने विकास, सुशासन और स्थिरता के नए आयाम स्थापित किए हैं। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में लगातार तीसरी बार सरकार बनने से देश को मजबूत और दूरदर्शी नेतृत्व मिला है। विकसित भारत-2047 की परिकल्पना को साकार करने की दिशा में केंद्र सरकार निरंतर कार्य कर रही है। केंद्रीय मंत्री ने रानी दुर्गावती प्रगति पथ परियोजना की सराहना करते हुए कहा कि लगभग सात किलोमीटर लंबे इस सेतु ने जबलपुर के शहरी विकास को नई पहचान दी है। उन्होंने कहा कि विश्वस्तरीय आधारभूत संरचना अब भारत में साकार हो रही है और यह प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में संभव हुआ है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में विश्व के अनेक देशों में अशांति, अस्थिरता और संघर्ष की स्थिति है, वहीं भारत प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में एक स्थिर, सशक्त और विश्वसनीय राष्ट्र के रूप में उभरा है। देश वैश्विक चुनौतियों का सफलतापूर्वक सामना कर रहा है और निरंतर प्रगति की ओर अग्रसर है। प्रसाद ने कहा कि केंद्र सरकार युवाओं के उज्ज्वल भविष्य के लिए प्रभावी नीतियां बना रही है। आने वाले वर्षों में विकसित भारत के निर्माण के लिए शिक्षा, रोजगार, तकनीक और आधारभूत संरचना के क्षेत्रों में व्यापक कार्य किए जा रहे हैं, जिससे देश के युवाओं को नए अवसर प्राप्त होंगे।

इस अवसर पर सांसद आशीष दुबे, महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू, विधायक अभिलाष पाण्डेय, नगर निगम अध्यक्ष रिकुंज विज, भाजपा जबलपुर प्रभारी आलोक संजर, महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष अश्विनी परांजपे, जबलपुर विकास प्राधिकरण अध्यक्ष संदीप जैन, जबलपुर विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष प्रशांत केशरवानी, प्रदेश भाजपा कोषाध्यक्ष अखिलेश जैन, भाजपा जिला अध्यक्ष रत्नेश सोनकर, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष आत्मिका सिंह, सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## कॉम्बिग गशत: 5 घंटे चली बदमाशों, वारंटियों की धरपकड़

**जबलपुर।** शहर से लेकर ग्रामीण अंचल की पुलिस ने गुंडे बदमाशों, वारंटियों की धरपकड़ की। पांच घंटे चली कॉम्बिंग गशत के दौरान कई वर्षों से फरार 113 गैर म्यादी वारंटियों एवं 74 गिरफ्तारी वारंट तामील किए गए। 36 जमानती वारंट भी तामील किए गए है। अधिकांश आरोपी लंबे समय से पुलिस से बचते फिर रहे थे, जिन्हें गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है। अवैध शराब कारोबारियों के ठिकानों पर दबिश देते हुये 22 आरोपियों को गिरफ्तार कर 19 लीटर कच्ची तथा 1427 पाव देशी, अंग्रेजी शराब तथा 33 बॉटल अंग्रेजी शराब जप्त की गयी है। इसके साथ ही कांबिंग गस्त के दौरान सक्रिय गुंडे बदमाशों को चेक करते हुए देर रात आने जाने वालों से रोक-टोक पूछताछ एवं रेलवे स्टेशन तथा बस स्टैंड के साथ-साथ मुसाफिरखाना में संदिग्ध व्यक्तियों, वाहनों की चेकिंग की गई।

## तिघरा डैम में एमबीबीएस के दो छात्र गहरे पानी में डूबे, एक का शव मिला, दूसरे की तलाश जारी

**ग्वालियर।** मध्य प्रदेश के ग्वालियरगजराराजा मेडिकल कॉलेज के दो मेडिकल छात्र शनिवार शाम तिघरा डैम में डूब गए। देर रात तक चले रेस्क्यू ऑपरेशन में एक छात्र का शव बरामद कर लिया गया, जबकि दूसरे छात्र की तलाश जारी है।



यह हादसा शनिवार शाम करीब 7 बजे तिघरा डैम के कच्ची पार क्षेत्र में हुआ, जहां आम लोगों की आवाजाही प्रतिबंधित है। बताया जा रहा है कि दोनों छात्र डैम के किनारे पानी में उतरे थे। इसी दौरान उनका संतुलन बिगड़ गया और वे 40 से 50 फीट गहरे पानी में डूब गए। जानकारी के अनुसार, मेडिकल कॉलेज के आठ छात्र-छात्राओं का समूह तिघरा डैम घूमने और पिकनिक मनाने पहुंचा था। समूह में चार छात्राएं और चार छात्र शामिल थे। सभी बोट क्लब से लगभग तीन किलोमीटर दूर कच्ची पार क्षेत्र में गए थे। इसी दौरान सेकेंड ईयर के छात्र आयुष श्रीवास्तव, निवासी मुजफ्फरपुर (बिहार) और गोपाल अग्रवाल, निवासी बीना (सागर) पानी के करीब चले गए। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक दोनों का पैर फिसल गया, जिससे वे संतुलन खो बैठे और देखते ही देखते गहरे पानी में समा गए। काफी देर तक दोनों के वापस नहीं लौटने पर साथियों ने उनकी तलाश शुरू की। खोजबीन के दौरान डैम के पथरीले किनारे पर दोनों छात्रों के जूते और कपड़े सलीके से रखे मिले। यह देखकर साथी छात्रों के होश उड़ गए और तत्काल पुलिस को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही तिघरा थाना पुलिस, सीएसपी कृष्णपाल सिंह और थाना प्रभारी शिवराम सिंह कंषाना पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। एसडीआरएफ और स्थानीय गोताखोरों की टीम को तुरंत रेस्क्यू ऑपरेशन में लगाया गया।

**रातभर चला रेस्क्यू ऑपरेशन-** डैम की अत्यधिक गहराई, कीचड़ और चट्टानी संरचना के कारण राहत एवं बचाव कार्य में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। देर रात तक बोट और हाई-पावर सर्च लाइट की मदद से सर्चिंग जारी रही। रेस्क्यू टीम ने देर रात गोपाल अग्रवाल का शव बरामद कर लिया, जबकि आयुष श्रीवास्तव का अब तक कोई सुराग नहीं मिल सका है। रविवार को भी एसडीआरएफ और गोताखोरों की टीम तलाश अभियान में जुटी रही।

**परिजनों को दी गई सूचना-** सीएसपी कृष्णपाल सिंह ने बताया कि घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस और एसडीआरएफ की संयुक्त टीम मौके पर पहुंच गई थी। दोनों छात्रों के परिजनों को सूचना दे दी गई है। प्रशासन की निगरानी में सर्च ऑपरेशन लगातार जारी है। इस हृदयविदारक हादसे ने मेडिकल कॉलेज परिसर में शोक की लहर दौड़ा दी है।

## अतावितृ चचाई में 660 मेगावाट सुपरक्रिटिकल इकाई का मुख्य बॉयलर क्षेत्र में उत्खनन कार्य प्रारंभ

**अनूपपुर।** मध्य प्रदेश के अनूपपुर जिले में स्थित अमरकंटक ताप विद्युत गृह, चचाई में मध्य प्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी लिमिटेड द्वारा प्रदेश की विद्युत उत्पादन क्षमता को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने के उद्देश्य से स्थापित की जा रही नई 660 मेगावाट क्षमता की सुपरक्रिटिकल ताप विद्युत इकाई के निर्माण कार्य में तेजी लाई जा रही है। परियोजना के सबसे महत्वपूर्ण हिस्से मुख्य बॉयलर क्षेत्र में भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड की टीम द्वारा रविवार को उत्खनन कार्य का शुभारंभ किया गया। यह कार्य परियोजना को मूर्त रूप देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण निर्माण मील का पत्थर माना जा रहा है।



उल्लेखनीय है कि इस महत्वाकांक्षी परियोजना के प्रारंभिक चरण में अमरकंटक ताप विद्युत गृह की परियोजना टीम द्वारा उल्लेखनीय प्रयास करते हुए स्विच यार्ड क्षेत्र के बे-1 से बे-5 तक की भूमि को रिकॉर्ड समय में खाली कराकर समतलीकरण एवं अन्य साइट विकास संबंधी कार्य पूरे किए गए। इन प्रयासों के परिणामस्वरूप निर्धारित समय-सीमा के अंतर्गत निर्माण गतिविधियों को गति प्रदान करना संभव हो सका। पुरानी एवं बंद हो चुकी इकाइयों के स्थान पर स्थापित की जा रही यह 660 मेगावाट क्षमता की अत्याधुनिक सुपरक्रिटिकल इकाई उच्च दक्षता वाली तथा पर्यावरणीय दृष्टि से अधिक अनुकूल तकनीक पर आधारित होगी।

**परियोजना के निर्माण चरण की प्रथम प्रमुख उपलब्धि-** कार्यपालक निदेशक (उत्पादन) तनवीर अहमद ने कहा की मुख्य बॉयलर क्षेत्र में उत्खनन कार्य की शुरूआत परियोजना के निर्माण चरण की प्रथम प्रमुख उपलब्धियों में से एक है। आगामी चरणों में बॉयलर एवं अन्य महत्वपूर्ण संरचनाओं की नींव निर्माण एवं कंक्रीट कार्य किए जाएंगे। इसके पश्चात बॉयलर स्टील संरचना की स्थापना, टरबाइन-जनरेटर भवन निर्माण, प्रमुख उपकरणों की स्थापना, विद्युत प्रणालियों एवं सहायक सुविधाओं के कार्य तथा अंत में इकाई का परीक्षण एवं सफल कमीशनिंग किया जाएगा।

**भेल कर रहा परियोजना का क्रियान्वयन-** मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी द्वारा इस परियोजना के निर्माण, परीक्षण एवं सफल संचालन के लिए भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड को अनुबंध के अंतर्गत निर्धारित समय-सीमा में संपूर्ण कार्य संपादित कर जून 2030 तक परियोजना हस्तांतरित करने की जिम्मेदारी दी गई है। सितंबर 2025 में जारी नोटिफिकेशन ऑफ अवार्ड के उपरांत सप्लाई, इरेक्शन एवं सिविल कार्यों से जुड़े सभी तकनीकी एवं संविदात्मक पहलुओं पर दोनों संस्थाओं के मध्य विस्तृत सहमति स्थापित की जा चुकी है।

गौरतलब है कि हाल ही में मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी की एक और महत्वाकांक्षी परियोजना सतपुड़ा ताप विद्युत गृह, सारनी में निमार्णाधीन 660 मेगावाट सुपरक्रिटिकल इकाई ने भी महत्वपूर्ण प्रगति दर्ज की है, जहां 10 जून को मुख्य बॉयलर क्षेत्र में प्रथम पीसीसी (प्लेन सीमेंट कंक्रीट) पोर का कार्य प्रारंभ किया गया। कंपनी की दोनों महत्वपूर्ण परियोजनाएं निर्धारित निर्माण चरणों के अनुरूप तीव्र गति से आगे बढ़ रही हैं। इन दोनों आधुनिक सुपरक्रिटिकल परियोजनाओं की निरंतर प्रगति मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी की समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निर्माण के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाती है। कंपनी का लक्ष्य निर्धारित समय-सीमा से पूर्व परियोजनाओं को पूर्ण कर प्रदेश को अतिरिक्त विद्युत उत्पादन क्षमता उपलब्ध कराना है, जिससे वर्ष 2030 तक मध्यप्रदेश की ऊर्जा आवश्यकताओं को और अधिक सुदृढ़ आधार मिल सके।

# सरकार का उद्देश्य खेती को लाभकारी बनाना और किसानों की आय में निरंतर वृद्धि करना: शिवराज

## केन्द्रीय कृषि मंत्री ने विदिशा जिले के ग्राम बेरखेड़ी जैतू में किया कृषि विज्ञान केन्द्र का भूमिपूजन




**विदिशा।** केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि कृषि विज्ञान केन्द्र किसानों और वैज्ञानिकों के बीच सेतु का कार्य करते हैं। यहां किसानों को आधुनिक खेती, उन्नत बीज, नवीन कृषि तकनीकों, फसल संरक्षण, जैविक खेती तथा कृषि आधारित उद्यमों की जानकारी उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य खेती को लाभकारी बनाना और किसानों की आय में निरंतर वृद्धि करना है।

केन्द्रीय कृषि मंत्री चौहान रविवार को मध्य प्रदेश विदिशा जिले के ग्राम बेरखेड़ी जैतू में कृषि विज्ञान केन्द्र (केवीके) के भूमिपूजन कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने विधिवत पूजन-अर्चन कर इस केन्द्र के निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। इस अवसर पर प्रदेश के कृषि मंत्री ऐदल सिंह कंषाना, राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा, अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी और बड़ी संख्या में कृषकगणों के अलावा अन्य मौजूद रहे।केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि कृषि विज्ञान केन्द्र के स्थापित होने से विदिशा जिले के किसानों को वैज्ञानिक मार्गदर्शन स्थानीय स्तर पर प्राप्त होगा। इससे नई तकनीकों का तेजी से प्रसार होगा और किसान आधुनिक कृषि पद्धतियों को अपनाकर उत्पादन एवं उत्पादकता बढ़ा सकेंगे। उन्होंने किसानों से खेती में नवाचारों को अपनाने और वैज्ञानिक सलाह के अनुरूप कार्य करने का आह्वान किया।

केंद्रीय कृषि मंत्री ने कहा कि यह कार्यक्रम भीड़ जुटाने या भाषण देने के लिए नहीं, बल्कि किसानों की ट्रेनिंग के लिए हैं। यहाँ आए किसान किसी बस या गाड़ी से भरकर नहीं लाए गए, जो सीखना चाहता है वह अपने साधन से आया है, इसलिए मंचीय औपचारिकताओं की जगह सीधी क्लास होगी। यहाँ बैठे हर किसान को विद्यार्थी माना जाए, जिनके लिए वैज्ञानिक अपनी बात सीमित शब्दों में रखेंगे और फिर सीधे खेत में ले जाकर मशीनों और नई तकनीक का प्रदर्शन किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि यहां बनने वाला यह कृषि विज्ञान केंद्र 49 एकड़ जमीन पर देश का मॉडल होगा, जहाँ इसी खरीफ सीजन से प्रदर्शन प्लॉटों पर आधुनिक तरीके से खेती शुरू होगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि बिल्डिंग का इंतजार किए बिना खेत पर काम तुरंत शुरू होगा, किसान को आँखों से दिखाकर सिखाया जाएगा, सिर्फ सुनाकर नहीं। इस केवीके से केन्द्रीय कृषि संस्थानों के नेटवर्क की रिसर्च सीधे विदिशाझअंचल के किसानों तक मोबाइल, डेमो और प्रशिक्षण के जरिए पहुंचाई जाएगी।

# जबलपुर में विश्व हिन्दू परिषद, बजरंग दल का त्रिशूल दीक्षा कार्यक्रम, निकली भव्य शौर्य यात्रा



**जबलपुर।** विश्व हिन्दू परिषद एवं बजरंग दल, महाकौशल प्रांत के जबलपुर विभाग द्वारा रविवार को मानस भवन में त्रिशूल दीक्षा कार्यक्रम एवं वृहद शौर्य यात्रा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में युवाओं, कार्यकर्ताओं और श्रद्धालुओं ने भाग लिया। आयोजन के दौरान हिन्दू एकता, संगठन और सांस्कृतिक जागरूकता पर जोर दिया गया। कार्यक्रम में केंद्रीय मार्गदर्शन मंडल के सदस्य स्वामी परमानंद महाराज विशेष रूप से उपस्थित रहे।

उन्होंने अपने संबोधन में युवाओं से धर्म, राष्ट्र और संस्कृति की रक्षा के लिए सजग एवं समर्पित रहने का आह्वान किया। मुख्य वक्ता क्षेत्र संगठन मंत्री जितेन्द्र सिंह पवार ने समाज के संगठन, सेवा, सुरक्षा और संस्कार के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि संगठित और जागरूक समाज ही राष्ट्र की वास्तविक शक्ति होता है। वहीं बजरंग दल के क्षेत्र संयोजक विश्ववर्धन भट्ट ने युवाओं से संगठनात्मक गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी निभाने और समाज व राष्ट्रहित के कार्यों से जुड़ने की अपील की।त्रिशूल दीक्षा कार्यक्रम के बाद मानस भवन से शौर्य यात्रा निकाली गई।

यात्रा शहर के विभिन्न प्रमुख मार्गो से होकर पुनः मानस भवन पहुंचकर संपन्न हुई। यात्रा के दौरान भगवा ध्वज, जयघोष और धार्मिक नारों से वातावरण उत्साहपूर्ण बना रहा।आयोजकों के अनुसार यात्रा मार्ग पर विभिन्न स्थानों पर नागरिकों ने पुष्पवर्षा कर स्वागत किया।

बड़ी संख्या में लोगों ने यात्रा में शामिल होकर हिन्दू एकता और संगठन के प्रति समर्थन व्यक्त किया।

# विकसित भारत का संकल्प सभी के सहयोग से होगा पूर्ण : जितिन प्रसाद

**जबलपुर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विकसित भारत - 2047 जो संकल्प लिया है यह प्रधानमंत्री का और सरकार का नहीं बल्कि 140 करोड़ देशवासियों का संकल्प है और इस संकल्प की पूर्ति हेतु सभी को साथ आना होगा और समाज के प्रत्येक वर्ग को अपनी सक्रिय भूमिका निभानी होगी, विगत 12 वर्षों की विकास यात्रा को लेकर हम आपके बीच आये है यह केवल हमारी सरकार की उपलब्धिया नहीं बल्कि विकसित भारत का रोड मेप है। यह बात केंद्रीय वाणिज्य, उद्योग एवं आईटी राज्य मंत्री जितिन प्रसाद ने प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर रविवार को मध्य प्रदेश के जबलपुर में संभागीय भाजपा कार्यालय रानीताल में आयोजित विकसित भारत संकल्प सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए कही। लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह, सांसद आशीष दुबे, राज्यसभा सांसद सुमित्रा वाल्मीकी, प्रदेश कोषाध्यक्ष अखिलेश जैन, जिला अध्यक्ष रत्नेश सोनकर, जिला प्रभारी आलोक संजर, महापौर जगतबहादुर सिंह, विधायक अशोक रोहाणी, अभिलाष पांडे, जेडीए अध्यक्ष संदीप जैन, महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष अश्वनी पराँजपे, प्रदेश संयोजक संदीप रजक, प्रदेश प्रवक्ता डॉ वाणी अहलुवालिया, नगर निगम अध्यक्ष रिंकू विज की उपस्थिति में विकसित भारत संकल्प सम्मलेन पार्टी कार्यालय में आयोजित किया गया जिसमे जबलपुर के प्रबुद्ध जन शामिल हुए।केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग राज्य मंत्री जतिन प्रसाद ने जबलपुर आगमन पर भाजपा द्वारा आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में सहभागिता की।

केंद्रीय राज्य मंत्री जितिन प्रसाद ने संकल्प सम्मलेन को सम्बोधित करते हुए कहा विगत 12 वर्ष में भारत को नई दिशा, नई ऊर्जा देने का कार्य हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया है। पुरे विश्व में आज स्थितियाँ विपरीत है, चुनौती पूर्ण माहौल है उसके बाद भी हमारा भारत स्थिर खड़ा है और आने वाले किसी भी संकट का का सामना और समाधान करने में सक्षम है और यह सब इसीलिए संभव हुआ है क्योंकि आपके आशीर्वाद और सहयोग से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आज एक पूर्ण बहुमत स्थिर सरकार है, जनमत मोदी के साथ है। सशक्त नेतृत्व और सक्षम सरकार होने से ही भारत आज विश्व भर की चुनौतीयों के बाद भी हर मामले में स्थिर खड़ा है। उन्होंने कहा आने वाले 20 वर्षों के लिए नींव आज रखी जा रही है आपको बताना चाहता हूँ आज जो नीतियां केंद्र सरकार बना रही हैं वह 2047 में विकसित भारत के लिए रोड मेप तैयार हो रहा है. विश्व के विकसित देश जो भारत से ना बात करना चाहते थे ना ही भारत की वस्तुओं को देखना नहीं चाहते थे पर आज परिस्थितियां बदली है मोदी जी का नेतृत्व आने के बाद विकसित से विकसित देश हमारे साथ करार रहे है और हम भी वर्ल्ड क्लास वस्तुओं को दुनिया को बेच रहे है।

### दूसरे चरण में 1 लाख 82 हजार से अधिक विद्यार्थियों ने लिया विभिन्न कॉलेजों में प्रवेश

**भोपाल।** मध्य प्रदेश में उच्च शिक्षा विभाग द्वारा संचालित ई-प्रवेश प्रक्रिया के अंतर्गत द्वितीय चरण के अंतिम दिन तक प्रदेश के विभिन्न महाविद्यालयों में एक लाख 82 हजार 473 विद्यार्थियों ने प्रवेश प्राप्त कर लिया है। जनसम्पर्क अधिकारी राजेश दाहिमा ने रविवार को जानकारी देते हुए बताया कि द्वितीय चरण में अब तक 86 हजार 679 विद्यार्थियों ने प्रवेश लिया है, जिनमें 64 हजार 535 विद्यार्थी स्नातक तथा 22 हजार 141 स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों के विद्यार्थी हैं। इससे पूर्व प्रथम चरण में 72 हजार 477 विद्यार्थियों ने स्नातक तथा 17 हजार 463 विद्यार्थियों ने स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में प्रवेश प्राप्त किया था। अब तक कुल प्रवेशित विद्यार्थियों में 1 लाख 37 हजार 12 विद्यार्थी स्नातक पाठ्यक्रमों, 39 हजार 607 विद्यार्थी स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों तथा 5 हजार 854 विद्यार्थी एनसीटीई पाठ्यक्रमों में प्रवेश ले चुके हैं।उन्होंने बताया कि एनसीटीई पाठ्यक्रमों के प्रथम चरण में आवंटित विद्यार्थियों के लिए प्रवेश शुल्क जमा करने की अंतिम तिथि 15 जून निर्धारित है।

# मोदी सरकार के 12 वर्ष: सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के नए कीर्तिमान स्थापित हुए- डॉ. महेन्द

**भोपाल/शाजापुर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के सेवा, सुशासन एवं गरीब कल्याण के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रभारी डॉ. महेन्द्र सिंह ने रविवार को शाजापुर जिले में लाभार्थियों, समाजसेवियों एवं व्यवसायियों से संवाद कर विकसित भारत संकल्प सम्मेलन को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के क्षेत्र में नए कीर्तिमान स्थापित किए हैं तथा ׅसबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयासׅ के मंत्र को धरातल पर उतारते हुए देश को विकास की नई दिशा दी है।

कार्यक्रम से पूर्व डॉ. महेन्द्र सिंह ने देवास जिले में मां तुलजा भवानी एवं मां चामुंडा माता के दर्शन-पूजन किए। उन्होंने ह्यएक पेड़ मां के नामह्न अभियान के तहत पौधरोपण भी किया तथा टेलीतुताई स्थित 200 मेगावाट सोलर पावर प्लांट का अवलोकन किया। सम्मेलन को संबोधित करते हुए डॉ. महेन्द्र सिंह ने कहा कि आज देश का प्रत्येक नागरिक आत्मनिर्भर भारत के संकल्प के साथ विकसित भारत-2047 के लक्ष्य को साकार करने के लिए प्रतिबद्ध है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत ने विकास, सुशासन और जनकल्याण के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं। कार्यक्रम को इंदौर महापौर पुष्यमित्र भार्गव एवं भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ. रवि पाण्डेय ने भी संबोधित किया।डॉ. महेन्द्र सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत राष्ट्रीय सुरक्षा, विकास और वैश्विक प्रतिष्ठा के क्षेत्र में नए प्रतिमान स्थापित कर रहा है। आज का नया भारत अपनी संप्रभुता और राष्ट्रीय सुरक्षा के मुद्दों पर किसी भी प्रकार का समझौता नहीं करता। सर्जिकल स्ट्राइक, एयर स्ट्राइक और ऑपरेशन सिंदूर जैसी निर्णायक कार्रवाइयों ने दुनिया को भारत की दृढ़ इच्छाशक्ति और सामर्थ्य का परिचय कराया है। उन्होंने कहा कि देश में एक्सप्रेस-वे, रेलवे, मेट्रो, हवाई अड्डों और डिजिटल कनेक्टिविटी का अभूतपूर्व विस्तार हो रहा है, जो विकसित भारत की मजबूत नींव तैयार कर रहा है। भारत आज केवल विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र ही नहीं, बल्कि एक सक्षम, निर्णायक और दूरदर्शी नेतृत्व वाला राष्ट्र बनकर उभरा है।

प्रदेश प्रभारी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश ने अपनी सांस्कृतिक विरासत और गौरवशाली परंपराओं को पुनर्स्थापित करने का कार्य किया है। नई शिक्षा नीति के माध्यम से भारतीय ज्ञान परंपरा और आधुनिक शिक्षा के बीच प्रभावी समन्वय स्थापित किया गया है। उन्होंने कहा कि अयोध्या में भगवान श्रीराम के भव्य मंदिर का निर्माण केवल आस्था का विषय नहीं, बल्कि भारत की सांस्कृतिक चेतना और राष्ट्रीय स्वाभिमान का प्रतीक है। विकसित भारत-2047 का संकल्प केवल सरकार का कार्यक्रम नहीं, बल्कि 140 करोड़ देशवासियों का सामूहिक राष्ट्रीय अभियान है।डॉ. महेन्द्र सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत वैश्विक मंचों पर प्रभावशाली भूमिका निभा रहा है। अंतरराष्ट्रीय निर्णयों और वैश्विक मुद्दों पर भारत की भागीदारी लगातार मजबूत हुई है। लोकतांत्रिक संस्थाओं के प्रति सम्मान, पारदर्शी शासन व्यवस्था और जनभागीदारी आधारित विकास मॉडल ने देश को नई दिशा प्रदान की है।उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 के बाद देश ने राजनीतिक स्थिरता, निर्णायक नेतृत्व और विकासोन्मुखी शासन का नया दौर देखा है। आत्मनिर्भर भारत अभियान के माध्यम से देश विकास की नई ऊंचाइयों को छू रहा है और विश्व की अग्रणी अर्थव्यवस्थाओं में अपनी मजबूत पहचान बना चुका है।

# सामुदायिक सुरक्षा शिविरों से बदल रही ज़िंदगी

## पुलिस ने स्वास्थ्य, शिक्षा, रोजगार और कौशल विकास को दी नई दिशा



**भोपाल।** सृजन बालिका सुरक्षा महासम्मेलन' के माध्यम से मध्य प्रदेश पुलिस बच्चों और किशोरों की सुरक्षा को व्यापक सामाजिक सशक्तिकरण से जोड़ते हुए कार्य कर रही है। इस पहल का उद्देश्य केवल अपराधों से संरक्षण सुनिश्चित करना नहीं, बल्कि बच्चों एवं युवाओं के स्वस्थ, शिक्षित, आत्मनिर्भर और सुरक्षित भविष्य के निर्माण के लिए आवश्यक सहयोग एवं अवसर उपलब्ध कराना भी है। इसी दृष्टिकोण के साथ महासम्मेलन में सुरक्षा के साथ-साथ स्वास्थ्य, शिक्षा, रोजगार एवं कौशल विकास को विशेष प्राथमिकता दी गई। जनसंपर्क अधिकारी राजेश दाहिमा ने रविवार को जानकारी देते हुए बताया कि महासम्मेलन के दौरान आरकेडीएफ मेडिकल कॉलेज एवं चिकित्सालय की महत्वपूर्ण सहभागिता रही। संस्थान के लगभग 30 विशेषज्ञ चिकित्सकों के दल द्वारा 300 से अधिक किशोर-किशोरियों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। स्वास्थ्य शिविर में सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण के साथ किशोर स्वास्थ्य, पोषण, मानसिक स्वास्थ्य, एनीमिया, व्यक्तिगत स्वच्छता तथा विभिन्न स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं पर विशेषज्ञ परामर्श प्रदान किया गया। चिकित्सकों ने किशोरों से संवाद करते हुए उन्हें संतुलित आहार, नियमित व्यायाम, मानसिक स्वास्थ्य की देखभाल, नशे से दूरी, सोशल मीडिया एवं स्क्रीन टाइम के संतुलित उपयोग तथा तनाव प्रबंधन जैसे विषयों पर जागरूक किया। बालिकाओं एवं बालकों को यह भी प्रेरित किया गया कि वे स्वास्थ्य संबंधी किसी भी समस्या को छिपाने के बजाय अपने अभिभावकों, शिक्षकों एवं चिकित्सकों से खुलकर चर्चा करें।

महासम्मेलन में युवाओं के भविष्य निर्माण को ध्यान में रखते हुए आईटीआई, कौशल विकास संस्थानों एवं रोजगार मार्गदर्शन विशेषज्ञों द्वारा विशेष करियर काउंसलिंग एवं कौशल विकास सत्र आयोजित किए गए। इसमें विद्यार्थियों को विभिन्न तकनीकी एवं व्यावसायिक पाठ्यक्रमों, रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण, स्वरोजगार के अवसरों, स्टार्टअप संभावनाओं तथा शासन की कौशल विकास योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों को उनकी रुचि, योग्यता एवं क्षमताओं के अनुरूप करियर चयन के संबंध में व्यक्तिगत मार्गदर्शन भी प्रदान किया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि सामुदायिक पुलिसिंग का उद्देश्य केवल कानून-व्यवस्था बनाए रखना नहीं, बल्कि समाज के बच्चों और युवाओं को ऐसा सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराना है, जिसमें वे स्वस्थ, शिक्षित, जागरूक और आत्मनिर्भर नागरिक के रूप में विकसित हो सकें। इसी सोच के तहत सुरक्षा, स्वास्थ्य, शिक्षा और कौशल विकास जैसे महत्वपूर्ण आयामों को एक मंच पर जोड़ने का अभिनव प्रयास किया गया है।महासम्मेलन में स्वास्थ्य विशेषज्ञों, शिक्षाविदों, सामाजिक संगठनों, स्वयंसेवी संस्थाओं, कौशल विकास विशेषज्ञों तथा पुलिस विभाग की संयुक्त सहभागिता ने यह संदेश दिया कि बच्चों का सुरक्षित, स्वस्थ और सशक्त भविष्य केवल सरकारी प्रयासों से नहीं, बल्कि पूरे समाज की सामूहिक जिम्मेदारी और सहभागिता से सुनिश्चित किया जा सकता है।सृजन केवल सुरक्षा का अभियान नहीं, बल्कि सुरक्षित, स्वस्थ, शिक्षित और आत्मनिर्भर युवा पीढ़ी के निर्माण का एक सामाजिक संकल्प बनकर उभर रहा है।

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मुरैना में हुई रेल दुर्घटना पर दुख व्यक्त किया

**भोपाल।** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रविवार को मुरैना जिले में हुई रेल दुर्घटना पर दुख व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने रेल हादसे में यात्रियों की असामयिक मृत्यु पर शोक व्यक्त करते हुए शोकाकुल परिजन के प्रति संवेदना प्रकट की है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बाबा महाकाल से दिवंगत आत्मा को शांति देने की प्रार्थना और घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की है।उल्लेखनीय है कि मुरैना जिले के हेतमपुर स्टेशन के पास उदयपुर इंटरसिटी एक्सप्रेस में आग लगने की अफवाह फैलने के बाद घबराए यात्रियों ने जीवन रक्षा के उद्देश्य से ट्रेन से छलांग लगा दी। दुर्भाग्य से वे इस दौरान दूसरी पटरी पर आ रही पातालकोट एक्सप्रेस की चपेट में आ गए।कटनी सड़क दुर्घटना पर जताया शोकमुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कटनी जिले में लमतरा ब्रिज के पास हुई सड़क दुर्घटना में बस यात्रियों की मृत्यु पर दुख व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने राज्य सरकार की ओर से मृतकों के परिजन को 4-4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान करने और दुर्घटना में घायल यात्रियों के समुचित इलाज और गंभीर रूप से घायल एक यात्री को 1 लाख रुपए आर्थिक सहायता देने के निर्देश दिए हैं।

# मध्य भारत में अधिकतम स्थानों पर शाखा लगाएंगे स्वयंसेवक

## मध्य भारत प्रान्त की दो दिवसीय बैठक का आयोजन

**भोपाल।** मध्य भारत प्रान्त में संघ का कार्य अपेक्षा के अनुरूप बढ़ रहा है। शताब्दी वर्ष में संघ कार्य की वृद्धि को और गति मिली है। वर्तमान में कुल 1730 मंडल संघकार्य युक्त हैं ।वहीं, मध्यभारत प्रान्त में एक वर्ष में शाखाओं की संख्या भी बढ़ी है। पिछले वर्ष प्रान्त में कुल 3674 शाखाएं लग रही थीं, जो बढ़कर 3957 हो गयी हैं। आगामी वर्ष तक 5000 से अधिक शाखाओं का लक्ष्य है। भोपाल स्थित शारदा विहार में 13-14 जून को आयोजित राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, मध्य भारत प्रान्त की प्रान्त बैठक में यह जानकारी प्रान्त कार्यवाह हेमंत सेठिया ने दी।उल्लेखनीय है कि उक्त बैठक में प्रान्त में संघ कार्य की स्थिति और शताब्दी वर्ष के कार्यक्रमों की समीक्षा की गयी। प्रान्त बैठक में प्रान्त कार्यकारिणी, विभाग कार्यकारिणी और जिला टोली शामिल रहती है। इस प्रकार लगभग 514 दायित्ववान कार्यकर्ता बैठक में शामिल रहे। इस अवसर पर प्रान्त संघचालक अशोक पांडेय एवं सह-प्रान्त संघचालक डॉ. राजेश सेठी भी उपस्थित रहे। बैठक के प्रारंभ में दिवंगत कार्यकताओं एवं सामाजिक कार्यकताओं के प्रति मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई।प्रान्त कार्यवाह हेमंत सेठिया ने कहा कि संघ शताब्दी वर्ष के अंतर्गत विजयादशमी उत्सव, प्रमुखजन गोष्ठी, व्यापक गृह संपर्क अभियान और सद्भाव बैठकों का आयोजन हो चुका है। अब युवाओं के कार्यक्रम और अधिकतम स्थानों पर अधिकतम शाखा लगाने की तैयारी है। बैठक में इन दोनों कार्यक्रमों को लेकर चर्चा की गई।उन्होंने बताया कि शताब्दी वर्ष के निमित्त व्यापक गृह संपर्क अभियान में संघ के लगभग 80 हजार स्वयंसेवक, 27 लाख 46 हजार 780 घरों तक पहुंचे। इसके साथ ही प्रान्त के 15890 ग्रामों में भी संघ का विचार लेकर स्वयंसेवक पहुंचे।इसी प्रकार, मंडल-बस्ती स्तर पर हिन्दू सम्मेलनों का आयोजन किया गया। ये आयोजन समाज की सज्जनशक्ति के सहयोग से किये गए। समाज की सज्जनशक्ति ही हिन्दू सम्मेलनों में नेतृत्व की भूमिका में रही। प्रान्त में 1569 मंडल और सभी 759 बस्तियों में हुए हिन्दू सम्मेलनों में लगभग 52 लाख 62 हजार 289 नागरिक शामिल हुए, जिनमें मातृशक्ति की संख्या 27 लाख 30 हजार 656 रही।नगर एवं खंड स्तर पर हुई सामाजिक सद्भाव बैठकों में भी अपेक्षित परिणाम मिला है। प्रान्त की 200 इकाई में से 178 इकाई पर ये बैठकें सम्पन्न हुईं, जिनमें 9775 लोग शामिल हुए। इसमें महिलाओं की संख्या 702 रही। वहीं, 193 स्थानों पर प्रमुखजन गोष्ठी का आयोजन किया गया, जिनमें 17494 लोग शामिल हुए। इनमें 2084 महिलाएं शामिल रहीं।

प्रान्त कार्यवाह ने इस दौरान यह भी बताया कि पिछले वर्ष तक कुल 2448 सेवा कार्य प्रांत में चल रहे थे, इस वर्ष यह संख्या 3100 हो गई। वहीं, 385 सेवा कार्य शाखाओं द्वारा चल रहे हैं। प्रांत में कुल 1013 सेवा बस्ती हैं, जिसमें 970 सेवा कार्ययुक्त हो गई हैं। संघ शिक्षा वर्गों में संघ कार्य का प्रशिक्षण ःउल्लेखनीय है कि संघकार्य की समझ बढ़ाने एवं कार्यकताओं के व्यक्तित्व विकास की दृष्टि से संघ प्रतिवर्ष संघशिक्षा वर्गों को आयोजन करता है। इस वर्ष तीन दिवस के 171 प्रारंभिक वर्ग आयोजित किए गए, जिनमें 7641 स्वयंसेवक शामिल हुए।

### दो बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत पति-पत्नी सहित छह घायल

**राजगढ़।** मध्य प्रदेश के राजगढ़ जिले के मलावर थाना क्षेत्र में रविवार देर शाम ग्राम आगर जोड़ के पास दो तेज रफ्तार बाइकों की आमने- सामने टक्कर हो गई। हादसे में दोनों बाइकों पर सवार छह लोग घायल हो गए। जानकारी के अनुसार मलावर-आगर मार्ग पर यह दुर्घटना उस समय हुई जब दोनों बाइकें आमने-सामने आ गईं। एक बाइक पर नालियाखेड़ी निवासी रामस्वरूप(32)पुत्र रंगलाल प्रजापति, उनकी पत्नी कविता प्रजापति (30) तथा उनके 15 व 13 साल के दो बच्चे सवार थे। टक्कर में चारों घायल हो गए। दूसरी बाइक पर मलावर निवासी मोहन (40) पुत्र नन्नूलाल गुर्जर निवासी गुंजारी थाना मलावर और तेजसिंह पुत्र अमानसिंह गुर्जर सवार थे, जिन्हें भी गंभीर चोटें आईं।

# अमरकंटक ताप विद्युत गृह में 660 मेगावाट सुपरक्रिटिकल इकाई निर्माण कार्य को मिली नई गति

## मुख्य बॉयलर क्षेत्र में उत्खनन कार्य प्रारंभ



**भोपाल।** मध्य प्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी लिमिटेड (एमपीपीजीसीएल) द्वारा प्रदेश की विद्युत उत्पादन क्षमता को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने के उद्देश्य से अमरकंटक ताप विद्युत गृह, चचाई में स्थापित की जा रही नई 660 मेगावाट क्षमता की सुपरक्रिटिकल ताप विद्युत इकाई के निर्माण कार्य में तेजी लाई जा रही है। कार्यपालक निदेशक (उत्पादन) तनवीर अहमद ने रविवार को जानकारी देते हुए बताया कि परियोजना के सबसे महत्वपूर्ण हिस्से मुख्य बॉयलर क्षेत्र में भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (बीएचईएल) की टीम द्वारा उत्खनन कार्य शुरू कर दिया है। उल्लेखनीय है कि इस महत्वाकांक्षी परियोजना के प्रारंभिक चरण में अमरकंटक ताप विद्युत गृह की परियोजना टीम द्वारा उल्लेखनीय प्रयास करते हुए स्विच यार्ड क्षेत्र के बे-1 से बे-5 तक की भूमि को रिकॉर्ड समय में खाली कराकर समतलीकरण एवं अन्य साइट विकास संबंधी कार्य पूरे किए गए। इन प्रयासों के परिणामस्वरूप निर्धारित समय-सीमा के अंतर्गत निर्माण गतिविधियों को गति प्रदान करना संभव हो सका। पुरानी एवं बंद हो चुकी इकाइयों के स्थान पर स्थापित की जा रही यह 660 मेगावाट क्षमता की अत्याधुनिक सुपरक्रिटिकल इकाई उच्च दक्षता वाली तथा पर्यावरणीय दृष्टि से अधिक अनुकूल तकनीक पर आधारित होगी। कार्यपालक निदेशक (उत्पादन) तनवीर अहमद ने बताया कि मुख्य बॉयलर क्षेत्र में उत्खनन कार्य की शुरूआत परियोजना के निर्माण चरण की प्रथम प्रमुख उपलब्धियों में से एक है।

आगामी चरणों में बॉयलर एवं अन्य महत्वपूर्ण संरचनाओं की नींव निर्माण एवं कंक्रीट कार्य किए जाएंगे। इसके पश्चात बॉयलर स्टील संरचना की स्थापना, टरबाइन-जनरेटर भवन निर्माण, प्रमुख उपकरणों की स्थापना, विद्युत प्रणालियों एवं सहायक सुविधाओं के कार्य तथा अंत में इकाई का परीक्षण एवं सफल कमीशनिंग किया जाएगा।उन्होंने बताया कि मध्य प्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी द्वारा इस परियोजना के निर्माण, परीक्षण एवं सफल संचालन के लिए भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड को अनुबंध के अंतर्गत निर्धारित समय-सीमा में संपूर्ण कार्य संपादित कर जून 2030 तक परियोजना हस्तांतरित करने की जिम्मेदारी दी गई है। सितंबर 2025 में जारी नोटिफिकेशन ऑफ अवार्ड (एनओए) के उपरांत सप्लाई, इरेक्शन एवं सिविल कार्यों से जुड़े सभी तकनीकी एवं संविदात्मक पहलुओं पर दोनों संस्थाओं के मध्य विस्तृत सहमति स्थापित की जा चुकी है। गौरतलब है कि हाल ही में मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी की एक और महत्वाकांक्षी परियोजना सतपुड़ा ताप विद्युत गृह, सारनी में निमार्णाधीन 660 मेगावाट सुपरक्रिटिकल इकाई ने भी महत्वपूर्ण प्रगति दर्ज की है, जहां 10 जून को मुख्य बॉयलर क्षेत्र में प्रथम पीसीसी (प्लेन सीमेंट कंक्रीट) पोर का कार्य प्रारंभ किया गया। कंपनी की दोनों महत्वपूर्ण परियोजनाएं निर्धारित निर्माण चरणों के अनुरूप तीव्र गति से आगे बढ़ रही हैं।

इन दोनों आधुनिक सुपरक्रिटिकल परियोजनाओं की निरंतर प्रगति मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी की समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निर्माण के प्रति प्रतिबद्धता को दशार्ती है। कंपनी का लक्ष्य निर्धारित समय-सीमा से पूर्व परियोजनाओं को पूर्ण कर प्रदेश को अतिरिक्त विद्युत उत्पादन क्षमता उपलब्ध कराना है, जिससे वर्ष 2030 तक मध्यप्रदेश की ऊर्जा आवश्यकताओं को और अधिक सुदृढ़ आधार मिल सके।

# अपनों से दूर होते ट्रम्प

वर्तमान समय में अमेरिकी राजनीति का सबसे चर्चित विषय राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प का अपने समर्थकों, सहयोगियों और आंतरिक वृत्त से बढ़ता हुआ दूरी का रिश्ता है। जो नेता 2024 में 'मेक अमेरिका ग्रेट अगेन' के नारे के साथ भारी जनसमर्थन के साथ वापसी कर रहे थे, आज उसी आधार को खोते नजर आ रहे हैं। ईरान युद्ध, एपस्टीन फाइल्स, 'नाटो' सहयोगियों से तनाव और घरेलू नीतियों पर उठते सवाल ट्रम्प को उनके 'अपनों' से अलग कर रहे हैं। यह न केवल व्यक्तिगत पतन की कहानी है, बल्कि लोकतंत्र में सत्ता के अहंकार की चेतावनी भी। ट्रम्प का दूसरा कार्यकाल शुरू होते ही विदेश नीति में आक्रामकता दिखाई दी। ईरान के साथ संघर्ष, स्ट्रेट ऑफ होर्मुज को लेकर सहयोगियों पर दबाव और बिना पर्याप्त परामर्श के सैन्य कार्रवाई ने 'मेक अमेरिका ग्रेट अगेन' आधार को बांट दिया। जो समर्थक 'अमेरिका फर्स्ट' और 'कोई विदेशी युद्ध नहीं' के वादे पर वोट दिए थे, वे अब ट्रम्प को नेपोलियन की तरह महसूस कर रहे हैं। टकर कार्लसन, मेगन केली और माजोरी टेलर ग्रीन जैसी हस्तियां, जो कभी ट्रम्प की सबसे मजबूत आवाज थीं, अब खुलकर आलोचना कर रही हैं। 'किसी को विदेशी देश के लिए नहीं मरना चाहिए' जैसी बातें 'मेक अमेरिका ग्रेट अगेन' शिविर में गूंज रही हैं। घरेलू मोर्चे पर स्थिति और खराब है। एपस्टीन फाइल्स को लेकर वादा पूरा न करने से 'अमेरिकी कॉन्स्पिरेसी थ्योरी' और हार्डकोर समर्थकों में गुस्सा है। कई रिपब्लिकन सांसद और पूर्व सहयोगी अब ट्रम्प की 'लोकलुभावन नीतियों' से दूरी बना रहे हैं। अप्रूवल रेटिंग में गिरावट स्पष्ट संकेत है कि आधार टूट रहा है। ट्रम्प जो कभी 'जनता का आदमी' कहलाते थे, आज अपने फैसलों से उसी जनता से अलगाव महसूस कर रहे हैं। यह अलगाव अकेला नहीं है। 'नाटो' सहयोगी, यूरोपीय दक्षिणपंथी नेता और यहां तक कि कुछ गल्फ देश भी ट्रम्प की 'बेपरवाह' वाली सोच से नाराज हैं। ट्रम्प का मानना है कि सहयोगी 'भुगतान' करें, लेकिन अंतरराष्ट्रीय संबंध केवल लेन-देन नहीं होते। परिणामस्वरूप अमेरिका अपनी सॉफ्ट पावर खो रहा है और ट्रम्प अपने 'अपनों' से दूर होते जा रहे हैं। पूरी दुनिया दृष्टि से यह चिंताजनक है। लोकतंत्र में नेता को सत्ता की बजाय जनता की सेवा करनी चाहिए। ट्रम्प का अहंकार उन्हें याद नहीं दिला रहा कि सत्ता अस्थायी है, लेकिन विश्वास स्थायी। जब नेता अपने समर्थकों की आवाज अनसुनी करने लगते हैं, तो इतिहास उन्हें अकेला छोड़ देता है। रिचर्ड निक्सन से लेकर कई उदाहरण हैं जहां सत्ता का नशा 'अपनों' को दूर कर गया। ट्रम्प को अभी भी समय है। यदि वे अपने मूल वादों-सीमा सुरक्षा, आर्थिक सुधार और अनावश्यक युद्धों से बचाव–की ओर लौटें तो आधार फिर जुड़ सकता है। लेकिन यदि 'मैं सही हूं, बाकी सब गलत' वाली मानसिकता जारी रही, तो 2026 के मिडटर्म और आगे की राह कठिन होगी। किसी भी देश में राजनीति व्यक्तिगत नहीं, सामूहिक होती है। राष्ट्रपति ट्रम्प यदि अपने 'अपनों' को फिर से जोड़ना चाहते हैं तो उन्हें अहंकार त्यागना होगा। अन्यथा इतिहास उन्हें एक ऐसे नेता के रूप में याद रखेगा जो सत्ता के शिखर पर पहुंचकर भी अपने लोगों से दूर हो गया। अमेरिका और विश्व दोनों के लिए यह सबक है, कि सत्ता जनता की होती है, नेता केवल उसका अस्थायी संरक्षक।

## प्रगति के लिए !


कृष्णेन्द्र राय

सुकून की जरूरत है जैसे ।
प्रगति के लिए ।।
ट्रंप से छुटकारा चाहिए ।
शांति के लिए ।।
वक्त के हाथों में ।
सबकी तकदीरें हैं ।।
बयान ना सच्चा है ।
झूठी तस्वीरें हैं ।।
जहां ट्रंप है, वहा दर्द है ।
विश्व के लिए बना ये ।
सरदर्द है ।।
कोई ना जाने मगर ।
ट्रंप की यही नीति है...
मंजिलें ना हासिल हैं ।
थोड़ी अभी दूरी है ।।
बिन मिले तेल के ।
कहानी अधूरी है ।।
मिलेगा जरूर ।
पथ पर अग्रसर ।।
तनहा कटेगा ना ।
तेल बिन सफर ।।
मेरा सपना तेल है ।
तेल पर ही नजर...

## सूडोकु नवताल- 7826

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | | | | 8 | | | | 9 |
| | | | | | | | | |
| | | 8 | 6 | | 9 | 5 | | |
| 6 | 5 | | | 4 | | | 7 | 1 |
| | 4 | | | | | | 2 | |
| 1 | 2 | | | 6 | | | 9 | 8 |
| | | 6 | 4 | | 5 | 8 | | |
| | | | | | | | | |
| 9 | | | | 1 | | | | 7 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -7825 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 2 | 4 | 3 | 9 | 7 | 5 | 1 | 6 |
| 3 | 5 | 6 | 1 | 4 | 2 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | 9 | 7 | 6 | 5 | 8 | 2 | 3 | 4 |
| 9 | 6 | 2 | 5 | 8 | 3 | 1 | 4 | 7 |
| 5 | 3 | 1 | 4 | 7 | 9 | 8 | 6 | 2 |
| 4 | 7 | 8 | 2 | 1 | 6 | 9 | 5 | 3 |
| 2 | 8 | 3 | 9 | 6 | 1 | 4 | 7 | 5 |
| 6 | 1 | 5 | 7 | 2 | 4 | 3 | 9 | 8 |
| 7 | 4 | 9 | 8 | 3 | 5 | 6 | 2 | 1 |

# तृणमूल कांग्रेस : क्षेत्रीय दलों के 'अवसान' की कड़ी में एक और नाम


तनवीर जाफरी

**तृणमूल कांग्रेस की स्थापना 1 जनवरी 1998 को तत्कालीन केन्द्रीय रेल मंत्री ममता बनर्जी ने की थी। उन्होंने पश्चिम बंगाल की कांग्रेस शाखा से विद्रोह कर इस दल की स्थापना की थी। 2009 के लोकसभा चुनावों में बंगाल से 19 सीटें जीतकर यह देश की छठी सबसे बड़ी पार्टी बनी जबकि 2019 में 22 सीटें जीतकर देश की चौथी सबसे बड़ी पार्टी बन गयी।**

2024 में भी तृणमूल कांग्रेस ने 29 सीटें जीतीं। परन्तु मात्र 28 वर्षों की राजनैतिक यात्रा तय कर पिछले दिनों विधानसभा चुनाव में पार्टी की करारी हार के बाद तृणमूल कांग्रेस ताश के पत्तों की तरह ढहती दिखाई दी। इसके लगभग 20 लोकसभा सांसदों, 3 राज्यसभा सांसदों व 58 विधायकों ने पार्टी छोड़ विद्रोह कर गये हैं। यह तृणमूल कांग्रेस के 28 साल के इतिहास में सबसे गंभीर राजनैतिक संकट है। अब खबरें यहाँ तक आ रही हैं कि जिस कांग्रेस पार्टी द्वारा पाली पोसी गयी तेज तर्रार नेता ममता बनर्जी ने उसी कांग्रेस से विद्रोह करते हुये उसे राज्य में तबाह कर अपना अलग राजनैतिक दल कायम किया था, संभवतः वही ममता अब पुनः अपने बचे खुचे दल व साथियों सहित कांग्रेस की शरण में जाने का सम्मानजनक रास्ता तलाश कर रही हैं। तृणमूल कांग्रेस के पतन में जहाँ अनेक राजनैतिक कारण, चुनावी प्रक्रिया आदि की बातें की जा रही हैं वहीं इसके पीछे का सबसे प्रमुख कारण ममता बनर्जी के भतीजे अभिषेक बनर्जी के प्रति पार्टी के अनेक वरिष्ठ नेताओं की नाराजगी बताई जा रही है। तो क्या अब तृणमूल कांग्रेस भी परिवारवाद की भेंट चढ़े देश के अनेक क्षेत्रीय दलों की सूची में शामिल हो गया है ? तृणमूल कांग्रेस की ही तरह भारतीय राजनीति में अनेक क्षेत्रीय राजनैतिक दल परिवारवाद (वंशवाद) या विरासत की दावेदारी के चलते समाप्त हो गये, टूट गये या उनमें मतभेद सामने आये। उदाहरण के तौर पर महाराष्ट्र की शिवसेना में उद्धव ठाकरे व राज ठाकरे के बीच में 2005-2006 गहरी राजनीतिक दरार पड़ी। जिसका मुख्य कारण शिवसेना के भीतर सत्ता संघर्ष और उत्तराधिकारी की लड़ाई था । उद्धव, बाल ठाकरे के बेटे हैं जबकि राज ठाकरे,बाल ठाकरे के भाई के बेटे यानी सगे भतीजे। चूंकि राज,बाल ठाकरे के सबसे



करीबी सहयोगी थे इसलिये उन्हीं को बाल ठाकरे के राजनीतिक उत्तराधिकारी के तौर पर देखा जाता था, लेकिन अंतिम दिनों में बाल ठाकरे ने अपने बेटे उद्धव को आगे बढ़ाया और राज को उद्धव का उत्तराधिकारी के रूप में तैयार किया जाना नहीं भाया और शिवसेना में पहला बड़ा विघटन हो गया और महाराष्ट्र नव निर्माण सेना मनसे के नाम से नया दल वजूद में आया जिसने शिवसेना को भारी नुकसान पहुँचाया।

इसी तरह इंडियन नेशनल लोक दल जिसके संस्थापक चौधरी देवी लाल थे,की विरासत उनके पुत्र ओम प्रकाश चौटाला ने संभाली आगे चलकर उनके दोनों पुत्रों अजय चौटाला व अभय सिंह चौटाला के बीच विरासत संभालने को लेकर हुये मतभेद में पार्टी दो हिस्सों बंटकर कमजोर गयी। इसी तरह उत्तर प्रदेश में मुलायम सिंह यादव द्वारा गठित समाजवादी पार्टी में पहले तो 2016 - 17 के बीच मुलायम सिंह यादव (पिता) और अखिलेश यादव (पुत्र) के बीच मुख्य मंत्री के पद व टिकट बंटवारे को लेकर गहरे मतभेद उभरे। बाद में अखिलेश के चचेरे भाई शिवपाल यादव ने राष्ट्रीय समाजवादी पार्टी नामक एक नई पार्टी बना डाली। एक समय में तो सपा में तीन गुट बन गए थे। गोया सपा को भी परिवारवाद की आंच झेलनी पड़ी। उधर पंजाब में प्रकाश सिंह बादल के पुत्र सुखबीर बादल के शिरोमणि अकाली दल का अध्यक्ष बनने के बाद पार्टी का अवसान' शुरू हो गया। इसी तरह आर जे डी संस्थापक लालू यादव अपने पुत्र तेजस्वी यादव के मोह में कई वरिष्ठ सहयोगी खो बैठे। तेजस्वी यादव के भाई तेज प्रताप यादव के बीच तथा और आगे चलकर सभी बहनों के बीच विरासत का घमासान देखने को मिला। निश्चित रूप से इन सब से पार्टी कमजोर हुई और लोगों में इस पारिवारिक सिर फुटव्वल का गलत सन्देश गया।

इसी तरह एनटी रामाराव द्वारा स्थापित तेलगू देशम पार्टी पर कभी उनकी दूसरी पत्नी लक्ष्मी पर्वती ने अपना अधिकार जमाना चाहा तो कभी दामाद चंद्रबाबू नायडू ने दल पर अधिकार जमाने की सफल कवायद की। महाराष्ट्र में ही शरद पवार के परिवार में उनकी बेटी व भतीजे के बीच पार्टी विरासत को लेकर चले घमासान और पार्टी विघटन से सभी वाकिफ हैं। मायावती भी पार्टी को वन मैन शो की तरह चला रही हैं और परिवारवाद की भावनाओं का शिकार होकर अपने भाई आनंद कुमार के बेटे यानी अपने भतीजे आकाश आनंद को आगे कर रही हैं। उत्तराधिकार के विवाद की चपेट में आर एल डी व ए,डी एम के व ए आई डी एम के भी आ चुकी है। गोया देश के अधिकांश राजनैतिक दल परिवारवाद या विरासत के कारण उठे मतभेदों के चलते अवसान की ओर जा चुके हैं। परन्तु यह सब जानने के बावजूद बड़े से बड़े यहाँ तक कि दूसरे दलों पर परिवारवाद का ठप्पा लगाने वाले नेता भी परिवारवाद से मुक्त नहीं पाते। जैसे अभी नितीश कुमार को ही देख लीजिये। बिहार की सत्ता छोड़ते छोड़ते अपने ऐसे बेटे को स्वास्थ मंत्री बनवा गये जिसके अपने स्वास्थ को लेकर बिहार की जनता चिंतित है। परन्तु पुत्र मोह से बढ़कर आखिर क्या है ? इसी तरह भाजपा के दर्जनों नेता जिन्होंने जीवन हर कांग्रेस पार्टी पर परिवारवादी होने का आरोप लगाया वे अपने बेटों पोतों या भाई भतीजों को अपनी राजनैतिक विरासत सौंप चुके हैं।

रहा सवाल नेहरू गाँधी परिवार को लेकर कांग्रेस पर निशाना साधने का तो यह महज एक प्रोपेगंडा मात्र है। कांग्रेस की नेहरू गाँधी परिवार को नहीं बल्कि कांग्रेस को नेहरू गाँधी परिवार की जरुरत है। देश के लोग जानते हैं कि इस परिवार ने आजादी के संघर्ष से लेकर आज तक देश के लिये कितनी कुर्बानियां दी हैं और देश के विकास में क्या योगदान रहा है। लोकतंत्र की वर्तमान दयनीय होती स्थिति में भी क्षेत्रीय दलों की खामोशी के बावजूद कांग्रेस पार्टी जिसतरह संघर्षरत है उसमें भी नेहरू गाँधी परिवार के सदस्यों की ही अहम भूमिका है। दूसरी ओर परिवारवाद के चलते या विरासत की जंग में अनेक क्षेत्रीय दलों का पतन होता जा रहा है। क्षेत्रीय दलों के 'अवसान' की कड़ी में अब तृणमूल कांग्रेस का नाम भी शामिल हो गया है।

ये लेखक के अपने विचार हैं तरुणमित्र का इससे सहमत होना आवश्यक नहीं है।

# इज्जत की जिंदगी से मोहताज होते बुजुर्ग


बाल मुकुन्द ओझा

देश और दुनिया में हर साल 15 जून, विश्व बुजुर्ग दुर्व्यवहार जागरूकता दिवस के तौर पर मनाया जाता है। इस दिन को मनाने का उद्देश्य बुजुर्ग के साथ होने वाले दुर्व्यवहार की तरफ लोगों का ध्यान आकर्षित कर उन्हें जागरूक करना और इसे रोकने के प्रयास करना।

बुजुर्गों के साथ होने वाले दुर्व्यव्हार और अन्याय पर रोकथाम के लिए यह दिवस मनाने का निर्णय किया गया था। हमारे देश में बुजुर्गों को अपने ही घर में प्रताड़ित होने के समाचार निश्चय ही दिल दहलाने वाले है। आश्चर्य की बात तो यह है इन्हें प्रताड़ित करने वाले कोई दूसरे नहीं अपने ही है। इनमें लाखों बुजुर्गों ने अदालतों में अपने ही लोगों के खिलाफ न्याय की गुहार की है। ये बुजुर्ग अपनी बची खुची जिंदगी बिना - विघ्न बाधा परिवारजनों के साथ काटना चाहते है। संयुक्त राष्ट्र के मुताबिक दुनिया में हर 6 में से 1 बुजुर्ग के साथ दुर्व्यवहार होता है, जो सभ्य



समाज के लिए शर्मनाक है। समाज के दो तिहाई से अधिक बुजुर्गों का कहना है कि वे घर में बच्चों समेत परिवार के सदस्यों के हाथों उत्पीड़न, अपमान और दुर्व्यवहार का सामना करते हैं। एक गैर सरकारी संगठन ने 5 हजार बुजुर्गों पर किए गए सर्वेक्षण के आधार पर यह निष्कर्ष निकाला है। रिपोर्ट के अनुसार जिन बुजुर्गों से बातचीत की गयी, उनमें दो तिहाई से अधिक ने कहा कि घर में परिवार के लोग, बच्चे , रिश्तेदार या अन्य उन्हें झिड़कते हैं, उनके साथ दुर्व्यवहार करते हैं या उनका अपमान करते हैं। रिपोर्ट के अनुसार ज्यादातर बुजुर्गों (करीब 77 प्रतिशत) का कहना है कि उन्हें अपने मानवाधिकारों की जानकारी नहीं है तथा उनसे जब बुरा बर्ताव किया जाने लगता है तो वे उसका विरोध नहीं करते हैं और ऐसे में यह एक पैटर्न (चलन) बन जाता है।

सीनियर सिटीजन एक्ट 2007 बुजुर्गों को दो विशेष अधिकार देता है। पहला-अगर संतान गुजर-बसर के लिए खर्च नहीं देते हैं तो बुजुर्ग कानूनन उनसे प्रतिमाह भत्ता लेने के लिए कोर्ट जा सकते हैं। दूसरा-बच्चे बुजुर्गों को घर से नहीं निकाल सकते हैं। जबकि बुजुर्गों को यह अधिकार है कि वे परेशान करने पर बालिग संतान को घर छोड़ने के लिए बाध्य कर सकते हैं। इसके लिए बुजुर्ग को एसडीएम से शिकायत करनी होगी या कोर्ट जाना होगा। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय के आंकड़ों के मुताबिक देश में साल 2021 में बुजुर्गों की संख्या 13.8 करोड़ पर पहुंच गयी है। इनमें 6.7 करोड़ पुरुष और 7.1 करोड़ महिलाएं शामिल हैं। बुजुर्गों की आबादी बढ़ने की वजह मृत्यु दर में कमी आना बताई गई है। इस अध्ययन में 60 वर्ष या उससे अधिक उम्र वाले लोगों को बुजुर्ग माना गया है।

सांख्यिकी अध्ययन में कहा गया है कि 2011 में भारत में बुजुर्गों की आबादी 10.38 करोड़ थी, जिसमें 5.28 करोड़ पुरुष और 5.11 करोड़ महिलाएं शामिल थीं। वही साल 2031 में बुजुर्गों की संख्या 19.38 करोड़ पर पहुंचने का अनुमान है। बुजुर्गों की बढ़ती आबादी के मधे नजर यह देखना भी जरुरी है की बुजुर्ग आज किस स्थिति में अपना जीवन यापन कर रहे है। बुजुर्ग देश और समाज के लिए एक समस्या है या गौरव है। बुजुर्गों की बढ़ती संख्या देखकर खुशी होती है की व्यक्ति की औसत आयु में वृद्धि हो रही है मगर बुजुर्गों की उपेक्षा को देखकर दुःख भी होता है। हर एक को याद रखना चाहिए की बुढ़ापा एक दिन सब को आएगा। जिस दिन यह सच्चाई हम स्वीकार कर लेंगे उस दिन समाज बुजुर्गों की इज्जत और सम्मान करना सीख लेंगा।

विश्व में बुजुर्गों की संख्या लगभग 60 करोड़ है। संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष की एक रिपोर्ट के मुताबिक, भारत में प्रत्येक पांच में से एक बुजुर्ग अकेले या अपनी पत्नी के साथ जीवन व्यतीत कर रहा है। यानी वह परिवार नामक संस्था से अलग रहने को विवश है। ऐसे बुजुर्गों में महिलाओं की संख्या ज्यादा है। अशिक्षित बुजुर्गों की हालत और भी ज्यादा दयनीय है। अधिकतर बुजुर्ग डिप्रेशन, आर्थराइटिस, डायबिटीज एवं आंख संबंधी बीमारियों से ग्रस्त हैं और महीने में औसतन 15 दिन बीमार रहते हैं। सबसे ज्यादा परेशानी उन वरिष्ठ नागरिकों को होती है, जिनके पास आय का कोई स्त्रोत नहीं है। हेल्पेज इंडिया द्वारा जारी एक रिपोर्ट बताती है कि देश के लगभग 10 करोड़ वरिष्ठ नागरिकों में से पांच करोड़ से भी ज्यादा बुजुर्ग आए दिन भूखे पेट सोते हैं। देश की कुल आबादी का आठ फीसदी हिस्सा अपने जीवन की अंतिम वेला में सिर्फ भूख नहीं, बल्कि कई तरह की समस्याओं का शिकार है।

ये लेखक के अपने विचार हैं तरुणमित्र का इससे सहमत होना आवश्यक नहीं है।

# विदेशी धरती पर भारतीयों की हत्या : सिर्फ विरोध नहीं, निर्णायक कार्रवाई की जरूरत


डॉ. मयंक चतुर्वेदी

ब्रिटेन के लंदन स्थित साउथॉल क्षेत्र में 26 वर्षीय भारतीय मूल के युवक गुरभेज सिंह की चाकू मारकर हत्या ने एक बार फिर विदेशों में रह रहे भारतीयों की सुरक्षा को लेकर गंभीर प्रश्न खड़े कर दिए हैं। इस हमले के बाद ब्रिटिश पुलिस ने जांच शुरू कर दी है, कुछ लोगों को हिरासत में भी लिया गया, लेकिन अधिकांश को बाद में छोड़ दिया गया। यह स्थिति वास्वत में उस बढ़ती चिंता का हिस्सा है जिसमें विदेशों में भारतीय मूल के लोगों पर नस्लीय, सांप्रदायिक और हिंसक हमलों की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं।

पिछले कुछ वर्षों में कनाडा, अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, ब्रिटेन और अन्य देशों में भारतीयों के खिलाफ हिंसा और नस्लीय हमलों के अनेक मामले सामने आए हैं। इन घटनाओं का एक बड़ा हिस्सा ऐसा है जिसमें पीड़ितों को न्याय नहीं मिल पाया या फिर आरोपी आसानी से कानून के शिकंजे से बाहर निकल गए। इससे विदेशों में बसे भारतीय समुदाय के भीतर असुरक्षा की भावना और अधिक गहरी हुई है। भारतीय संसद में प्रस्तुत आंकड़े बताते हैं कि वर्ष 2018 से 2025 के बीच केवल कनाडा में 17 भारतीय छात्रों की हिंसक घटनाओं में मृत्यु हुई। संयुक्त राज्य अमेरिका में ऐसे नौ मामले दर्ज हुए। इसके अतिरिक्त ऑस्ट्रेलिया, किर्गिस्तान, ब्रिटेन, जर्मनी, चीन, डेनमार्क और ग्रेनाडा जैसे देशों में भी भारतीय नागरिक हिंसा का शिकार बने। वर्ष 2014 से 2025 के बीच विदेशों में भारतीयों पर नस्लीय हमलों के कुल 90 मामले दर्ज किए गए, जिनमें सर्वाधिक 40 मामले कनाडा से सामने आए। अमेरिका और जर्मनी भी इस सूची में प्रमुख स्थान रखते हैं। यदि व्यापक दृष्टि से देखा जाए तो स्थिति और भी गंभीर प्रतीत होती है। वर्ष 2021 से 2023 के बीच विदेशों में 28 हजार से अधिक भारतीयों की मृत्यु हुई, जिनमें 136 मौतें सीधे हिंसक घटनाओं से जुड़ी थीं। वर्ष 2023 में भारतीयों पर 86 हमले दर्ज किए गए, जबकि 2022 में यह संख्या 57 और 2021 में 29 थी। वर्ष 2025 के मध्य तक यह आंकड़ा 100 के पार पहुंच चुका था। यह वृद्धि देखा जाए तो एक ऐसे संकट का संकेत है जो भारतीय समुदाय की वैश्विक सुरक्षा से जुड़ा हुआ है। विदेशों में भारतीयों के साथ आज सिर्फ हिंसा ही नहीं हो रही, बल्कि श्रमिक शोषण की घटनाएं भी भयावह स्तर पर पहुंच चुकी हैं। विदेश मंत्रालय के अनुसार वर्ष 2021 से 2025 के बीच भारतीय दूतावासों और मिशनों को शोषण, दुर्व्यवहार और रोजगार संबंधी 80,985 शिकायतें प्राप्त हुईं। संयुक्त अरब अमीरात, कुवैत, ओमान और सऊदी अरब से सबसे अधिक शिकायतें दर्ज की गईं। इन शिकायतों में वेतन न मिलना, पासपोर्ट जब्त कर लेना, अत्यधिक काम करवाना, ओवरटाइम का भुगतान न करना, छुट्टियां न देना, कंपनियों का अचानक बंद हो जाना और श्रमिकों को स्वदेश लौटने के लिए आवश्यक अनुमति तक न देना जैसी गंभीर समस्याएं शामिल हैं। ब्रिटेन में ही कुछ समय पहले दो बुजुर्ग सिख टैक्सी चालकों सतनाम सिंह और जसबीर सांघा पर नस्लीय हमला हुआ था। हमलावरों ने उन्हें गालियां दीं, जमीन पर गिराया और मारपीट की। सतनाम सिंह की पगड़ी तक उतार दी गई, जिसे उन्होंने अपनी अस्मिता पर गहरा आघात बताया। इसी प्रकार ऑस्ट्रेलिया के जिलॉन्ग शहर में हरमनप्रीत सिंह को नस्लीय टिप्पणी का सामना करना पड़ा और बाद में उन पर शारीरिक हमला किया गया, जिससे उनकी नाक की हड्डी टूट गई। अमेरिका में भी भारतीयों के खिलाफ हिंसा के मामले लगातार सामने आ रहे हैं। हैदराबाद के युवा छात्र अंशुल कुंचा की हत्या इसका एक दर्दनाक उदाहरण है। पढ़ाई का खर्च उठाने के लिए पिज्जा डिलीवरी का कार्य कर रहे अंशुल को कथित रूप से एक सुनियोजित साजिश के तहत सुनसान स्थान पर बुलाया गया और सिर में गोलियां मारकर हत्या कर दी गई। उनके परिवार का आरोप है कि यह सामान्य अपराध नहीं, बल्कि पूर्व नियोजित हमला था। इन घटनाओं के बीच ओमान तट और होर्मुज जलडमरूमध्य क्षेत्र में हुए सैन्य तनाव में तीन भारतीय नाविकों की मृत्यु ने भी भारत की चिंता बढ़ा दी है। चाहे कारण अलग-अलग हों, लेकिन हर घटना में जान गंवाने वाला भारतीय नागरिक ही है। ऐसे में यह प्रश्न स्वाभाविक है कि विश्व के विभिन्न देशों में भारतीयों की सुरक्षा को लेकर भारत की कूटनीतिक रणनीति कितनी प्रभावी है और उसे और अधिक मजबूत बनाने की दिशा में क्या कदम उठाए जा रहे हैं?

भारत आज विश्व की सबसे बड़ी आबादी वाला देश है। उसके नागरिक शिक्षा, व्यापार, तकनीक, चिकित्सा और श्रम के क्षेत्र में दुनिया के लगभग हर हिस्से में अपनी प्रतिभा का योगदान दे रहे हैं। विदेशों में रहने वाले करोड़ों भारतीय भारत की आर्थिक, सांस्कृतिक और वैश्विक शक्ति के महत्वपूर्ण प्रतिनिधि हैं। ऐसे में उनकी सुरक्षा राष्ट्रीय सम्मान और प्रतिष्ठा का भी प्रश्न है। हालांकि यह सच है कि भारत सरकार और विदेश मंत्रालय समय-समय पर इन घटनाओं पर चिंता व्यक्त करते हैं, संबंधित देशों से संवाद करते हैं और पीड़ित परिवारों को सहायता उपलब्ध कराते हैं, किंतु अब परिस्थितियां औपचारिक विरोध या संवेदना प्रकट करने से आगे बढ़ चुकी हैं। आवश्यकता इस बात की है कि भारत उन देशों के साथ उच्चस्तरीय और परिणामोन्मुख वार्ता करे, जहां भारतीयों पर हमलों की घटनाएं बढ़ रही हैं। ऐसे मामलों की त्वरित जांच, दोषियों को कठोर दंड और पीड़ित परिवारों को न्याय सुनिश्चित करने के लिए ठोस तंत्र विकसित किया जाना चाहिए। भारत को अपने सभी प्रमुख द्विपक्षीय संबंधों में प्रवासी भारतीयों की सुरक्षा को एक महत्वपूर्ण एजेंडा बनाना होगा। भारतीय दूतावासों को और अधिक सक्रिय, सशक्त तथा जवाबदेह बनाया जाना चाहिए ताकि संकट की स्थिति में भारतीय नागरिकों को तुरंत सहायता मिल सके। साथ ही, नस्लीय घृणा और भारतीयों के विरुद्ध हिंसा के मामलों को अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भी प्रभावी ढंग से उठाने की आवश्यकता है।

आज करोड़ों भारतीयों की अपेक्षा केंद्र की मोदी सरकार से यही है कि वह विदेशों में रह रहे अपने नागरिकों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दे। जिन देशों में भारतीय लगातार हमलों का शिकार हो रहे हैं, वहां चिंता व्यक्त करने के बजाय ठोस कूटनीतिक दबाव बनाया जाए। दोषियों को दंडित कराने, पीड़ित परिवारों को न्याय दिलाने और भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए हर संभव कदम उठाया जाए, क्योंकि किसी भी राष्ट्र की शक्ति दुनिया के किसी भी कोने में रह रहे उसके नागरिकों की सुरक्षा और सम्मान से भी मापी जाती है।

जैसा कि सभी के सामने है-ओमान के तट और होर्मुज जलडमरूमध्य में तनाव के बीच हुए मिसाइल हमलों में 3 भारतीय नाविकों की मौत अमेरिकी बलों द्वारा वाणिज्यिक जहाजों पर की गई कार्रवाई के दौरान हुई।

ये लेखक के अपने विचार हैं तरुणमित्र का इससे सहमत होना आवश्यक नहीं है।

## आज का राशिफल

**मेष**- कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश सफल होगी।

**वृष**- मांगलिक कार्यक्रमों का आयोजन होगा। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। कारोबारी काम में बाधा उभरने से मानसिक अशांति बनी रहेगी।

**मिथुन**- स्वास्थ्य लाभ में समय और धन व्यय होगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी।

**कर्क**- पर-प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। आलस्य का त्याग करें। कारोबारी काम में नवीन तालमेल बन जाएगा।

**सिंह**- कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है।

**कन्या**- पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान-पान में सावधानी रखें। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी।

**तुला**- शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। खान-पान में सावधानी रखें। व्यापार में प्रगति होगी। अधीनस्त लोगों से कम सहयोग मिलेगा।

**वृश्चिक**- जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। आलस्य का त्याग करें। पुरुषार्थ का सहारा लें। कार्यसिद्धि होने में देर नहीं लगेगी।

**धनु**- मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा।

**मकर**- समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा।

**कुम्भ**- हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात दूर हो जाएगी। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। साथ ही आगे के लिए रास्ता भी बन जाएगा। धार्मिक स्थलों की यात्रा का योग।

**मीन**- व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा।

पं0 सुभाष पाण्डेयः हस्तरेखा विशेषज्ञ, मो. 8808052918

# युवा खिलाड़ियों की उपलब्धियां बढ़ा रही छत्तीसगढ़ का गौरव : मुख्यमंत्री

## अंडर-18 एशिया कप विजेता हॉकी खिलाड़ी अवि मानिकपुरी ने मुख्यमंत्री साय से की सौजन्य भेंट



**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से आज रविवार को राजधानी रायपुर स्थित मुख्यमंत्री निवास कार्यालय में भारतीय अंडर-18 हॉकी टीम के एशिया कप विजेता सदस्य अवि मानिकपुरी ने सौजन्य मुलाकात की। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री अरुण साव भी उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री साय ने अवि मानिकपुरी को अंडर-18 एशिया कप में भारत की ऐतिहासिक विजय में महत्वपूर्ण योगदान के लिए हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ के युवा खिलाड़ी अपनी प्रतिभा, अनुशासन और कड़ी मेहनत के बल पर राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीयस्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर प्रदेश और देश का नाम रोशन कर रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने अवि मानिकपुरी को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वे इसी समर्पण और लगन के साथ आगे बढ़ते रहें तथा आने वाले समय में भारतीय हॉकी को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं। उन्होंने कहा कि अवि की उपलब्धि प्रदेश के युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत है और यह साबित करती है कि अवसर और संकल्प मिलने पर छत्तीसगढ़ की प्रतिभाएं विश्व मंच पर अपनी पहचान बना सकती हैं। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि राज्य सरकार खेल और खिलाड़ियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने तथा खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। प्रदेश में खेल अधोसंरचना के विकास और खिलाड़ियों को आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराने के प्रयासों से युवाओं को अपनी प्रतिभा निखारने के नए अवसर मिल रहे हैं। उल्लेखनीय है कि बिलासपुर निवासी अवि मानिकपुरी भारत के उभरते हुए हॉकी खिलाड़ियों में शामिल हैं। उन्होंने हाल ही में जापान में आयोजित अंडर-18 एशिया कप प्रतियोगिता में भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व करते हुए उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। भारतीय टीम ने पूरे टूर्नामेंट में शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किया, जिसमें अवि मानिकपुरी की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### यात्रियों की सुरक्षा के लिए रेलवे स्टेशन में होगा फॉयर सेफ्टी ऑडिट

**कोरबा।** रेलवे स्टेशनों पर सुरक्षा व्यवस्था को और बेहतर बनाने के लिए भारतीय रेल फायर सेफ्टी ऑडिट कराएगी। इसके तहत स्टेशनों पर मौजूद अग्नि सुरक्षा इंतजामों की जांच की जाएगी और जहां भी सुधार की जरूरत होगी, वहां जरूरी कदम उठाए जाएंगे, ताकि यात्रियों और रेलवे संपत्तियों की सुरक्षा को और बेहतर बनाया जा सके।

ऑडिट के तहत स्टेशन भवनों, इलेक्ट्रिकल सिस्टम, एयर कंडीशनिंग और वेंटिलेशन सिस्टम, इमरजेंसी एग्जिट, फायर फाइटिंग सिस्टम, पानी की उपलब्धता, पंपिंग और स्प्रिंकलर सिस्टम समेत सभी महत्वपूर्ण सुरक्षा व्यवस्थाओं की जांच की जाएगी। इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि रेलवे स्टेशन आग जैसी किसी भी आपात स्थिति से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार हों। ऑडिट के दौरान यह भी जांच की जाएगी कि स्टेशनों पर लागू सभी फायर सेफ्टी और सुरक्षा मानकों का पालन हो रहा है या नहीं। जहां भी कोई कमी पाई जाएगी, वहां सुरक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए आवश्यक सुधारात्मक कदम तुरंत उठाए जाएंगे। स्टेशनों की जांच के लिए विभिन्न विभागों की संयुक्त टीमें बनाई जाएंगी। आवश्यकता होने पर विशेषज्ञ एजेंसियों और राज्य फायर विभाग का सहयोग भी लिया जाएगा। जहां सुधार की जरूरत होगी, वहां प्राथमिकता के आधार पर जरूरी कदम उठाए जाएंगे, ताकि सुरक्षा व्यवस्था को और बेहतर बनाया जा सके।

# टैंकर व ट्रक की भिड़त में दो वाहन के चालक घायल



**जगदलपुर।** जिले के बस्तर थाना क्षेत्र अंतर्गत नेशनल हाईवे 30 में कोसा सेंटर के सामने आज रविवार सुबह 5 बजे तेज रफ्तार टैंकर व ट्रक की आमने-सामने की भिड़त हो गई। हादसे में टैंकर व ट्रक दोनों के चालक घायल हो गये।

इस घटना से लंबा जाम लग गया। घटना की सूचना मिलते ही डायल 112 की मदद से बस्तर थाना पुलिस ने घायल दोनों चालकों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बस्तर में उपचार के लिए भर्ती करवाया गया। हादसे के बाद सड़क पर यातायात पूरी तरह बाधित हो गया था। पुलिस और ग्रामीणों की मदद से क्षतिग्रस्त ट्रकों को हटाकर सड़क मार्ग को बहाल किया गया।

बस्तर पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार आज सुबह एक ट्रक जगदलपुर से रायपुर की ओर जा रहा था, जबकि टैंकर रायपुर की ओर से जगदलपुर की ओर आ रहा था। बस्तर के कोसा सेंटर के पास जैसे ही दोनों गाड़िया आई, अचानक से दोनों वाहन चालकों के नियंत्रण बिगड़ गया और आमने-सामने भिड़त हो गई। इस घटना में ट्रक चालक फंस गया। आस-पास के लोगों ने पुलिस को सूचना दिया। जिसके बाद पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद दोनों घायलों को बेहतर उपचार के लिए स्वास्थ्य केंद्र भेजा, वहीं सड़क के बीचो-बीच खड़ी ट्रक व टैंकर को बड़ी मशक्कत के बाद हाइवे से हटाया गया। इस दौरान करीब एक घंटे तक मार्ग जाम रहा। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## संक्षिप्त समाचार

### साइबर ठगी के तीन आरोपी गिरफ्तार

**दुर्ग।** साइबर अपराधियों को बैंक खाते उपलब्ध कराकर अवैध कमाई करने वालों के खिलाफ दुर्ग पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। नेवई थाना पुलिस ने साइबर ठगी में इस्तेमाल किए गए 'म्यूल अकाउंटङ्ग मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है।

पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपी अपने बैंक खाते, एटीएम कार्ड, पासबुक और मोबाइल सिम अन्य लोगों को उपलब्ध कराते थे, जिनका उपयोग साइबर ठगी से प्राप्त रकम के लेन-देन और निकासी के लिए किया जाता था। इसके बदले आरोपियों को आर्थिक लाभ मिलता था। गृह मंत्रालय के समन्वय पोर्टल और प्राप्त साइबर शिकायतों के विश्लेषण के दौरान कुछ संदिग्ध बैंक खातों की पहचान हुई। जांच में पता चला कि वर्ष 2024 से 2026 के बीच इन खातों के माध्यम से साइबर ठगी से हासिल रकम को विभिन्न खातों में ट्रांसफर और आहरित किया गया। पुलिस ने बैंक के केवाईसी दस्तावेज, खाता विवरण और ट्रांजेक्शन स्टेटमेंट की जांच की, जिसमें लाखों रुपये के संदिग्ध और अनाधिकृत लेन-देन का खुलासा हुआ। इसके आधार पर 99 संदिग्ध खाताधारकों के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच शुरू की गई। विवेचना के दौरान तीन खाताधारकों पवन दास मानिकपुरी, करण रंगारी और नरेन्द्र कुमार साहू की संलिप्तता प्रमाणित होने पर उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ में आरोपियों ने साइबर ठगी से जुड़े लोगों को अपने बैंक खाते और अन्य दस्तावेज उपलब्ध कराने की बात स्वीकार की। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से बैंक पासबुक, एटीएम कार्ड, मोबाइल सिम कार्ड और बैंक खातों से संबंधित दस्तावेज जब्त किए हैं। आरोपियों को न्यायालय में पेश करने के बाद केंद्रीय जेल दुर्ग भेज दिया गया।

### मलेरिया मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान का 14वां चरण आज से

**कवर्धा।** जिले में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम के तहत मलेरिया मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान के अंतर्गत 14वां चरण दिनांक 15 जून 2026 से 14 जुलाई 2026 तक संचालित किया जाएगा। इस अभियान का उद्देश्य वर्ष 2030 तक राज्य को पूर्णतः मलेरिया मुक्त बनाना तथा वर्ष 2027 तक शून्य स्थानीय मलेरिया प्रकरण प्राप्त करना है। इस दौरान समुदाय स्तर पर मलेरिया परजीवी के समूल उन्मूलन एवं संक्रमण श्रृंखला को समाप्त करने के लिए व्यापक स्तर पर सर्वेक्षण जांच, उपचार एवं जन-जागरुकता गतिविधियां संचालित की जाएंगी। सीएमएचओ डॉ. तूरे ने बताया कि अभियान के सफल संचालन के लिए सभी संबंधित स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं का प्रशिक्षण एवं बैठक आयोजित की जा चुकी है तथा मैदानी स्तर पर कार्ययोजना को अंतिम रूप दिया जा चुका है। विकासखंड बोड़ला के 114 ग्रामों में की 58,159 जनसंख्या को कवर करते हुए घर-घर जाकर मलेरिया जांच की जाएगी। इसके लिए 114 सर्वे दल गठित किए गए हैं जिनमें प्रत्येक दल में दो स्वास्थ्य कार्यकर्ता शामिल हैं।

# खाद-बीज की है पर्याप्त उपलब्धता, किसानों को नहीं होगी किसी प्रकार की परेशानी

**सारंगढ़-बिलाईगढ़।** कलेक्टर पद्मिनी भोई साहू के निर्देश तथा उप संचालक कृषि आशुतोष श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में जिले के किसानों को गुणवत्तायुक्त खाद एवं बीज उपलब्ध कराने के लिए कृषि विभाग द्वारा लगातार निगरानी और निरीक्षण किया जा रहा है। उर्वरकों एवं बीजों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए रासायनिक खाद के 30 तथा बीज के 66 नमूने परीक्षण हेतु प्रयोगशाला भेजे गए हैं।

कृषि विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले में वर्तमान में 16,122.725 मैट्रिक टन रासायनिक खाद तथा 26,154.60 क्विंटल बीज उपलब्ध है। खरीफ सीजन को ध्यान में रखते हुए किसानों की मांग के अनुरूप पर्याप्त मात्रा में खाद एवं बीज का भंडारण किया गया है। सहकारी एवं निजी विक्रय केंद्रों में अब तक कुल 27,344 मैट्रिक टन रासायनिक खाद का भंडारण किया गया, जिसमें से 15,682 मैट्रिक टन खाद का वितरण किसानों को किया जा चुका है। इसी प्रकार 11,366.60 क्विंटल बीज का भी वितरण किया गया है। जिले के सहकारी क्षेत्र में अब तक 13,143 मैट्रिक टन यूरिया, 1,732 मैट्रिक टन डीएपी, 1,489 मैट्रिक टन एनपीके, 1,133 मैट्रिक टन एमओपी तथा 1,917 मैट्रिक टन एसएसपी उपलब्ध कराया गया है। शासन के निदेर्शानुसार वर्ष 2025 के विक्रय के आधार पर यूरिया का 80 प्रतिशत तथा डीएपी का 60 प्रतिशत वितरण किया जा रहा है। कृषि विभाग द्वारा किसानों को डीएपी के विकल्प के रूप में एनपीके, टीएसपी, एसएसपी एवं नैनो डीएपी तथा यूरिया के विकल्प के रूप में नैनो यूरिया के उपयोग की सलाह भी दी जा रही है।

जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि जिले में खाद एवं बीज की पर्याप्त उपलब्धता है और किसानों को किसी प्रकार की चिंता करने की आवश्यकता नहीं है। जिला प्रशासन ने किसानों से अपील किया है कि वे किसी भी प्रकार की अफवाह या भ्रामक खबरों पर ध्यान न दें तथा अपनी आवश्यकता के अनुसार निकटतम सहकारी या निजी विक्रय केंद्र से खाद एवं बीज प्राप्त करें।

# जैविक खेती, नैनो उर्वरक व फसल विविधीकरण से लौट रही जमीन की उर्वरा शक्ति

**धमतरी।** धान का कटोरा कहे जाने वाले धमतरी जिले में कृषि के क्षेत्र में सकारात्मक बदलाव की नई तस्वीर उभरकर सामने आ रही है। कृषि विभाग और किसानों के संयुक्त प्रयासों से मिट्टी के स्वास्थ्य में उल्लेखनीय सुधार दर्ज किया जा रहा है। संतुलित उर्वरक उपयोग, जैविक खेती को बढ़ावा, नैनो तकनीक आधारित उर्वरकों का प्रयोग तथा फसल विविधीकरण जैसे उपायों ने कृषि भूमि की घटती उर्वरा शक्ति को पुनर्जीवित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

कृषि विभाग द्वारा वर्ष 2025-26 में 10 हजार मिट्टी परीक्षण का लक्ष्य निर्धारित किया गया था, जिसके विरुद्ध अब तक 9 हजार 925 नमूनों की जांच पूरी की जा चुकी है तथा 9 हजार 900 किसानों को सॉयल हेल्थ कार्ड वितरित किए गए हैं। इन कार्डों के माध्यम से किसानों को अपनी भूमि में उपलब्ध नाइट्रोजन, फॉस्फोरस, पोटाश, बोरॉन और सल्फर जैसे आवश्यक पोषक तत्वों की वास्तविक स्थिति की जानकारी मिल रही है। इसके परिणामस्वरूप किसान वैज्ञानिक अनुशंसाओं के अनुसार आवश्यक मात्रा में ही उर्वरकों का उपयोग कर रहे हैं, जिससे रासायनिक उर्वरकों के अनावश्यक प्रयोग में कमी आई है। कलेक्टर अविनाश मिश्रा के मार्गदर्शन में संचालित



फसल चक्र एवं संतुलित उर्वरक उपयोग अभियान के सकारात्मक परिणाम अब खेतों में दिखाई देने लगे हैं। जिले में नैनो यूरिया, नैनो डीएपी और जैविक खादों के उपयोग को बढ़ावा दिया जा रहा है।

सहकारी समितियों और कृषि आदान केंद्रों के माध्यम से किसानों को इन उर्वरकों की पर्याप्त उपलब्धता भी सुनिश्चित कराई जा रही है। किसान अब गोबर खाद, वर्मी कम्पोस्ट, जीवामृत और अन्य जैविक विकल्पों को अपनाने लगे हैं, जिससे खेती अधिक टिकाऊ और पर्यावरण अनुकूल बन रही है। वहीं, मिट्टी की गुणवत्ता सुधारने के लिए नीलहरित काई (ब्लू-ग्रीन एल्गी) के उपयोग को भी प्रोत्साहित किया जा रहा है। विकासखंड कुरूद के ग्राम मरौद स्थित बीज प्रसंस्करण केंद्र में इसका उत्पादन किया जा रहा है, जहां से किसानों को 25 रुपये प्रति किलोग्राम की दर से चार किलोग्राम का पैकेट उपलब्ध कराया जा रहा है। इसका उपयोग मिट्टी की जलधारण क्षमता बढ़ाने और पीएच स्तर को संतुलित रखने में सहायक सिद्ध हो रहा है। दूसरी ओर, कृषक उन्नति योजना के तहत दलहन, तिलहन और मक्का जैसी कम पानी की आवश्यकता वाली फसलों को बढ़ावा दिया जा रहा है। योजना के अंतर्गत किसानों को प्रति एकड़ 15 हजार रुपये तक की आदान सहायता दी जा रही है, जिससे फसल विविधीकरण को गति मिली है। इससे मिट्टी को प्राकृतिक रूप से पुनर्स्थापित होने का अवसर मिलने के साथ कृषि में जैव विविधता भी बढ़ रही है।

कृषि विभाग का मानना है कि संतुलित उर्वरक उपयोग, जैविक खेती, नैनो तकनीक और फसल विविधीकरण के समन्वित प्रयासों से धमतरी जिला टिकाऊ एवं संतुलित कृषि मॉडल के रूप में तेजी से अपनी पहचान बना रहा है।

# जनकल्याण के थीम पर बस स्टैंड सुकमा में लगी प्रदर्शनी

**सुकमा।** केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार के सफल 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में शुक्रवार को सुकमा जिला मुख्यालय के बस स्टैंड पर एक भव्य तीन दिवसीय छायाचित्र और विकास प्रदर्शनी का शुभारंभ किया गया। इस विशेष कार्यक्रम का उद्घाटन नगरपालिका अध्यक्ष श्री हुंगाराम मरकाम और वरिष्ठ जनप्रतिनिधि श्री धनीराम बारसे की गरिमामयी उपस्थिति में हुआ। प्रदर्शनी का मुख्य उद्देश्य पिछले 12 वर्षों में सरकार द्वारा चलाई गई जनकल्याणकारी योजनाओं और देश में हुए ऐतिहासिक विकास कार्यों को जन-जन तक पहुंचाना है। इस दौरान एलईडी स्क्रीन और पारंपरिक कला जत्था के माध्यम से शासकीय योजनाओं का जीवंत और आकर्षक प्रचार-प्रसार भी किया गया, जिसे देखने के लिए स्थानीय नागरिकों की भारी भीड़ उमड़ रही है। इस अवसर पर जनसम्पर्क विभाग के द्वारा प्रकाशित शासकीय योजनाओं पर आधारित पुस्तकों का वितरण किया गया।

इस तीन-दिवसीय प्रदर्शनी में डिजिटल इंडिया, वित्तीय समावेशन, महिला सशक्तिकरण और सामाजिक सुरक्षा जैसी बुनियादी प्राथमिकताओं को प्रमुखता से रेखांकित किया गया है। प्रदर्शनी में आकर्षक चित्रों और आंकड़ों के माध्यम से यह दशार्या गया है कि कैसे प्रधानमंत्री जन धन योजना ने करोड़ों लोगों को बैंकिंग प्रणाली से जोड़ा, स्वच्छ भारत मिशन के तहत शौचालयों का निर्माण हुआ और प्रधानमंत्री आवास योजना ने गरीबों को पक्के मकानों का सपना पूरा किया। इसके अलावा, आयुष्मान भारत योजना के तहत मिल रहे मुफ्त इलाज और उज्ज्वला योजना से महिलाओं को धुएं से मिली मुक्ति जैसी उपलब्धियों को बेहद प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया गया है, जो सीधे तौर पर आम नागरिकों के जीवन में आए सकारात्मक बदलावों को बयां करती हैं।

प्रदर्शनी के दौरान विभिन्न विभागों द्वारा विशेष स्टॉल भी लगाए गए हैं, जहाँ अधिकारी और कर्मचारी आम जनता को योजनाओं की विस्तृत जानकारी दे रहे हैं और उन्हें लाभ उठाने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। इस अवसर पर जिला पंचायत व नगरपालिका के पार्षदगण, स्थानीय जनप्रतिनिधि और मीडिया के प्रतिनिधि भी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। जिला प्रशासन ने सुकमा के सभी नागरिकों से अपील की है कि वे इस तीन दिवसीय प्रदर्शनी का अवलोकन अवश्य करें, ताकि शासन की विभिन्न जनहितकारी योजनाओं को करीब से समझकर उनका पूरा लाभ उठा सकें।

प्रदर्शनी के दौरान महिला आयोग सदस्य सुश्री दीपिका सोरी, कलेक्टर अमित कुमार, जिला सीईओ मुकुन्द ठाकुर, डिप्टी कलेक्टर शबाब खान, पार्षदगण श्री शोभन गन्दामी, रंजीत बारठ, रमेश कर्मा, अनिल सोड़ी, श्री राजेंद्र गुप्ता, श्रीमती उर्मिला मंडावी, उपेंद्र नायक, दिलीप पेद्दी, रमाकांत नायक, संजय सोढ़ी सहित विभिन्न जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में आम नागरिक उपस्थित रहे।

# देवर्षि नारद जयंती पर पत्रकार सम्मान समारोह आयोजित

## वरिष्ठ पत्रकार प्रशांत शर्मा को आद्य पत्रकार देवर्षि नारद पुरस्कार

**रायपुर।** राजधानी के विमतारा हॉल में देवर्षि नारद जयंती पत्रकार सम्मान समारोह 2026 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में आईआईआईटी नवा रायपुर के कुलपति एवं निदेशक प्रो. डॉ. ओमप्रकाश व्यास मुख्य अतिथि तथा डीडी न्यूज दिल्ली के वरिष्ठ सलाहकार संपादक एवं लेखक श्री प्रखर श्रीवास्तव मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित हुए। इस कार्यक्रम के संयोजक वरिष्ठ पत्रकार श्री आर कृष्ण दास थे।

समारोह में वरिष्ठ पत्रकार श्री प्रशांत शर्मा को आद्य पत्रकार देवर्षि नारद पुरस्कार से सम्मानित किया गया। साथ ही श्रीमती आकांक्षा तिवारी को वरिष्ठ पत्रकार स्वर्गीय बबन प्रसाद मिश्रा स्मृति पुरस्कार एवं श्री रुपेश यादव को वरिष्ठ पत्रकार स्वर्गीय रमेश नैयर स्मृति पुरस्कार प्रदान किया गया।

मुख्य वक्ता श्री प्रखर श्रीवास्तव ने कहा कि प्रेस फ्रीडम इंडेक्स सीमित आंकड़ों से तैयार होता है और इसे बनाने वाले भारत जैसे लोकतांत्रिक देश के प्रति पूर्वाग्रह रखते हैं। उन्होंने कहा कि भारत में लोकतंत्र है और लोग अपने विचारों की सहज अभिव्यक्ति करते हैं। ऐसे इंडेक्स सच्ची पत्रकारिता की तस्वीर के प्रतिनिधि नहीं होते।

श्री श्रीवास्तव ने कहा कि मोदी जी से पहले पत्रकार प्रधानमंत्री के साथ विदेश जाते थे। हर जगह शराब की भरमार रहती थी। यह सब उन्होंने बंद करा दिया, यही विशेषाधिकार का लाभ उठाने वाले पत्रकारों के दुख का कारण है। उन्होंने कहा कि उस समय विमान में अधिकारी कम पत्रकार ज्यादा नजर आते थे। उन्होंने कहा कि देश में मीडिया को स्वतंत्रता है। दूरदर्शन पहले केवल सत्तातंत्र की बात करता था, दूसरे दलों के नेताओं को वैचारिक अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता नहीं थी। अब दूरदर्शन में सभी दलों की बात रखी जाती है। उन्होंने कांग्रेस शासनकाल में नरेंद्र मोदी के इंटरव्यू को डीडी न्यूज द्वारा न चलाए जाने का भी उल्लेख किया। श्री श्रीवास्तव ने कहा कि कांग्रेस की सरकारों में पत्रकारिता पर सेंसर होता है। छत्तीसगढ़ में पिछली कांग्रेस सरकार में पत्रकारों को बेवजह मामलों में फंसाया गया, जेल भेजा गया। दिल्ली के पत्रकारों को राजधानी के पत्रकारों के ऊपर बिठाया गया। उन्होंने कहा कि कुछ पत्रकारों को कांग्रेस सरकार के समय मिलने वाली विशेष सुविधाएं भंग कर दी गई हैं, इसलिए वे दुखी हैं। नार्वे की घटना का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि वहां की पत्रकार का प्रश्न भारत के प्रति पूर्वाग्रह से ग्रसित था। अंतरराष्ट्रीय मीडिया का एक बड़ा तबका भारत के बारे में न केवल विरोधी नजरिया रखता है अपितु सच्ची तस्वीर को तोड़-मरोड़ कर प्रस्तुत करता है, जबकि दुनिया के दूसरे देशों में मानवाधिकार हनन के मामलों पर चुप्पी साध लेता है।

श्री श्रीवास्तव ने नेहरू के दौर को याद करते हुए कहा कि केआर मलकानी द्वारा आर्गेनाईजर में नेहरू-लियाकत पैक्ट पर लेख छापने पर नेहरू ने अधिकारियों को आर्गेनाईजर को चेक कराने का फरमान जारी किया था। उन्होंने यह भी कहा कि गांधी जी की हत्या के बाद पश्चिमी भारत में ब्राह्मणों का नरसंहार हुआ लेकिन इसकी कवरेज नहीं हुई। मुख्य अतिथि प्रो. डॉ. ओमप्रकाश व्यास ने कहा कि डिजिटल मीडिया के युग में फेक न्यूज की समस्या बड़ी है।

# अवैध शराब जब्त, सात आरोपियों पर की कार्रवाई

**महासमुंद।** महासमुंद जिले में अवैध शराब के निर्माण, बिक्री और परिवहन के खिलाफ पुलिस का अभियान लगातार जारी है। पुलिस अधीक्षक महासमुंद के निर्देश पर एन्टी नारकोटिक टॉस्क फोर्स सहित जिले के थाना क्षेत्रों में शनिवार देर रात चलाए गए विशेष अभियान के तहत नौ अलग-अलग प्रकरणों में कार्रवाई करते हुए 86 लीटर 490 मिलीलीटर अवैध शराब जब्त की गई है, जिसकी कुल कीमत करीब 20 हजार 774 रुपये है। वहीं शराब परिवहन में प्रयुक्त तीन मोटरसाइकिलें भी जब्त की गई हैं।

पुलिस अधीक्षक कार्यालय से रविवार को जारी विज्ञप्ति के अनुसार बसना थाना क्षेत्र में ग्राम बेलडीही और बनडबरी से विष्णु सिदार, सुरेन्द्र जगत और सोनू चौहान को गिरफ्तार किया गया। वहीं सिंघोड़ा थाना क्षेत्र के राफेल चौक एनएच-53 पर राहुल नंद और आदित्य तांडी को 25 लीटर महुआ शराब के साथ पकड़ा गया। इसके अलावा तेंदुकोना थाना क्षेत्र में ग्राम पंडरीखार से टकेश्वर यादव और बीसे लाल कुर्रे को अवैध देसी एवं अंग्रेजी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया।

गिरफ्तार सभी आरोपितों के खिलाफ धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। महासमुंद पुलिस के अनुसार अभियान शुरू होने से अब तक 670 प्रकरणों में 758 लोगों के खिलाफ आबकारी एक्ट की कार्रवाई की जा चुकी है और करीब 24 लाख 6 हजार रुपये कीमत की 8605 लीटर से अधिक अवैध शराब जब्त की जा चुकी है।

# कलेक्टर ने बुनकरों के केंद्र जाकर किया हथकरघा कला को प्रोत्साहन

## कलेक्टर द्वारा हस्तशिल्प, स्वरोजगार और महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने पर जोर
## कलेक्टर ने पंचधार के हथकरघा बुनकरों की कला और स्वरोजगार मॉडल को सराहा

**सारंगढ़-बिलाईगढ़।** जिले के हथकरघा उत्पादों को बाजार से जोड़ने और बुनकरों की आय बढ़ाने के उद्देश्य से सारंगढ़-बिलाईगढ़ की कलेक्टर पद्मिनी भोई साहू ने शुक्रवार को जिले के ग्राम डुमरपाली और सरिया तहसील के ग्राम पंचधार पहुंचकर हथकरघा बुनकरों की पारंपरिक कला का निरीक्षण किया। उन्होंने छत्तीसगढ़ राज्य अलंकरण सम्मान से सम्मानित अरुण कुमार मेहर के बुनकरी केंद्र का अवलोकन कर उत्पादन प्रक्रिया, गुणवत्ता एवं व्यापारिक गतिविधियों की जानकारी ली।

निरीक्षण के दौरान बुनकरों ने बताया कि उनकी संस्था में उड़िया साड़ियों का निर्माण किया जाता है, जो अपनी विशिष्ट डिजाइन, उत्कृष्ट बुनाई और सांस्कृतिक पहचान के लिए प्रसिद्ध हैं। कलेक्टर ने तैयार उत्पादों की गुणवत्ता की सराहना करते हुए कहा कि ओड़िशा सीमा से लगे इस क्षेत्र में उड़िया साड़ियों की अच्छी मांग है तथा हथकरघा और हस्तशिल्प जिले की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। उन्होंने कहा कि पारंपरिक कला को आधुनिक बाजार से जोड़कर बुनकरों की आय में वृद्धि की जा सकती है। इसके लिए बेहतर ब्रांडिंग, प्रदर्शनियों और व्यापार मंचों के माध्यम से उत्पादों का व्यापक प्रचार-प्रसार आवश्यक है। उन्होंने बुनकरों को नई तकनीक, आधुनिक डिजाइन और बाजार की मांग के अनुरूप उत्पादन विकसित करने के लिए प्रेरित किया। कलेक्टर ने अरुण कुमार मेहर के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि उनके द्वारा विकसित स्वरोजगार मॉडल से पूरे अंचल को लाभ मिलेगा। उन्होंने बरमकेला विकासखंड के वनांचल क्षेत्रों डोंगरीपाली, हटटापाली और झाल क्षेत्र के लोगों को भी इस कार्य से जोड़कर रोजगार उपलब्ध कराने की अपील की।

अरुण कुमार मेहर ने बताया कि अब तक क्षेत्र के करीब 5,000 युवक-युवतियां और महिलाएं इस पहल से जुड़कर स्वरोजगार प्राप्त कर चुके हैं तथा अपने परिवार के भरण-पोषण में सहयोग कर रहे हैं। इस अवसर पर जिला पंचायत के सीईओ, एसडीएम, तहसीलदार सरिया सहित ग्राम पंचधार के सरपंच, पंच एवं अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# छत्तीसगढ़ कांग्रेस के प्रशिक्षण शिविर में आएंगे राहुल गांधी

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ कांग्रेस ने आगामी चुनावी मुकाबलों को ध्यान में रखते हुए संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत बनाने की दिशा में बड़ा कदम उठाया है। पार्टी नेतृत्व ने जिला और शहर कांग्रेस अध्यक्षों के लिए 21 से 30 जून तक रायपुर जिले के अभनपुर में 10 दिवसीय विशेष प्रशिक्षण शिविर आयोजित करने का निर्णय लिया है। इस शिविर का उद्देश्य संगठनात्मक क्षमता बढ़ाना और नेताओं को भविष्य की राजनीतिक चुनौतियों के लिए तैयार करना है। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम की खास बात यह है कि कांग्रेस सांसद और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने भी शिविर में शामिल होने की सहमति दी है। उनके शामिल होने से कार्यक्रम का महत्व और बढ़ गया है। शिविर में जिला स्तर के नेताओं को राष्ट्रीय नेतृत्व के साथ सीधे संवाद का अवसर मिलेगा, जिससे उन्हें संगठन और चुनावी रणनीति की बेहतर समझ विकसित करने में मदद मिलेगी।

केसी वेणुगोपाल ने जारी किए निर्देश अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव केसी वेणुगोपाल ने सभी जिला कांग्रेस अध्यक्षों और शहर कांग्रेस अध्यक्षों को पत्र जारी कर प्रशिक्षण शिविर में अनिवार्य रूप से शामिल होने के निर्देश दिए हैं। पार्टी सूत्रों के अनुसार यह कार्यक्रम केवल औपचारिक प्रशिक्षण तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि इसमें संगठन विस्तार, बूथ प्रबंधन, जनसंपर्क अभियान, डिजिटल कम्युनिकेशन और सोशल मीडिया रणनीति जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत सत्र आयोजित किए जाएंगे। कांग्रेस नेतृत्व का मानना है कि मजबूत संगठन ही चुनावी सफलता की आधारशिला है। इसी सोच के तहत जिला और ब्लॉक स्तर के पदाधिकारियों को प्रशिक्षित कर संगठन को नई ऊर्जा देने की तैयारी की जा रही है। प्रशिक्षण के दौरान कार्यकताओं के साथ समन्वय, जनसमस्याओं को प्रभावी ढंग से उठाने और संगठनात्मक जवाबदेही जैसे विषयों पर भी विशेष जोर रहेगा।

लोकसभा चुनाव के बाद कांग्रेस देशभर में अपने संगठन को नए सिरे से मजबूत करने की रणनीति पर काम कर रही है। छत्तीसगढ़ में आयोजित होने वाला यह प्रशिक्षण शिविर उसी व्यापक अभियान का हिस्सा माना जा रहा है। पार्टी नेतृत्व का लक्ष्य है कि जमीनी स्तर पर नेतृत्व क्षमता विकसित कर जनता के बीच अपनी पकड़ और मजबूत बनाई जाए। राजनीतिक जानकारों का मानना है कि इस तरह के प्रशिक्षण कार्यक्रम आगामी चुनावों में कांग्रेस की रणनीति को धार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं।

स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक : कैलाश नाथ द्वारा शिवम पब्लिकेशन एण्ड स्टेशनरीज इण्डस्ट्रीज-157प्रेस भवन,मधुवन विहार (झरनेश्वर सोसायटी) ,वार्ड-85, होशंगाबाद रोड, भोपाल म.प्र.462047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक : सुशील कुमार त्रिपाठी , Mobile-91- 9893982060, Email- mptmnp@gmail.com , website:tarunmitra.in , RNI : MPHIN/2021/79825 ; "इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी.एक्ट के तहत उत्तरदायी। समस्त विवाद भोपाल न्यायालय के अधीन होंगे।

# जनकल्याण शिविर में गूंजी विकास की आवाज, प्रभारी मंत्री ने बांटे प्रमाण पत्र

**फतेहपुर, 14 जून (तरुणमित्र)।** विकास खंड तेलियानी परिसर में रविवार को आयोजित जन कल्याण शिविर, विकसित भारत संकल्प सम्मेलन एवं गोष्ठी का शुभारंभ प्रदेश सरकार के खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग के राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) एवं जनपद के प्रभारी मंत्री अजीत पाल सिंह ने फीता काटकर एवं दीप प्रज्जवलित कर किया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों एवं प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी में विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक पहुंचाया गया।

कार्यक्रम में प्रभारी मंत्री के साथ अयाह शाह विधायक विकास गुप्ता, जहानाबाद विधायक राजेंद्र सिंह पटेल, भाजपा जिलाध्यक्ष अन्नू श्रीवास्तव, जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स व पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक भी मौजूद रहे। अतिथियों ने विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का निरीक्षण कर योजनाओं की जानकारी ली।



शिविर में कृषि, शिक्षा, उद्योग, उद्यान, पूर्ति, स्वास्थ्य, बाल विकास, सिंचाई, विद्युत, पशुपालन, रेशम, बैंक एवं समाज कल्याण विभाग सहित कई विभागों ने अपने स्टॉल लगाए। प्रभारी मंत्री ने बच्चों को खीर खिलाकर अन्नप्राशन संस्कार कराया तथा गर्भवती महिलाओं की गोदभराई की रस्म पूरी कर उन्हें पोषाहार की पोटली भी वितरित की। अपने संबोधन में प्रभारी मंत्री अजीत पाल सिंह ने कहा कि पिछले 12 वर्षों में देश ने विकास और सुशासन के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को छुआ है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में जनधन योजना, उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत, प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वच्छ भारत मिशन, जल जीवन मिशन और डिजिटल इंडिया जैसी योजनाओं ने समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास की किरण पहुंचाने का काम किया है। उन्होंने कहा कि सरकार का संकल्प सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास आज धरातल पर साकार होता दिखाई दे रहा है।

इस दौरान प्रभारी मंत्री ने विभिन्न जनकल्याणकारी एवं लाभार्थीपरक योजनाओं के पात्र लाभार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित कर उन्हें सम्मानित किया। वहीं केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में चल रहे समेकित जन-कल्याण एवं जन-जागरूकता अभियान के तहत अतिथियों ने ब्लॉक परिसर में पौधरोपण भी किया। प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री की पहल एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत पौधे रोपकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी पवन कुमार मीना, खंड विकास अधिकारी, दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी, बाल विकास परियोजना अधिकारी समेत विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारी और बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

## बहुआ ब्लाक में भाकियू अराजनैतिक की पंचायत 19 को

**फतेहपुर, 14 जून (तरुणमित्र)।** भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक की बहुआ इकाई की एक आवश्यक बैठक रविवार को आयोजित हुई। जिसमें किसानों की विभिन्न समस्याओं पर चर्चा करते हुए निर्णय लिया गया कि आगामी 19 जून को बहुआ ब्लाक परिसर में समस्याओं को लेकर पंचायत की जाएगी। बैठक का आयोजन जिला महासचिव प्रीतम सिंह चंदेल के आवास मोहनपुर में किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में कार्यकताओं व किसानों ने हिस्सा लिया। बैठक में यूरिया खाद, बिजली, नहर आदि की समस्याओं पर विचार-विमर्श किया गया। बैठक में वक्ताओं ने कहा कि इन समस्याओं से क्षेत्र का किसान जूझ रहा है, लेकिन उनकी समस्याओं का निस्तारण नहीं हो रहा है। निर्णय लिया गया कि आगामी उन्नीस जून को बहुआ ब्लाक परिसर में पंचायत आयोजित करके समस्याओं के निस्तारण की आवाज बुलंद की जाएगी।

## यूपी जर्नलिस्ट वेलफेयर एसोसिएशन उपजा की मासिक बैठक संपन्न

**मड़ावरा ललितपुर, 14 जून (तरुणमित्र)।** यूपी जर्नलिस्ट वेलफेयर एसोसिएशन उपजा तहसील ईकाई मड़ावरा की मासिक बैठक कस्बे के श्री शाला जी मंदिर परिसर में जिलाध्यक्ष सूर्यकांत शर्मा के मुख्य आतिथ्य में और अतिथि जितेंद्र यादव व मंडावरा तहसील अध्यक्ष रामजी तिवारी की अध्यक्षता में आयोजित की गई है। बैठक को सम्बोधित करते हुए जिलाध्यक्ष सूर्यकांत शर्मा ने कहा कि संगठन के सभी सदस्यों को परिवार की तरह मिलकर एक दूसरे का साथ देना चाहिए एवं खबरों को प्रकाशित करने से पहले खबर का सत्यापन करके ही खबर को प्रकाशित कराना चाहिए जिससे की आपकी छवि धूमिल ना हो। तहसील अध्यक्ष रामजी तिवारी ने कहा कि संगठन भी एक परिवार होता है जहां सभी मिलजुल कर संगठन को आगे ले जाने का कार्य करते हैं। तहसील संरक्षक प्रकाश सिंह ने कहा कि संगठन सदैव सदस्यों के लिए हर समय साथ खड़ा है। बैठक उपरांत जिलाध्यक्ष द्वारा सभी सदस्यों को संगठन के नवीन कार्ड वितरण किए गए हैं।

बैठक में मौजूद सभी सदस्यों ने संगठन के वरिष्ठ सदस्य सतीश नायक की पूज्य दादी के निधन पर दो मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई है। बैठक में जिलाध्यक्ष सूर्यकांत शर्मा, जितेंद्र यादव, रामजी तिवारी, प्रकाश सिंह, रामगोपाल दुबे, कृष्णकांत तिवारी, विक्रम सिंह सेंगर, नवल कुशवाहा, विनोद जैन, नीलेश कुशवाहा, प्रवीन जैन, प्रतिपाल सेन आदि मौजूद रहे।

# भाजपा सरकार के संरक्षण में बांदा जिले का प्राकृतिक उत्पीड़न चरम पर : विधायक

**बांदा, 14 जून (तरुणमित्र)।** रविवार को समाजवादी पार्टी कार्यालय बिजली खेड़ा बांदा में अति संवेदनशील मुद्दा अवैध खनन, ओवर लोड,जल जंगल जमीन, के विषय में एक प्रेस वार्ता संपन्न हुई, बबेरू विधायक विशंभर सिंह यादव ने पत्रकारों से कहा,बीते मई में देश दुनिया के पैमाने पर बांदा जिला सबसे गर्म इलाका बना है। जिले का लगातार तीन दिन सबसे गर्म बने रहना चिंतित करता है,लोगों को असहनीय गर्मी से मुकाबिल होना पड़ा है। दरअसल, बेलगाम अवैध खनन ने हालात बदतर बना दिए हैं। नदियां मारी जा रही हैं। पहाड़ उड़ाए जा रहे हैं। सारा महापाप सत्ता के संरक्षण में हो रहा है। आरोप लगाया, धनलोलुप भाजपा सरकार के पालित पोषित ठेकेदार नियमों को ताक में रखकर निर्ममता से नदियों का सीना छलनी कर रहे हैं तो दूसरी ओर डायनामाइट से पहाड़ों के परखच्चे उड़ा रहे हैं। अवैध खनन ने भयंकर रूप ले लिया है। लेकिन, भाजपा सरकार बेफिक्र बनी हुई है।

सपा विधायक यादव ने पत्रकार वार्ता में कहा, भाजपा सरकार के संरक्षण में बांदा जिले का प्राकृतिक उत्पीड़न चरम पर है। पहले केन, बागेन, रंज, चंद्रावल आदि नदियों की लहराती जलराशि गर्म हवाओं से टकराकर लोगों की राहत का सबब बनती थी, अब नदियों से जल गायब है। कहीं सूखा तो कहीं नाला है। खननपापियों ने नदियों को कुरूप बना दिया है। कहने को, जिले की नदियों में तकरीबन 26 बालू खदानें संचालित हैं। लेकिन सौ के करीब अवैध खदानें भी गुलजार हैं। वैध खदानों में भी नियमों की धज्जियां उड़ती हैं। बेधड़क गरजती मशीनें दिन रात नदियों को मारने में आमादा हैं। उन्होंने कहा, यही स्थिति गिरवा और नरैनी इलाकों में पहाड़ों की है। डायनामाइट से पहाड़ उड़ाए जाते हैं। नदियों को मारने और पहाड़ों को उड़ाने के कुकृत्यों में शामिल चेहरों के पीछे छिपे असल चेहरों को चुल्लू भर पानी में डूब मरना चाहिए। इनके मनमाने खनन से बने गड्?ढों में बच्चों के डूब मरने के दुखद मामले अक्सर सामने आते हैं। यह मामले सरकार को लानत भेजते हैं।

## पुश्तैनी भूमि पर कब्जे का आरोप पीड़ित ने सीएम से लगाई गुहार

**फतेहपुर, 14 जून (तरुणमित्र)।** खागा तहसील के अंतर्गत हथगाम थाना क्षेत्र के खालिसपुर गांव निवासी एक किसान ने अपनी पुश्तैनी भूमिधरी जमीन पर अवैध कब्जे का आरोप लगाते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से न्याय की गुहार लगाई है। पीड़ित का आरोप है कि स्थानीय प्रशासन और राजस्व अधिकारियों से कई बार शिकायत करने के बावजूद अब तक कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई है।ग्राम खलिसपुर, पोस्ट अकबरपुर चौराई निवासी अजय कुमार पुत्र रामशरण विकल ने मुख्यमंत्री को भेजे शिकायती पत्र में आरोप लगाया है कि गांव के ही मोहन पुत्र पिततु उनकी पुश्तैनी भूमि पर अवैध रूप से कब्जा किए हुए हैं।

# पीजीटी परीक्षा केंद्रों का डीएम व एसपी ने किया निरीक्षण

**फतेहपुर, 14 जून (तरुणमित्र)।** उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित प्रवक्ता राजकीय इंटर कॉलेज (पीजीटी) प्रारंभिक परीक्षा को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से संपन्न कराने के लिए रविवार को जिला प्रशासन और पुलिस विभाग पूरी तरह मुस्तैद नजर आया। परीक्षा की शुचिता बनाए रखने के उद्देश्य से जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स एवं पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक ने विभिन्न परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने मुस्लिम इंटर कॉलेज एवं राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय परीक्षा केंद्रों का दौरा किया। इस दौरान अभ्यर्थियों की प्रवेश प्रक्रिया,



सघन चेकिंग व्यवस्था, सुरक्षा इंतजाम, सीसीटीवी कैमरों की कार्यप्रणाली तथा परीक्षा कक्षों की निगरानी व्यवस्था का बारीकी से निरीक्षण किया गया। अधिकारियों ने केंद्र व्यवस्थापकों, सेक्टर मजिस्ट्रेटों एवं ड्यूटी पर तैनात पुलिस कर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए परीक्षा के दौरान किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने स्पष्ट किया कि परीक्षा की निष्पक्षता और पारदर्शिता बनाए रखना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसके लिए सभी परीक्षा केंद्रों पर पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया गया है तथा संवेदनशील बिंदुओं पर विशेष निगरानी रखी जा रही है। परीक्षा केंद्रों के आसपास भी सुरक्षा व्यवस्था कड़ी की गई है ताकि किसी भी प्रकार की अवांछनीय गतिविधि पर तत्काल कार्रवाई की जा सके। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने परीक्षा केंद्रों पर मौजूद व्यवस्थाओं पर संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि परीक्षा को नकलविहीन, शांतिपूर्ण और व्यवस्थित वातावरण में संपन्न कराने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए गए हैं। साथ ही निर्देश दिए गए कि परीक्षा की शुचिता, गोपनीयता और विश्वसनीयता बनाए रखने में किसी प्रकार की शिथिलता न बरती जाए। जनपद प्रशासन एवं पुलिस विभाग ने एक बार फिर अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हुए कहा कि पीजीटी प्रारंभिक परीक्षा को सकुशल, निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से संपन्न कराने के लिए सभी संबंधित विभाग पूरी तत्परता और समन्वय के साथ कार्य कर रहे हैं।

# श्रम राज्यमंत्री मन्नू कोरी साइबर ठगी का शिकार मोबाइल व व्हाट्सएप हैक कर मांगे गए रुपये

**महोबा, 14 जून (तरुणमित्र)।** प्रदेश सरकार के श्रम एवं सेवायोजन राज्यमंत्री मनोहर लाल पंथ उर्फ मन्नू कोरी साइबर ठगी का शिकार हो गए। शुक्रवार शाम अज्ञात साइबर अपराधियों ने उनका मोबाइल फोन और व्हाट्सएप अकाउंट हैक कर लिया। इसके बाद ठगों ने मंत्री के नाम और नंबर का दुरुपयोग करते हुए उनके परिचितों, समर्थकों और अन्य लोगों को संदेश भेजकर रुपये मांगने शुरू कर दिए।

हैक किए गए व्हाट्सएप नंबर से भेजे गए संदेश में लिखा गया था कि ह्व35 हजार ऑनलाइन पेमेंट हो जाएगा, अभी नेटवर्क इश्यू है, एक घंटे में वापस कर दूंगा।ह्व इस प्रकार ठगों ने लोगों का विश्वास जीतकर उनसे धनराशि ऐंठने का



प्रयास किया। कई लोगों को ऐसे संदेश प्राप्त होने के बाद मामले की जानकारी मंत्री तक पहुंची। घटना की सूचना मिलते ही राज्यमंत्री मन्नू कोरी ने तत्काल पुलिस और साइबर सेल को अवगत कराया। वहीं उनके पुत्र चंद्रशेखर पंथ ने भी सोशल मीडिया के माध्यम से लोगों को सतर्क करते हुए अपील की कि मंत्री के नाम से यदि किसी प्रकार का पैसा मांगने वाला संदेश या कॉल प्राप्त हो तो उस पर विश्वास न करें और न ही किसी खाते में धनराशि भेजें।

मंत्री ने स्वयं भी सोशल मीडिया पर पोस्ट जारी कर कहा कि उनका मोबाइल और व्हाट्सएप हैक कर लिया गया है तथा उनके नाम से भेजे जा रहे संदेश पूरी तरह फर्जी हैं। उन्होंने लोगों से सावधानी बरतने और किसी भी प्रकार के आर्थिक लेनदेन से बचने की अपील की। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने साइबर टीम को सक्रिय कर दिया है। अधिकारियों के अनुसार साइबर अपराधियों की पहचान और लोकेशन ट्रेस करने का प्रयास किया जा रहा है। तकनीकी जांच जारी है और जल्द ही आरोपियों तक पहुंचने की उम्मीद जताई जा रही है।

साइबर विशेषज्ञों का कहना है कि वर्तमान समय में व्हाट्सएप हैकिंग और फर्जी मैसेज के माध्यम से ठगी के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। ऐसे में किसी भी व्यक्ति द्वारा अचानक रुपये मांगने पर सत्यापन किए बिना भुगतान नहीं करना चाहिए।

पुलिस ने आमजन से अपील की है कि किसी भी संदिग्ध कॉल, लिंक या मैसेज पर भरोसा न करें तथा साइबर ठगी की स्थिति में तुरंत साइबर हेल्पलाइन 1930 पर शिकायत दर्ज कराएं।

## अवैध शस्त्र सहित आरोपी गिरफ्तार

**कन्नौज , 14 जून (तरुणमित्र)।** कोतवाली तिर्वा पुलिस द्वारा ईशन नदी पुल, थाना तिर्वा, के पास चेकिंग के दौरान अभियुक्त राहुल पुत्र महेन्द्र सिंह लोधी, उम्र करीब 26 वर्ष, निवासी ग्राम रतापुर्वा, थाना तिर्वा, जनपद कन्नौज को गिरफ्तार किया जिसके पास तलाशी के दौरान 01 अदद तमंचा .315 बोर नाजायज, 01 अदद जिंदा कारतूस .315 बोर नाजायज तथा एक अदद हीरो मोटरसाइकिल संख्या वढ 74 अफ 1454 बरामद हुई । गिरफ्तारी एवं बरामदगी के आधार पर थाना तिर्वा पर मु0अ0सं0 0200/2026, पंजीकृत किया गया। अभियुक्त को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। गिरफ्तार आरोपी राहुल के पास से एक तमंचा .315 बोर नाजायज एक जिंदा कारतूस .315 बोर एक हीरो मोटरसाइकिल संख्या UP 74 AR 1454 बरामद हुई ।

# जनशिकायतों के निस्तारण एवं पेयजल-विद्युत व्यवस्था को लेकर आयुक्त ने अपनाया सख्त रुख

**चित्रकूट, 14 जून (तरुणमित्र)।** आयुक्त चित्रकूट धाम मण्डल, अजीत कुमार द्वारा जनसुनवाई एवं शिकायत निवारण प्रणाली को प्रभावी बनाने के उद्देश्य से आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों के निस्तारण की समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान अधिशासी अभियन्ता, उत्तर प्रदेश जल निगम (ग्रामीण), बाँदा एवं अधिशासी अभियन्ता, उत्तर प्रदेश जल निगम (ग्रामीण), चित्रकूट द्वारा प्रस्तुत निस्तारण आख्या का गहन परीक्षण किया गया। परीक्षण के उपरान्त निस्तारण आख्या संतोषजनक न पाए जाने पर आयुक्त द्वारा दोनों अधिशासी अभियन्ताओं के प्रति कड़ा रुख अपनाते हुए कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। आयुक्त ने स्पष्ट निर्देश दिये हैं कि आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त प्रत्येक जनशिकायत का समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण एवं



तथ्यपरक निस्तारण सुनिश्चित किया जाए तथा शिकायतों का निस्तारण केवल औपचारिकता के रूप में न किया जाए।

आयुक्तने निर्देशित किया कि जनपद के किसी भी ग्राम में पेयजल संकट की स्थिति उत्पन्न नहीं होनी चाहिए। प्रत्येक ग्राम में नियमित, स्वच्छ एवं शुद्ध पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित करायी जाए तथा जल जीवन मिशन योजना के अन्तर्गत कार्यों के दौरान खोदी गयी सड़कों एवं मार्गों को तत्काल मानक के अनुरूप पुनर्स्थापित कराया जाए। उन्होंने कहा कि जनहित से जुड़े कार्यों में किसी भी प्रकार की शिथिलता अथवा लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। आयुक्त ने यह भी स्पष्ट किया कि पेयजल आपूर्ति से संबंधित शिकायतों का निस्तारण केवल अभिलेखों में नहीं बल्कि स्थलीय स्तर पर प्रभावी कार्रवाई करते हुए किया जाए। भविष्य में शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही अथवा भ्रामक आख्या प्रस्तुत किये जाने की स्थिति में संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही प्रस्तावित की जाएगी। इसी क्रम में दैनिक समाचार पत्रों एवं सोशल मीडिया प्लेटफार्मों पर प्रकाशित विद्युत आपूर्ति संबंधी समाचारों का भी आयुक्त द्वारा गंभीर संज्ञान लिया गया। उन्होंने विद्युत विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में निर्बाध एवं नियमित विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जाए।

# विवाद के बाद युवक की हत्या, 6 घंटे में तीन आरोपी गिरफ्तार

**ललितपुर, 14 जून (तरुणमित्र)।** कोतवाली पुलिस ने हत्या के एक सनसनीखेज मामले का मात्र छह घंटे के भीतर खुलासा करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार शराब पार्टी के दौरान हुए विवाद में युवक की बेल्ट और लोहे की रॉड से पीट-पीटकर हत्या कर दी गई थी।

घटना को सड़क दुर्घटना का रूप देने के लिए आरोपियों ने शव को सड़क किनारे फेंक दिया था। पुलिस अधीक्षक मो. मुश्ताक के निर्देशन तथा अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह एवं क्षेत्राधिकारी सदर सुनील कुमार भारद्वाज के पर्यवेक्षण में गठित तीन पुलिस टीमों ने कार्रवाई करते हुए सम्यक राजनायक उर्फ राही जैन, गजेन्द्र नरवरिया उर्फ गजेन्द्र सिंह राजपूत तथा गौरव रैकवार को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार मृतक राजकुमार उर्फ छन्नू को आरोपियों ने अपने साथ शराब पार्टी में शामिल होने के लिए बुलाया था। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि पार्टी के दौरान उन्होंने मृतक से पैरों की मालिश करने को कहा, जिस पर वह नाराज हो गया और विवाद शुरू हो गया।

इसी दौरान शराब के नशे में आरोपियों ने बेल्ट और लोहे की रॉड से उसकी बेरहमी से पिटाई कर दी, जिससे उसकी मौत हो गई। हत्या के बाद आरोपियों ने अपना अपराध छिपाने के लिए शव को गुरुनानक धर्मशाला के पास नई बस्ती क्षेत्र में सड़क किनारे रख दिया, ताकि मामला सड़क दुर्घटना का प्रतीत हो। सूचना मिलने पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया और मामले की जांच शुरू की।

घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर तीन विशेष टीमों का गठन किया गया। वैज्ञानिक एवं फॉरेंसिक साक्ष्यों तथा तकनीकी सर्विलांस की मदद से पुलिस ने घटना का खुलासा करते हुए तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों में से सम्यक राजनायक और गजेन्द्र नरवरिया के खिलाफ पूर्व में भी गंभीर आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। तीनों आरोपियों को न्यायालय में पेश कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजने की कार्रवाई की जा रही है।

# समाधान दिवस महज एक दिखावा, समस्याओं का समाधान न होने से फरियादियों का हो रहा मोहभंग

**हमीरपुर, 14 जून (तरुणमित्र)।** महीने के दूसरे शनिवार को कोतवाली परिसर में आयोजित थाना समाधान दिवस में फरियादियों की संख्या अपेक्षाकृत कम रही। थाना समाधान दिवस में कुल नौ शिकायतें दर्ज की गईं, जिनमें अधिकांश मामले राजस्व विभाग से संबंधित रहे।

थाना समाधान दिवस का आयोजन उपजिलाधिकारी करनवीर सिंह एवं क्षेत्राधिकारी राजकुमार पाण्डेय की संयुक्त अध्यक्षता में किया गया। इस दौरान पुलिस और राजस्व विभाग के अधिकारियों ने फरियादियों की समस्याएं सुनीं जिंसमे अरतरा से चकरोड माप, तो लेवा से मरघट की माप, कस्बे के फत्तेपुर में होलिका दहन व कब्रिस्तान की जमीन पर अवैध कब्जा सहित नौ मामले आये संबंधित मामलों के शीघ्र और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए। एसडीएम करनवीर सिंह ने कहा कि भूमि विवाद, पैमाइश, कब्जा और सीमांकन से जुड़े मामलों का प्राथमिकता के आधार पर समाधान कराया जाएगा। प्राप्त शिकायतों को संबंधित विभागों को सौंपते हुए समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

थाना समाधान दिवस में कुल नौ शिकायतों का दर्ज होना भी चर्चा का विषय बना रहा। इस दौरान राजस्व एवं पुलिस विभाग के कर्मचारी मौजूद रहे।

## अतिक्रमण हटाने को लेकर प्रशासन व व्यापारियों के बीच हुई अहम बैठक

**हमीरपुर, 14 जून (तरुणमित्र)।** जिले के मौदहा कस्बे में यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाने तथा मुख्य मार्गों पर किए गए अवैध अतिक्रमण को हटाने की कार्रवाई के बीच प्रशासन और व्यापारियों के बीच संवाद को लेकर उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता व्यापार मंडल के पदाधिकारियों एवं संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक में आगामी बुधवार तक का व्यापारियों ने लिया समय ' राजस्व, पुलिस और लोक निर्माण विभाग की संयुक्त टीम द्वारा 4 एवं 5 जून को कस्बे के प्रमुख मार्गों पर अतिक्रमण संबंधी सीमांकन एवं चिन्हांकन की कार्रवाई की गई थी। इसके बाद उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल मौदहा के अध्यक्ष जितेंद्र गुप्ता सहित अन्य व्यापारियों ने उपजिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर मामले में पुनः बैठक आयोजित किए जाने का अनुरोध किया था।

व्यापारियों की मांग पर उपजिलाधिकारी करनवीर सिंह ने तहसील सभागार में बैठक आयोजित कर यातायात व्यवस्था, अतिक्रमण हटाने की प्रस्तावित कार्यवाही तथा व्यापारियों की समस्याओं पर चर्चा करते हुए उपजिलाधिकारी ने कहा कि प्रशासन व्यापारियों का हित चाहते हैं ' नक्से में जिस तरह से मैप है उसी प्रकार से अतिक्रमण हटाया जायेगा ' इससे अच्छा है कि व्यापारी नाला के पार अपनी दुकानें न सजाए और नाले के ऊपर व बाहर स्थाई अतिक्रमण स्वयं हटाले ' इस पर व्यापारियो ने अपनी अपनी समस्याओं से अधिकारियों को अवगत कराया । एसडीएम ने व्यापारियों से संवाद करते हुए कहा कि दिन में भारी वाहनों से अपना सामान न मंगाए ' उसके लिए या तो सुबह सुबह या रात को यह काम करे ' व्यापारी नेता जे के गुप्ता ने कहा कि हम व्यापारियों को बुधवार तक का समय दे।

# केन्द्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलब्ध में प्रभारी मंत्री ने बतायीं उपलब्धियां

## विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों को बांटे स्वीकृति पत्र, डेमो चाभी व चेक

**ललितपुर, 14 जून (तरुणमित्र)।** केन्द्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर समेकित जन-कल्याण एवं जन-जागरुकता अभियान के तहत जिले के प्रभारी मंत्री व राज्यमंत्री, अल्पसंख्यक कल्याण, मुस्लिम वक्फ एवं हज उ0प्र0 दानिश आजाद अंसारी ने रविवार को जहां एक ओर जनपद के विकास कार्यों की समीक्षा बैठक कर अधिकारियों को जनकल्याण की योजनओं और विकास कार्यों को धरातल पर उतारने के निर्देश दिये, तो वहीं विभिन्न लाभार्थीपरक योजनाओं के स्वीकृति पत्र, प्रमाण पत्र, कृषि यंत्र, स्मार्ट फोन, चैक, आयुष्मान कार्ड एवं आवासों की डेमो चाभी लाभार्थियों को सौंपकर प्रधानमंत्री के कार्यकाल की उपलब्धियां बतायीं।




बैठक में जिलाधिकारी सत्य प्रकाश व पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक सहित अन्य अधिकारीगणों ने जनप्रतिनिधियों का बुके भेंट कर स्वागत किया।

इस अवसर पर बताया कि इस माह सीएम डैशबोर्ड पर जिले को ऑवरऑल रैंकिंग में 13वां स्थान प्राप्त हुआ है और निर्धारित इंडिकेटर्स पर 53 योजनाओं को ए तथा 8 योजनाओं को बी एवं सी ग्रेड प्राप्त हुआ है। इस पर प्रभारी मंत्री ने स्पष्ट निर्देश दिये कि निर्माण सहित सभी योजनाओं में किसी भी दशा में रैंकिंग नीचे नहीं आनी चाहिए अन्यथा की स्थिति में सम्बंधित विभागीय अधिकारियों की जिम्मेदारी तय करते हुए कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने विद्युत आपूर्ति की समीक्षा करते हुए निर्देश दिये कि निर्धारित रोस्टर के अनुसार शहर में 24 तथा ग्रामीण इलाकों में 48 घण्टे में खराब ट्रांसफामर बदले जायें या उनकी मरम्मत की जाए। इसके अलावा जनपद में कहीं भी अनावश्यक विजिलेंस के नाम पर आमजनता को परेशान न किया जाए, यदि ऐसी शिकायतें मिलीं तो सम्बंधित के विरुद्ध सख्त कदम उठाये जायेंगे। उन्होंने विकास कार्यक्रमों से जुड़े सभी अधिकारियों को निर्देश दिये कि जनकल्याणकारी योजनाएं व विकास कार्य जल्द से जल्द धरातल पर दिखने चाहिए, शासन स्तर से बजट में कोई कमी नहीं आने दी जाएगी। इसके अलावा उन्होंने पुलिस अधीक्षक को निर्देश दिये कि जनपद में कानून एवं शान्ति व्यवस्था एकदम चुस्तदुरुस्त रखी जाए, पीढ़ित को त्वरित न्याय मिलना चाहिए ।

कार्यक्रम में प्रभारी मंत्री सहित अन्य जनप्रतिनिधिगणों व अधिकारियों ने विभिन्न लाभार्थीपरक योजनाओं में 10 आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को स्मार्ट फोन, 16 लाभार्थियों को 1 करोड़ 22 लाख 56 हजार का ऋण व ट्रेक्टर ट्राली, 04 लाभार्थियों को मुख्यमंत्री आवास की डेमो चाभी, 05 लाभार्थियों को आयुष्मान कार्ड, 06 लाभार्थियों को प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के प्रशस्ति पत्र, 01 महिला लाभार्थी को रिवॉल्विंग फण्ड का डेमो चेक, 01 बीसी सखी को थर्मल प्रिंटर तथा 05 बीसी सखियों को साड़ी का वितरण किया, साथ ही किसान लाभार्थियों को ट्रेक्टर की चाभी देकर हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया।

# राजस्थान-हरियाणा से 18 बाल-बंधुआ मजदूर मुक्त

**बांदा, 14 जून (तरुणमित्र)।** असंगठित मजदूर मोर्चा और लेबर डेवलपमेंट फाउंडेशन के प्रयासों से बांदा जनपद के 18 बाल एवं बंधुआ मजदूरों को राजस्थान और हरियाणा के ईंट भट्ठों से मुक्त कराया गया है। सभी मजदूर अनुसूचित जाति समुदाय से हैं और महीनों से बंधक बनाकर रखे गए थे। मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष दल सिंगार के हस्तक्षेप के बाद प्रशासन ने कार्रवाई कर इन्हें छुड़ाया।

मुक्त कराए गए मजदूरों में 6 मजदूर राजस्थान के श्रीगंगानगर जिले की रावला मंडी स्थित गणेश ब्रिक्स कंपनी से और 12 मजदूर हरियाणा के रेवाड़ी जिले के जाडरा गांव स्थित भगत जी ईंट भट्ठा से आजाद हुए। दोनों जगह मजदूरों से जबरन काम कराया जा रहा था। राजस्थान में फंसे मजदूर नीरज ने बताया कि नवंबर 2025 में ठेकेदार



पहलवान उर्फ प्रदीप कर्ज/एडवांस का लालच देकर ट्रक से श्रीगंगानगर ले गया था। वहां बुनियादी सुविधाएं नहीं थीं। विरोध पर मालिक सुखबीर और ठेकेदार ने लाखों का कर्ज बताकर धमकाया। घर जाने पर मारपीट, गाली-गलौज और बच्चों समेत भट्ठे में झोंककर जलाने की धमकी दी जाती थी। हरियाणा में फंसे रमेश व अन्य 3 परिवारों के 12 लोगों को भी जमादार दिलीप नवंबर 2025 में एडवांस देकर ले गया था। कर्ज चुकाने के बाद भी मजदूरी नहीं दी गई और बिना पैसे के काम कराया जा रहा था। 4-5 जून 2026 को मामले की जानकारी मिलने पर मोर्चा ने परिवारों से संपर्क किया। 8 जून को दल सिंगार ने राजस्थान, हरियाणा और यूपी के मुख्य सचिव, श्रम आयुक्त, तीनों जिलों के डीएम-एसपी और राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग को बंधुआ मजदूरी उन्मूलन अधिनियम 1976, इंटरस्टेट माइग्रेंट वर्कमैन एक्ट 1979, एससी-एसटी एक्ट और न्यूनतम मजदूरी अधिनियम के तहत कार्रवाई के लिए पत्र भेजा।

# जिले को मिली बड़ी सौगात, देवरी का नाम अब होगा 'देवपुरी', केसली और गौरझामर बनेंगी नगर पंचायत



**सागर।** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के रविवार को सागर जिले के केसली विकासखंड प्रवास के दौरान क्षेत्र को विकास कार्यों की एक बड़ी सौगात मिली है।

केसली में आयोजित 'लाड़ली बहना योजना' के भव्य राशि अंतरण कार्यक्रम समारोह में मुख्यमंत्री ने जिले के विकास के लिए लगभग 190.85 करोड़ रुपये की लागत के कुल 53 कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने क्षेत्रवासियों को बड़ी प्रशासनिक सौगातें देते हुए घोषणा की कि ऐतिहासिक देवरी का नाम अब 'देवपुरी' होगा। इसके साथ ही, स्थानीय नागरिकों की लंबे समय से चली आ रही मांग को पूरा करते हुए केसली एवं गौरझामर को नगर पंचायत बनाने का भी ऐलान किया गया।समारोह के दौरान मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा कुल ?190.85 करोड़ के कार्यों को हरी झंडी दिखाई गई, जिसका वर्गीकरण इस प्रकार है।

लगभग 68.83 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित 25 निर्माण कार्यों का जनता को समर्पण किया गया। क्षेत्र के भविष्य को संवारने के लिए 122.02 करोड़ रुपये की लागत वाले 28 नए कार्यों का भूमिपूजन (शिलान्यास) हुआ।मुख्यमंत्री द्वारा लोकार्पित किए गए मुख्य कार्यों में बुनियादी ढांचे और स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूती दी गई है।देवरी विकासखंड में झुनकू नदी पर पुल व पहुंच मार्ग (?419.43 लाख), चन्द्रापुर झिरिया आधारपुर दाऊ बाबा मार्ग (?600 लाख), देवरी बायपास से डमरावीर मार्ग (?600 लाख), डोंगरसलैया तिराहा से इमझिरा मार्ग (?300 लाख) और गौरझामर पुलिस थाना से मेढी रोड तक सीसी रोड (?300 लाख)।

सांदीपनि विद्यालय, देवरी (?2729.83 लाख), महाराजपुर में मंगल भवन (?75 लाख), और शासकीय हाईस्कूल चिरचिटा सुखजू में 5 अतिरिक्त कक्षों का निर्माण। केसली में सांदीपनि विद्यालय बनेगा।केसली सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में बीपीएम यूनिट का नवीन भवन (?50 लाख), पुतर्रा, झिरिया, बिछुआ भवतरा, चिरचिटा, मढ़पिपरिया, मुआरखास, परासिया, सिमरिया डोभी और सुना में उपस्वास्थ्य केंद्रों का निर्माण। इसके साथ ही विद्युत क्षमता बढ़ाने के लिए सबस्टेशन में ट्रांसफार्मर क्षमता वृद्धि के कार्य। आगामी समय में क्षेत्र की तस्वीर बदलने के लिए जिन बड़ी परियोजनाओं की नींव रखी गई, उनमें शामिल हैं।

आदिम जाति कल्याण विभाग के तहत केसली में माता शबरी कन्या शिक्षा परिसर (?3999.80 लाख), आदिवासी सीनियर कन्या छात्रावास (?409.80 लाख) और नवीन शासकीय आईटीआई मुख्य भवन व 60 सीटर बालक छात्रावास (?1647.21 लाख)। खटौला जलाशय लघु परियोजना (?1257.07 लाख) और उपस्वास्थ्य केंद्र सहजपुर (?134 लाख) व नन्हीदेवरी (?306 लाख) का निर्माण।सिंगपुर रंजन में 33/11 केवी नवीन उपकेंद्र निर्माण (?262.29 लाख) और सहजपुर व गौरझामर सबस्टेशन में ट्रांसफार्मर क्षमता वृद्धि कार्य (?183.38 लाख)।मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इस मंच से प्रदेश की लाड़ली बहनों के खातों में सिंगल क्लिक के माध्यम से लाडली बहना योजना की 37 वीं किस्त का सफलतापूर्ण अंतरण किया। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम स्थल पर उपस्थित लाडली बहनों पर पुष्प वर्षा कर उनका आत्मीय स्वागत और अभिनंदन किया। इससे पहले, केसली हेलीपैड पर मुख्यमंत्री के आगमन पर स्थानीय जनप्रतिनिधियों, वरिष्ठ समाजसेवियों और प्रशासनिक अधिकारियों ने पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका गरिमामय स्वागत किया।

# मप्र के कटनी में भीषण सड़क हादसा, हाइवा की टक्कर से पलटी यात्री बस, 3 की मौत

**कटनी।** मध्य प्रदेश के कटनी जिले में रविवार को कुठला थाना क्षेत्र स्थित इंडस्ट्रियल एरिया ब्रिज और लमतरा फाटक के पास एक तेज रफ्तार हाइवा (ट्रक) ने यात्री बस को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे बस अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गई। हादसे में तीन यात्रियों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक दर्जन से अधिक यात्री घायल हो गए। कई घायलों की हालत गंभीर बताई जा रही है।जानकारी के अनुसार आर्यन ट्रेवल्स की यात्री बस क्रमांक एमपी 19 पी 0347 विजयराघवगढ़ से कटनी की ओर आ रही थी। रविवार शाम करीब चार बजे बस जब विजयराघवगढ़ मोड़ ब्रिज के पास पहुंची, तभी सामने से आ रहे हाइवा ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। हादसा इतना भयावह था कि टक्कर के बाद बस के परखच्चे उड़ गए और उसमें सवार यात्री एक-दूसरे पर जा गिरे। दो यात्री बस के नीचे दब गए, जबकि एक व्यक्ति ट्रक के केबिन में फंस गया। दुर्घटना के बाद घटनास्थल पर चीख-पुकार मच गई और घायल यात्री मदद के लिए पुकारते रहे। प्रारंभिक जांच में ट्रक के ब्रेक फेल होने की आशंका जताई जा रही है। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बस सड़क किनारे पलट गई और कई यात्री उसके नीचे तथा सीटों के बीच फंस गए।हादसे के बाद सड़क पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। कई यात्रियों के सिर, हाथ और पैरों में गंभीर चोटें आईं।

खून से लथपथ यात्री सड़क और बस के भीतर पड़े हुए मदद के लिए पुकारते रहे। सड़क पर बिखरा सामान, क्षतिग्रस्त वाहन और अपनों को तलाशते परिजनों की बेचैनी हादसे की भयावह तस्वीर बयां कर रही थी। स्थानीय लोगों ने बिना समय गंवाए राहत कार्य शुरू कर दिया। लोगों ने बस के शीशे तोड़कर यात्रियों को बाहर निकालना शुरू किया और पुलिस तथा एम्बुलेंस को सूचना दी।

हादसे में दो पुरुषों और एक महिला की मौत हुई है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार महिला बस के नीचे दब गई थी। बाद में क्रेन की सहायता से बस को उठाकर उसका शव बाहर निकाला गया। इस दर्दनाक दृश्य ने मौके पर मौजूद लोगों को झकझोर कर रख दिया। मृतकों की पहचान नहीं हो सकी है।घटना की सूचना मिलते ही कुठला थाना पुलिस के साथ जिले के अन्य थानों का पुलिस बल और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंच गए। बस के नीचे दबे यात्रियों और ट्रक के केबिन में फंसे व्यक्ति को निकालने के लिए क्रेन की मदद ली गई। काफी देर तक चले रेस्क्यू ऑपरेशन के बाद सभी फंसे लोगों को बाहर निकाला गया। घायलों को तत्काल एम्बुलेंस और डायल-112 वाहनों की सहायता से जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उनका उपचार जारी है। अस्पताल में घायलों के परिजनों की भीड़ उमड़ पड़ी।

# विकसित भारत के संकल्प को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान, पचोर में भाजपा का जिला स्तरीय सम्मेलन



**राजगढ़।** मध्यप्रदेश के राजगढ़ जिले के पचोर नगर में रविवार को उत्सव वाटिका में भारतीय जनता पार्टी द्वारा जिला स्तरीय विकसित भारत संकल्प सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में जिले भर से आए पार्टी पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों और कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। कार्यक्रम में केंद्र सरकार के 12 वर्षों के कार्यकाल की उपलब्धियों, जनकल्याणकारी योजनाओं और विकसित भारत के संकल्प पर चर्चा की गई।

भाजपा जिलाध्यक्ष ज्ञानसिंह गुर्जर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश ने विकास के नए आयाम स्थापित किए हैं। उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 के बाद आधारभूत संरचना, गरीब कल्याण और वैश्विक स्तर पर भारत की प्रतिष्ठा में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। सरकार की योजनाओं के माध्यम से गरीब, शोषित और वंचित वर्गों को मुख्यधारा से जोड़ने का कार्य किया गया है। राज्यमंत्री गौतम टेटवाल ने कहा कि भाजपा ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के एकात्म मानववाद के सिद्धांत को धरातल पर उतारते हुए समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुंचाने का प्रयास किया है। उन्होंने कहा कि डिजिटल इंडिया, स्किल इंडिया, स्टार्टअप इंडिया और आत्मनिर्भर भारत जैसी पहलें युवाओं के लिए नए अवसर पैदा कर रही हैं।सम्मेलन के मुख्य अतिथि सांसद रोडमल नागर रहे। कार्यक्रम में राज्यमंत्री नारायणसिंह पंवार, विधायक अमरसिंह यादव, मोहन शर्मा, पूर्व राज्यमंत्री बद्रीलाल यादव, पूर्व विधायक रघुनंदन शर्मा, पूर्व जिला अध्यक्ष केदार काका, प्रदेश महामंत्री मोना सुस्तानी, दीपसिंह चैहान ने अपने विचार व्यक्त किए। वक्ताओं ने विकसित भारत के निर्माण में जनभागीदारी को आवश्यक बताते हुए कार्यकर्ताओं से सरकार की योजनाओं और उपलब्धियों को घर-घर तक पहुंचाने का आह्वान किया। कार्यक्रम का संचालन अमित शर्मा ने किया। अंत में उपस्थित कार्यकर्ताओं ने विकसित भारत के संकल्प को जन-जन तक पहुंचाने और संगठन को और अधिक मजबूत बनाने का संकल्प लिया।

# जनकल्याण शिविरों में अब तक 3841 आवेदन प्राप्त, 3582 का हुआ मौके पर ही निराकरण



**मंदसौर।** मध्य प्रदेश के मंदसौर जिले में केन्द्र एवं प्रदेश शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र नागरिक तक पहुंचाने के उद्देश्य से 12 जून से 18 जून 2026 तक आयोजित जनकल्याण शिविरों में रविवार तक कुल 3841 हितग्राहियों ने विभिन्न योजनाओं के लिए आवेदन प्रस्तुत किए, जिनमें से 3582 पात्र हितग्राहियों को मौके पर ही योजनाओं का लाभ प्रदान किया गया।

शिविरों में बड़ी संख्या में नागरिक पहुंच रहे हैं तथा शासन की विभिन्न जनहितकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त कर रहे हैं। जिले के सभी विकासखण्ड एवं नगरीय निकाय मुख्यालयों पर तीन दिवसीय शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। जनपद पंचायत मंदसौर में 15 से 17 जून, मल्हारगढ़ में 16 से 18 जून, सीतामऊ में 12 से 14 जून, गरोठ में 12 से 14 जून तथा भानपुरा में 15 से 17 जून तक जनकल्याण शिविर आयोजित किए जाएंगे। इसी प्रकार नगरीय निकायों में नगर पालिका मंदसौर में 15 से 18 जून तथा नगर परिषद नगरी, नारायणगढ़, सीतामऊ, सुवासरा एवं शामगढ़ में 12 से 16 जून तक शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। नगर परिषद मल्हारगढ़, पिपलिया मंडी, गरोठ, भानपुरा एवं भैंसोदा में 15 से 18 जून तक जनकल्याण शिविर आयोजित होंगे।शिविरों में मिल रही हैं अनेक योजनाओं एवं सेवाओं की सुविधाएं - जनकल्याण शिविरों में चालू खसरा-खतौनी एवं नक्शों की प्रतिलिपियां, पीएम स्वनिधि योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, आयुष्मान भारत योजना, लाडली लक्ष्मी योजना, विभिन्न सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाएं, निर्माण श्रमिक पंजीयन, जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र, विवाह पंजीयन, लर्निंग ड्राइविंग लाइसेंस, राष्ट्रीय परिवार सहायता योजना, मुख्यमंत्री कल्याणी विवाह सहायता योजना, मछुआ क्रेडिट कार्ड योजना सहित अनेक जनहितकारी योजनाओं का लाभ प्रदान किया जा रहा है।

इसके अतिरिक्त अविवादित नामांतरण एवं बंटवारा, सीमांकन प्रकरणों का निराकरण, नवीन नल कनेक्शन हेतु मांग-पत्र, भवन निर्माण अनुज्ञा, नामांकन एवं माइग्रेशन प्रमाण पत्र, प्रोविजनल उपाधि, डुप्लीकेट अंकसूची, निःशुल्क कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरण उपलब्ध कराने सहित विभिन्न सेवाएं भी प्रदान की जा रही हैं।

# एक बाल अपचारी सहित चार पकड़ाए, चोरी की दो बाइक बरामद

**राजगढ़।** मध्य प्रदेश के राजगढ़ जिले के कुरावर थाना पुलिस टीम ने मुखबिर सूचना व संकलित साक्ष्यों के आधार पर बाइक चोरी के मामले में एक अपचारी बालक सहित चार आरोपितों को हिरासत में लिया और उनके कब्जे से चोरी की दो बाइकें बरामद की, जिनकी कुल कीमत 80 हजार रुपए है।थाना प्रभारी जितेन्द्र सिंह मावई ने रविवार को बताया कि क्षेत्र से चोरी हुई दो बाइकों के मामले में प्रकरण दर्ज किया गया। विवेचना के दौरान पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी, एएसपी केएल.बंजारे, एसडीओपी नरसिंहगढ़ प्रकाश शर्मा के मार्गदर्शन में गठित टीम ने मुखबिर की सूचना पर संदीप (19)पुत्र समरसिंह राजपूत निवासी लसुडिया रामनाथ, तरुण (24) पुत्र बृजमोहन सोनी निवासी कुरावर, रोहित पुत्र रामस्वरुप निवासी लसुडिया रामनाथ और एक अपचारी बालक को हिरासत में लिया। पुलिस ने आरोपितों के कब्जे से चोरी की दो बाइकें बरामद की, जिसकी कुल कीमत 80 हजार रुपए है। कार्रवाई के दौरान थाना प्रभारी जितेन्द्र सिंह मावई, प्रआर. मिथुन जाटव, नरेश, प्रदीप बैरागी सहित अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

# तेज रफ्तार बस की टक्कर से बाइक सवार घायल, हालत गंभीर

**राजगढ़।** मध्य प्रदेश के राजगढ़ जिले के पचोर थाना क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग-52 पर रविवार दोपहर हुए सड़क हादसे में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। पचोर थाना क्षेत्र के भोजपुरिया जोड़ के समीप तेज रफ्तार बस ने सामने से आ रही बाइक को टक्कर मार दी। दुर्घटना में बस का अगला हिस्सा भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया।

जानकारी के अनुसार इंदौर से ब्यावरा की ओर जा रही बस क्रमांक एमपी-41-पी-1525 ने भोजपुरिया जोड़ के पास बाइक क्रमांक एमपी-39 एमएल -5820 को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि बस का अगला कांच टूट गया और वाहन का सामने का हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे की आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर एकत्र हो गए। दुर्घटना में बाइक सवार बलराम वर्मा (35) निवासी बादलखेड़ी गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना मिलते ही डायल-112 की टीम मौके पर पहुंची और घायल को तत्काल सिविल अस्पताल पचोर पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए राजगढ़ जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया गया। हादसे के बाद हाईवे पर कुछ समय के लिए यातायात प्रभावित रहा, जिसे पुलिस ने मौके पर पहुंचकर सुचारु कराया। पचोर पुलिस ने बस को कब्जे में लेकर चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। दुर्घटना के कारणों का पता लगाने के लिए पुलिस आसपास के लोगों से भी जानकारी जुटा रही है।

# अधिकमास : श्री जगदीश मन्दिर जीवागंज में 56 भोग के महोत्सव का हुआ आयोजन



**मंदसौर।** मध्य प्रदेश के मंदसौर जिले में पुरुषोत्तम मास के उपलक्ष में जीवागंज स्थित श्री जगदीश मंदिर में मंदिर ट्रस्ट एवं गुर्जर गौड़ ब्राह्मण समाज जनकूपुरा पंचायत के संयुक्त तत्वावधान में शनिवार को 56 भोग महोत्सव का आयोजन किया गया।

सांयकाल मन्दिर चौक में 56 भोग की सामग्री का नैवेद्य लगा कर साढ़े सात बजे महा आरती की गई। इस दौरान मन्दिर के बाहर श्रद्धालु दर्शनार्थियों की लम्बी कतारें लग गई। रात्रि लगभग 11 बजे तक दर्शन चलते रहे। 25 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने भगवान श्री जगदीश मन्दिर में 56 भोग के दर्शन किए। जीवागंज में अपार भीड़ देख किसी बड़े तीर्थ का सा वातावरण उत्पन्न हो गया। हजारों की संख्या में एकत्र श्रद्धालुओं को व्यवस्थित दर्शन हो सके इस हेतु यातायात पुलिस द्वारा यहां स्टॉपर लगाए गए थे। महिला पुरुष दोनों की अलग कतारें लगी। भगवान जगदीश का बड़ा ही अदभुत श्रृंगार किया गया था। पुरूषोत्तम (अधिक) मास के अवसर पर केशव सत्संग भवन, खानपुरा में पुरूषोत्तम (अधिक) मास के शुभ अवसर पर पूज्य पाद स्वामी श्री सत्यव्रत चैतन्य जी नर्मदा तट द्वारा रामचरित मानस का वाचन एक जून से प्रारंभ किया जा रहा है, जिसका समापन आज 15 जून को होगा।रविवार को रामचरित मानस शास्त्र का वाचन करते हुए स्वामी सत्यव्रत चैतन्य महाराज ने बताया कि रामसेतु निर्माण के बाद प्रभु श्रीराम की सेना समुद्र के उसपार पहुंची और सबसे पहले युद्ध नीति के अनुसार प्रभु श्रीराम ने अंगद को शांतिदूत बनाकर रावण के समक्ष भेजा और अंगद ने प्रभु श्रीराम का संदेश रावण को दिया लेकिन रावण नहीं माना और अंगद ने रावण का संदेश श्रीराम को दिया और फिर शुरू हुआ प्रभु श्रीराम और रावण का युद्ध।

धर्मसभा में स्वामीजी ने बताया कि उसी प्रकार एक युद्ध हमारे अंदर भी चलता रहता है गृहस्थ जीवन में जीना भी एक युद्ध के समान है प्रतिदिन कई चुनौतियां सामने आती है जिनका सामना हमें डटकर करना होता है। स्वामी जी ने बताया कि कामनाएं प्रतिदिन बढ़ती जाती है जो हमारे वैराग्य को प्रभावित करती है लेकिन हमें दृढइच्छा शक्ति के बल पर इस पर विजयप्राप्त करना चाहिए। स्वामीजी ने बताया कि युद्ध सभी राक्षसों का उद्धार करने के बाद प्रभुश्री राम ने विभिषण के कहे अनुसार रावण की नाभि से अमृत निकालकर उसका भी उद्धार किया। इस प्रकार युद्ध में प्रभु श्रीराम की विजय हुई और प्रभु ने अपने वादे के अनुसार विभिषण को लंका का राजा बनाया और प्रभु अयोध्या के लिए निकले। अब आज अधिकमास के अंतिम दिन रामचरित मानस का समापन होगा और प्रभु श्री राम के अयोध्या आगमन और उनके राजतिलक का वृतांत सुनाया जायेगा।

# वन्यजीव संरक्षण, जल सुरक्षा और हरित भविष्य की आधारशिला हैं वन: मुख्यमंत्री डॉ. यादव

## पौधरोपण स्थल बने प्लास्टिक मुक्त; 11,260 किलोग्राम कचरे का वैज्ञानिक निस्तारण



**भोपाल।** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि राज्य सरकार पर्यावरण संरक्षण, वन संवर्धन और वन्यजीव संरक्षण को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए सतत विकास के लक्ष्य की दिशा में निरंतर कार्य कर रही है। वन केवल हरियाली के स्रोत नहीं हैं, बल्कि वन्यजीवों का प्राकृतिक आवास, जल संरक्षण का आधार और भावी पीढ़ियों के लिए अमूल्य धरोहर हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने रविवार को एक बयान में इसी संकल्प को साकार करते हुए दक्षिण पन्ना वनमंडल ने वन क्षेत्रों को स्वच्छ एवं प्लास्टिक मुक्त बनाने की दिशा में एक अभिनव पहल करते हुए वर्ष 2025 के विभिन्न पौधारोपण स्थलों से 11 हजार 260 किलोग्राम प्लास्टिक कचरे का संग्रहण कर उसका वैज्ञानिक तरीके से निस्तारण किया है। उन्होंने कहा कि इस पहल से पौधारोपण स्थलों को प्लास्टिक मुक्त बनाने में सफलता मिली है, साथ ही 68 हजार किलोग्राम कार्बन-डाइ-ऑक्साइड के बराबर ग्रीन-हाउस गैसों के उत्सर्जन की रोकथाम भी हुई है। इतना ही नहीं, प्लास्टिक कचरे के वैज्ञानिक प्रबंधन से स्थानीय वन समितियों को लगभग 56 हजार 300 रुपये की अतिरिक्त आय प्राप्त हुई। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि वन विभाग द्वारा वर्ष-2025 के विभिन्न पौधरोपण स्थलों पर रोपण कार्य पूरा होने के बाद शेष बचे प्लास्टिक पॉलीबैगों के संग्रहण के लिए विशेष अभियान चलाया गया। स्थानीय वन समितियों और वनकर्मियों के सहयोग से व्यापक स्तर पर प्लास्टिक कचरे का संग्रहण किया गया। इसके उपरांत संग्रहित सामग्री को साफ कर उसमें मिश्रित मिट्टी, पत्थर तथा अन्य अशुद्धियों को पृथक किया गया, जिससे उसका सुरक्षित एवं वैज्ञानिक तरीके से निस्तारण सुनिश्चित किया जा सके।

उन्होंने बताया कि संग्रहित प्लास्टिक कचरे को ऊर्जा पुनर्प्राप्ति (एनर्जी रिकवरी) के लिए अमानगंज स्थित जेके सीमेंट संयंत्र को विक्रय किया गया। सीमेंट संयंत्रों में उपलब्ध आधुनिक प्रदूषण नियंत्रण प्रणालियां तथा इलेक्ट्रो स्टैटिक प्रीसिपिटेटर (ईएसपी) जैसी उन्नत तकनीकों के कारण इस प्रकार के अपशिष्ट का निस्तारण सुरक्षित एवं पर्यावरण-अनुकूल तरीके से किया जा सकता है। यह व्यवस्था खुले में प्लास्टिक जलाने अथवा अवैज्ञानिक तरीके से फेंकने की तुलना में अधिक प्रभावी और सुरक्षित मानी जाती है।

वन विभाग के अनुसार, पौधरोपण के बाद पॉलीबैग्स को वन क्षेत्रों में छोड़ देना, गड्ढों में दबा देना अथवा खुले में जला देना पर्यावरण और वन्यजीवों के लिए गंभीर खतरा उत्पन्न कर सकता है। समय के साथ यह प्लास्टिक सूक्ष्म कणों में परिवर्तित होकर माइक्रोप्लास्टिक का रूप ले लेता है, जो मिट्टी की गुणवत्ता, जल स्रोतों, जैव-विविधता तथा मानव स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव डाल सकता है। ऐसे में प्लास्टिक कचरे का वैज्ञानिक प्रबंधन पर्यावरण संरक्षण की दिशा में अत्यंत महत्वपूर्ण कदम है।

अभियान की विशेष उपलब्धि यह है कि अपशिष्ट समझी जाने वाली सामग्री को उपयोगी संसाधन में परिवर्तित किया गया है। इस प्रक्रिया से प्राप्त आय का उपयोग वन समितियों द्वारा स्थानीय स्तर पर पर्यावरण संरक्षण, वन संवर्धन, सामुदायिक विकास तथा जन-जागरूकता संबंधी गतिविधियों में किया जाएगा। इससे वन संरक्षण के प्रयासों में जनभागीदारी को भी और अधिक मजबूती मिलेगी। दक्षिण पन्ना वनमंडल की यह पहल जन-सहभागिता, स्वच्छता और वैज्ञानिक अपशिष्ट प्रबंधन का उत्कृष्ट उदाहरण है। यह दशार्ती है कि सामूहिक प्रयासों एवं नवाचार आधारित कार्यप्रणाली के माध्यम से न केवल वन क्षेत्रों को स्वच्छ, सुरक्षित और प्लास्टिक मुक्त बनाया जा सकता है, बल्कि स्थानीय समुदायों को आर्थिक लाभ पहुंचाते हुए पर्यावरण संरक्षण, जलवायु संतुलन तथा वन्यजीव संवर्धन के लक्ष्यों को भी प्रभावी ढंग से प्राप्त किया जा सकता है।

# विश्व रक्तदाता दिवस पर 89 यूनिट रक्त संग्रहित रक्तदाताओं का किया गया सम्मान

**जगदलपुर।** विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी शाखा जिला बस्तर एवं आईपीएस वाइफ्स एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में आज रविवार को महारानी अस्पताल, जगदलपुर में विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। कलेक्टर एवं रेडक्रॉस सोसायटी के अध्यक्ष आकाश छिकारा के मार्गदर्शन में आयोजित इस शिविर में बड़ी संख्या में लोगों ने उत्साहपूर्वक रक्तदान कर मानवता की सेवा का संदेश दिया। दिनभर चले शिविर में कुल 89 यूनिट रक्त संग्रहित किया गया, जबकि चिकित्सकीय जांच में अयोग्य पाए जाने के कारण 43 इच्छुक रक्तदाताओं का रक्त नहीं लिया जा सका। शिविर में महिलाओं ने भी बढ़-चढ़कर भागीदारी निभाई। महिलाओं ने रक्तदान कर समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाई। इस अवसर पर सक्रिय रक्तदाताओं का सम्मान भी किया गया। महारानी अस्पताल में आयोजित शिविर में विधायक किरण सिंह देव, महापौर संजय पांडे, सहित अन्य जनप्रतिनिधि की उपस्थिति रही। महापौर संजय पांडे ने स्वयं रक्तदान कर लोगों को प्रेरित किया। भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा आयोजित इस शिविर का उद्देश्य ग्रामीण एवं दूरस्थ क्षेत्रों से आने वाले मरीजों, विशेषकर थैलेसीमिया, सिकलसेल और गंभीर एनीमिया से पीड़ित बच्चों के लिए रक्त की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करना था। सुबह 10 बजे प्रारंभ हुए शिविर में पहले घंटे में ही 40 से अधिक पुलिस जवानों ने पंजीयन कराकर रक्तदान किया। कार्यक्रम में आईजी सुंदरराज पी., कलेक्टर आकाश छिकारा, पुलिस अधीक्षक शलभ सिन्हा, सीएमएचओ डॉ. संजय बसाक, जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. सी. मैत्री, सिविल सर्जन डॉ. संजय प्रसाद, रेडक्रॉस उपाध्यक्ष अलेक्जेंडर चेरियन, जिला कोषाध्यक्ष ऋषि भटनागर सहित रेडक्रॉस सोसायटी के पदाधिकारी, चिकित्सक एवं बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे ।महारानी अस्पताल के चिकित्सकों की टीम ने रक्तदान की पूरी प्रक्रिया संपन्न कराई। रक्तदान से पूर्व प्रत्येक दाता के वजन, हीमोग्लोबिन स्तर एवं रक्तचाप की जांच की गई। चिकित्सकीय रूप से पूर्णतः स्वस्थ पाए जाने पर ही रक्तदान की अनुमति दी गई।रक्तदान के पश्चात सभी रक्तदाताओं को ओआरएस घोल, फल एवं अल्पाहार प्रदान किया गया। रेडक्रॉस सोसायटी की ओर से सभी रक्तदाताओं को उनकी असाधारण सेवा के लिए प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

## संक्षिप्त समाचार

### 84 कोसी परिक्रमा के दौरान बुजुर्ग महिला के पैर में लगी गोली, ब्यावरा अस्पताल में हुआ आपरेशन

**राजगढ़।** मध्य प्रदेश के राजगढ़ जिले के ब्यावरा शहर स्थित निजी अस्पताल में 70 वर्षीय महिला का आपरेशन किया गया,जिसके 84 कोसी परिक्रमा के दौरान पैर में गोली लगी थी। महिला को रविवार को स्वस्थ होने पर अस्पताल से डिसचार्ज किया गया। जानकारी के अनुसार बीनागंज थाना क्षेत्र के खातोली गांव की 70 वर्षीय भूरी बाई पत्नी मिश्रीलाल लोधा 84 कोसी परिक्रमा के लिए उत्तर प्रदेश के मथुरा-वृंदावन क्षेत्र गई थीं। परिक्रमा के दौरान मथुरा के निकट माहोली गांव में हुए दो पक्षों के विवाद के बीच चली फायरिंग में उनके पैर में गोली लग गई। हैरानी की बात यह रही कि घायल होने के बावजूद उन्होंने अपनी धार्मिक यात्रा जारी रखी और करीब 15 दिन बाद परिक्रमा पूरी कर गांव लौटीं। परिजनों के अनुसार 27 मई को गांव व आसपास के क्षेत्र के करीब 20 श्रद्धालुओं का जत्था रुठियाई से ट्रेन द्वारा 84 कोसी परिक्रमा के लिए रवाना हुआ था। इसी दौरान माहोली गांव में चल रहे भंडारे के दौरान दो पक्षों के बीच विवाद बढ़ गया, जिसके बाद दोनों ओर से कथित रूप से बंदूक और पिस्टल से फायरिंग होने लगी। इसी दौरान परिक्रमा कर रहे श्रद्धालु वहां से गुजर रहे थे और एक गोली भूरी बाई के पैर में जा लगी। परिजनों के अनुसार घायल होने के बाद उनका प्राथमिक उपचार कराया गया, लेकिन दर्द के बावजूद उन्होंने परिक्रमा जारी रखी। 8 जून को गांव लौटने के बाद भी पैर में लगातार दर्द बना रहा। दर्द असहनीय होने पर 11 जून को उन्हें ब्यावरा के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। एक्सरे जांच में पैर के भीतर गोली फंसी होने का पता चला, जिसके बाद चिकित्सकों ने ऑपरेशन कर गोली निकाल दी। सूचना मिलने पर सिटी पुलिस ने अस्पताल पहुंचकर महिला की एमएलसी कराई। प्रारंभिक जांच के बाद प्रकरण को आगे की कार्रवाई के लिए मथुरा पुलिस के पास भेजा गया है।

### तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार बुजुर्ग को कुचला 200 फीट तक घसीटने से मौके पर मौत

**राजगढ़।** मध्य प्रदेश के राजगढ़ जिले के ब्यावरा शहर के न्यू बस स्टैंड के समीप रविवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार बुजुर्ग की मौके पर ही मौत हो गई। तेज रफ्तार ट्रक की चपेट में आने के बाद बुजुर्ग को वाहन करीब 150 से 200 फीट तक घसीटता हुआ ले गया। पुलिस के अनुसार मृतक की पहचान 60 वर्षीय मांगीलाल पुत्र अमरसिंह सौंधिया, निवासी अरनिया के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि वे सुबह चाय पीने के लिए न्यू बस स्टैंड क्षेत्र में आए थे। इसी दौरान सुठालिया रोड पर परचून का सामान लेकर जा रहा ट्रक क्रमांक एमपी-09-एचजी-9754 उनकी बाइक से टकरा गया। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि टक्कर के बाद चालक ट्रक को नहीं रोक पाया और बाइक सवार को काफी दूरी तक घसीटता रहा। हादसे में बुजुर्ग की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद आसपास मौजूद लोगों ने ट्रक का पीछा कर उसे रुकवाया और पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही सिटी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए अस्पताल भिजवाया। थाना प्रभारी शिवराज सिंह चौहान ने बताया कि दुर्घटनाग्रस्त ट्रक को जब्त कर लिया गया है।

### चोरी के चार बाइकों के साथ दो आरोपित गिरफ्तार

**राजगढ़।** मध्य प्रदेश के राजगढ़ जिले के सारंगपुर थाना पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर बाइक चोर गिरोह के दो सदस्यों को देवास जिले से गिरफ्तार किया और उनके कब्जे से चोरी की चार बाइकें बरामद की। थाना प्रभारी राहुल रघुवंशी ने रविवार को बताया कि 31 मार्च को ग्राम बालोड़ी निवासी धर्मेंद्र पुत्र नारायण अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसके घर की दलान से हीरो स्प्लेंडर मोटरसाइकिल (एमपी-39-जीजी-4926) चोरी हो गई है। पुलिस ने मामले में अज्ञात के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर तलाष षुरु की। विवेचना के दौरान पुलिस टीम ने करीब 110 सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली और साइबर सेल की मदद से आरोपितों तक पहुंच बनाई। पुलिस ने मामले में देवास जिले के पीपलरावा क्षेत्र निवासी मिथुन (26)पुत्र अम्बाराम हाड़ा और ध्रुव(19) पुत्र सुनेर कंजर को गिरफ्तार किया। पूछताछ में दोनों ने मोटरसाइकिल चोरी की वारदातों में संलिप्तता स्वीकार की। उनकी निशानदेही पर चार चोरी की मोटरसाइकिलें बरामद की गईं।

# श्रीलंका दौरे के लिए भारतीय अंडर-19 महिला क्रिकेट टीम की उपकप्तान बनीं महक नरवासे, मुख्यमंत्री साय ने किया सम्मानित



**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से आज शनिवार को राजनांदगांव जिले की प्रतिभाशाली युवा क्रिकेटर महक नरवासे ने सौजन्य मुलाकात की। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह तथा सांसद बृजमोहन अग्रवाल उपस्थित थे। मुख्यमंत्री साय ने भारतीय महिला अंडर-19 क्रिकेट टीम के आगामी श्रीलंका दौरे के लिए टी-20 एवं वनडे दोनों टीमों का उपकप्तान नियुक्त किए जाने पर महक नरवासे को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने शॉल और स्मृति चिन्ह भेंट कर महक का सम्मान किया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि महक नरवासे की यह उपलब्धि केवल उनके परिवार या राजनांदगांव जिले की नहीं, बल्कि पूरे छत्तीसगढ़ के लिए गर्व और प्रेरणा का विषय है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की बेटियां आज खेल सहित विभिन्न क्षेत्रों में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रही हैं और राष्ट्रीयस्तर पर नई पहचान बना रही हैं। महक ने अपनी मेहनत, अनुशासन और समर्पण के बल पर यह मुकाम हासिल किया है, जो प्रदेश के युवाओं, विशेषकर बेटियों के लिए प्रेरणादायी है। मुख्यमंत्री ने विश्वास व्यक्त किया कि महक आगामी अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर छत्तीसगढ़ और देश का नाम गौरवान्वित करेंगी। उन्होंने महक को प्रोत्साहित करते हुए कहा, 'खूब खेलो, आगे बढ़ो और नई ऊंचाइयों को छुओ। आपकी सफलता प्रदेश के हजारों युवा खिलाड़ियों के सपनों को नई उड़ान देगी।'

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि राज्य सरकार खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने और उन्हें बेहतर अवसर उपलब्ध कराने के लिए निरंतर कार्य कर रही है।

महक नरवासे का भारतीय अंडर-19 महिला टीम की उपकप्तान के रूप में चयन प्रदेश में विकसित हो रहे खेल वातावरण और खिलाड़ियों को मिल रहे अवसरों का उत्कृष्ट उदाहरण है।

महक नरवासे ने सम्मान एवं शुभकामनाओं के लिए मुख्यमंत्री साय के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर उनके पिता राधेश्याम नरवासे, महापौर मधुसूदन यादव, कोच मनोज तिवारी तथा अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# केन विलियमसन के संन्यास के बाद विल यंग न्यूजीलैंड टेस्ट टीम में शामिल



**लंदन।** न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम ने इंग्लैंड के खिलाफ बाकी दो टेस्ट मैचों के लिए बल्लेबाज विल यंग को टीम में शामिल किया है। यह फैसला दिग्गज बल्लेबाज केन विलियमसन के सीरीज के बीच अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने के बाद लिया गया। न्यूजीलैंड क्रिकेट बोर्ड ने शनिवार को उक्त जानकारी दी। 33 वर्षीय विल यंग 14 जून को इंग्लैंड पहुंचेंगे और 17 जून से द ओवल में शुरू होने वाले दूसरे टेस्ट से पहले सोमवार को टीम के साथ अभ्यास करेंगे। विल यंग ने अपना पिछला टेस्ट दिसंबर 2025 में खेला था, लेकिन उन्हें शुरूआत में इंग्लैंड दौरे के लिए नहीं चुना गया था।

दिसंबर 2020 में टेस्ट पदार्पण करने वाले यंग अब तक केवल 23 टेस्ट मैच खेल पाए हैं। हालांकि सीमित अवसरों के बावजूद उन्होंने शीर्ष क्रम में लगातार प्रभाव छोड़ा है। उनके करियर की सबसे यादगार उपलब्धियों में से एक वर्ष 2024 में भारत दौरे पर आई थी, जब न्यूजीलैंड ने ऐतिहासिक रूप से भारत को उसकी सरजमीं पर 3-0 से हराया था। उस श्रृंखला में केन विलियमसन की अनुपस्थिति में तीसरे क्रम पर बल्लेबाजी करते हुए विल यंग ने छह पारियों में 244 रन बनाए थे और 'प्लेयर ऑफ द सीरीज' चुने गए थे। भारतीय स्पिनरों के खिलाफ कठिन परिस्थितियों में उनका प्रदर्शन काफी सराहा गया था। इस बीच, संन्यास की घोषणा के बाद केन विलियमसन ने कहा कि वह कुछ समय तक टीम के साथ बने रहेंगे, ताकि बदलाव का दौर सहज तरीके से पूरा हो सके।

विलियमसन ने कहा, 'मैं कुछ समय तक टीम के आसपास रहूंगा, लेकिन खिलाड़ियों को थोड़ा समय और जगह भी देना चाहता हूं। टीम के कई खिलाड़ियों के लिए यह बदलाव नया है और समय के साथ सब आगे बढ़ेगा।' उन्होंने आगे कहा, 'इस टीम में विकास की काफी संभावनाएं हैं। मैं लंबे समय से इस टीम का हिस्सा रहा हूं और अब कई नए लीडर तैयार हैं। मुझे याद है जब हमारी टीम के वरिष्ठ खिलाड़ी विदा हुए थे, तब भी बदलाव आया था। मेरा हटना भी नई नेतृत्व पीढ़ी के लिए अवसर लेकर आएगा।' न्यूजीलैंड टीम प्रबंधन को उम्मीद है कि विल यंग का अनुभव और शीर्ष क्रम में स्थिरता टीम को इंग्लैंड के खिलाफ बाकी टेस्ट मुकाबलों में मजबूती प्रदान करेगी।

# ऑस्ट्रेलियन ओपन 2026 के सेमीफाइनल में हारीं सिंधु, यामागुची ने रोका खिताबी अभियान



**सिडनी।** भारत की स्टार शटलर और दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु का ऑस्ट्रेलियन ओपन 2026 में शानदार सफर सेमीफाइनल में समाप्त हो गया। शनिवार को खेले गए महिला एकल मुकाबले में उन्हें मौजूदा विश्व चैंपियन जापान की अकाने यामागुची ने 22-20, 21-12 से हराया। मुकाबले की शुरूआत सिंधु ने दमदार अंदाज में की और पहले गेम के अधिकांश समय बढ़त बनाए रखी। हालांकि यामागुची ने लगातार वापसी करते हुए मुकाबले को ड्यूस तक पहुंचाया और अंततः पहला गेम अपने नाम कर लिया। पहले गेम की जीत से मिली लय को जापानी खिलाड़ी ने दूसरे गेम में भी बरकरार रखा। सिंधु ने शुरूआती बढ़त बनाई, लेकिन इसके बाद यामागुची ने लगातार अंक जुटाते हुए 18-9 की मजबूत बढ़त हासिल कर ली। अंत में सिंधु का शॉट नेट में जाने के साथ मुकाबला समाप्त हुआ।

सिंधु ने इससे पहले क्वार्टर फाइनल में चीनी ताइपे की चेन सू-यू को मात्र 27 मिनट में 21-6, 21-9 से हराकर अंतिम चार में जगह बनाई थी। विश्व रैंकिंग में 10वें स्थान पर काबिज सिंधु की यह 2026 बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर सत्र में दूसरी सेमीफाइनल उपस्थिति रही। इससे पहले वह जनवरी में मलेशिया ओपन के अंतिम चार तक पहुंची थीं। सिंधु इस टूर्नामेंट के जरिए सैयद मोदी इंटरनेशनल 2024 के बाद अपना पहला बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर खिताब जीतने की कोशिश कर रही थीं। हालांकि खिताबी दौड़ यहीं समाप्त हो गई, लेकिन उनका सेमीफाइनल तक पहुंचना इस सत्र में उनकी बेहतर होती लय का संकेत माना जा रहा है।

## तेजस शिर्से ने बनाया नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड, राष्ट्रमंडल खेलों के लिए किया क्वालीफाई

**लुधियाना।** भारत के उभरते एथलीट तेजस शिर्से ने शनिवार को पंजाब के गुरु नानक स्टेडियम में आयोजित इंडियन एथलेटिक्स सीरीज-9 में पुरुषों की 110 मीटर बाधा दौड़ में नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाकर इतिहास रच दिया। 24 वर्षीय तेजस ने यह रेस 13.27 सेकंड में पूरी की और अपना ही पुराना राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ दिया। इससे पहले उन्होंने वर्ष 2024 में 13.41 सेकंड का राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया था। तेजस का यह प्रदर्शन इस सत्र में एशियाई खिलाड़ियों के बीच पुरुष 110 मीटर बाधा दौड़ का छठा सबसे तेज समय भी बन गया है। इस शानदार प्रदर्शन के साथ तेजस ने इसी वर्ष होने वाले राष्ट्रमंडल खेलों के लिए भी क्वालीफाई कर लिया है।

# गुरु जसपाल राणा के निधन पर भावुक हुई मनु भाकर, कहा- अपूरणीय क्षति

**नई दिल्ली।** भारत की स्टार निशानेबाज मनु भाकर ने अपने गुरु और मार्गदर्शक जसपाल राणा के निधन को खेल जगत के लिए 'अपूरणीय क्षति' बताया है। भारत के महान पिस्टल निशानेबाज और बाद में सफल कोच बने जसपाल राणा का 49 वर्ष की आयु में हृदय संबंधी जटिलताओं के कारण गुरुवार-शुक्रवार की दरमियानी रात निधन हो गया। अपने निधन के समय वह भारतीय पिस्टल शूटिंग टीम के हाई परफॉर्मेंस कोच के रूप में कार्यरत थे। जसपाल राणा ने मनु भाकर के करियर को नई दिशा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। उनके मार्गदर्शन में मनु ने पेरिस ओलंपिक 2024 में ऐतिहासिक प्रदर्शन करते हुए दो



कांस्य पदक जीतकर नया इतिहास रचा था।

अपने गुरु के निधन पर मनु ने सोशल मीडिया पर तीन तस्वीरें साझा करते हुए केवल दो शब्द लिखे- अपूरणीय क्षति। वर्तमान में देहरादून में राष्ट्रीय शिविर का हिस्सा बनीं मनु, जसपाल राणा के पार्थिव शरीर के शहर पहुंचने पर भी मौजूद रहीं। शुक्रवार शाम वह जसपाल राणा के पिता एनएस राणा और परिवार के अन्य सदस्यों के साथ अंतिम श्रद्धांजलि अर्पित करती दिखाई दीं। जसपाल राणा का खिलाड़ी के रूप में करियर 15 वर्षों से अधिक समय तक चला।

उनके करियर की सबसे बड़ी उपलब्धियों में 2006 एशियाई खेल शामिल रहे, जहां उन्होंने तीन स्वर्ण और एक रजत पदक जीतकर उस समय के विश्व रिकॉर्ड की बराबरी की थी। प्रतिभा पहचानने और खिलाड़ियों को बड़े मंच के लिए तैयार करने की उनकी क्षमता ने उन्हें भारतीय शूटिंग के सबसे प्रभावशाली कोचों में शामिल किया। उनका योगदान आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा बना रहेगा।

## अर्थव्यवस्था

# नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट 15 जून से शुरू करेगी कमर्शियल उड़ानें, इंडिगो की होगी पहली फ्लाइट

**नई दिल्ली।** देश की सबसे बड़ी एयरलाइन इंडिगो 15 जून से जेवर में स्थित नोएडा अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट से कमर्शियल उड़ानें शुरू करेगी। केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री राम मोहन नायडू सोमवार को पहली उड़ान को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। आधिकारिक सूत्रों ने शनिवार को बताया कि नोएडा अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट से 15 जून को कमर्शियल उड़ानें शुरू होंगी। इंडिगो पहली फ्लाइट ऑपरेट करेगी।

एयरलाइन की पहली उड़ान लखनऊ से नोएडा एयरपोर्ट के लिए होगी, जो लखनऊ से सुबह 7:05 बजे उड़ेगी और 8:05 बजे नोएडा पहुंचेगी। उत्तर प्रदेश के गौतम बुद्ध नगर जिले के जेवर में बना यह एयरपोर्ट अब दिल्ली-एनसीआर का दूसरा इंटरनेशनल गेटवे बन जाएगा।

**पहली उड़ानें और शुरूआती रूट नेटवर्क :** इंडिगो एयरलाइन की पहली कमर्शियल उड़ान लखनऊ से नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के लिए चलेगी, यह सुबह 7:05 बजे रवाना होगी और सुबह 8:05 बजे पहुंचेगी। 16 जून से बेंगलुरु के लिए उड़ानें शुरू होंगी। इसके बाद जुलाई 2026 से नवी मुंबई, भोपाल, देहरादून, जोधपुर और बरेली के लिए सर्विस शुरू की जाएगी। इंडिगो सबसे पहले अपनी सेवाएं शुरू करेगी और उसके बाद के चरणों में आकासा एयर और



एयर इंडिया एक्सप्रेस भी अपनी सेवाएं शुरू करेंगी, जिससे प्रमुख घरेलू रूटों पर कनेक्टिविटी बढ़ेगी। आने वाले हफ्तों में एयरपोर्ट 16 से ज्यादा घरेलू रूट जोड़ेगा। नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के पहले चरण का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 28 मार्च को किया था।

**यात्रियों के लिए आधुनिक अनुभव और स्मार्ट सुविधाएं :** इस एयरपोर्ट को यात्रियों की सुविधा और टेक्नोलॉजी पर खास ध्यान देते हुए डिजाइन किया गया है। यहां मिलने वाली सुविधाओं में सेल्फ-चेक-इन कियोस्क, डिजीयात्रा सिस्टम के तहत बायोमेट्रिक बोर्डिंग, ऑटोमेटेड बैगेज ड्रॉप काउंटर और ज्यादातर पेपरलेस ट्रैवल प्रोसेस शामिल हैं, जिनका मकसद भीड़ और इंतजार के समय को कम करना है।

**दिल्ली-एनसीआर कनेक्टिविटी को बड़ा बढ़ावा :** रणनीतिक रूप से सही जगह पर स्थित यह एयरपोर्ट नोएडा से लगभग 40 किमी, ग्रेटर नोएडा से 28 किमी और नई दिल्ली के इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट से लगभग 72 किमी दूर है।

इस लोकेशन की वजह से पश्चिमी उत्तर प्रदेश और एनसीआर इलाके के लाखों यात्रियों का यात्रा का समय काफी कम होने की उम्मीद है।

## विदेशी मुद्रा भंडार 71.1 करोड़ डॉलर घटकर 681.61 अरब डॉलर पर

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में जारी संकट के बीच आर्थिक मोर्चे पर झटका लगने वाली खबर है। लगातार तीसरे हफ्ते विदेशी मुद्रा भंडार में गिरावट दर्ज हुई है। देश का विदेशी मुद्रा भंडार पांच जून को समाप्त हफ्ते में 71.1 करोड़ डॉलर घटकर 681.61 अरब डॉलर रह गया। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने शुक्रवार को जारी आंकड़ों में बताया कि पांच जून को समाप्त हफ्ते में देश का विदेशी मुद्रा भंडार घटकर 681.61 अरब डॉलर रहा है। इससे पिछले सप्ताह विदेशी मुद्रा भंडार 93.8 करोड़ डॉलर बढ़कर 682.32 अरब डॉलर रहा था। आरबीआई आंकड़ों के मुताबिक पांच जून को समाप्त हफ्ते में विदेशी मुद्रा भंडार का प्रमुख हिस्सा विदेशी मुद्रा आस्तियां (एफसीए) 270.4 करोड़ डॉलर घटकर 543.44 अरब डॉलर रह गईं।

# मैगी में संक्रमण के आरोप गलत, जांच में सही पाए गए सभी उत्पाद: नेस्ले इंडिया

**नई दिल्ली।** नेस्ले इंडिया ने मैगी नूडल्स में कीड़ों की मौजूदगी को लेकर लगाए गए आरोपों को खारिज कर दिया है। कंपनी ने कहा कि प्रयोगशाला परीक्षणों में सभी उत्पाद गुणवत्ता और खाद्य सुरक्षा मानकों पर खरे पाए गए हैं। रोजमर्रा के उपभोक्ता उत्पाद (एफएमसीजी) क्षेत्र की प्रमुख कंपनी ने शनिवार को शेयर बाजारों को दिए गए स्पष्टीकरण में कहा कि सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक असत्यापित खाते द्वारा उठाई गई चिंता के बाद उसे यह शिकायत भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) के माध्यम से मिली।

नेस्ले इंडिया ने 12 जून को छपी एक खबर के बारे में एनएसई और बीएसई के सवालों के जवाब में यह सफाई दी है। कंपनी ने कहा, 'हम मीडिया में चल रहे उन आरोपों को पूरी तरह खारिज करते हैं जो मैगी नूडल्स में कीड़े होने के बारे में एक बिना पुष्टि वाले दावे पर आधारित हैं।' कंपनी ने कहा कि स्वतंत्र लैब टेस्ट और बैच एवं मार्केट सैंपल की क्वालिटी जांच से पुष्टि हुई है कि ये प्रोडक्ट सभी फूड सेफ्टी और क्वालिटी स्टैंडर्ड्स को पूरा करते हैं।

कंपनी ने बताया कि उसे जांच के लिए शिकायतकर्ता से अभी तक कोई सैंपल नहीं मिला है और उस व्यक्ति से संपर्क करने की कोशिशें नाकाम रहीं क्योंकि सोशल मीडिया अकाउंट तक पहुंचा नहीं जा सका।

गौरतलब है कि सोशल मीडिया पर मैगी नूडल्स में कीड़े-मकोड़े होने के शिकायत के बाद भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण ने नेस्ले इंडिया को नोटिस जारी कर जवाब मांगा था।

# भारत-जर्मनी विकास सहयोग को मजबूत करने के लिए नई दिल्ली में हुई अहम बैठक

**नई दिल्ली।** नीति आयोग और जर्मनी के एक प्रतिनिधिमंडल के बीच नई दिल्ली में भारत-जर्मनी विकास सहयोग को मजबूत करने के लिए अहम बैठक हुई। नीति आयोग ने शनिवार को एक्स पर एक पोस्ट में बताया कि इस बैठक की अध्यक्षता नीति आयोग के अर्थशास्त्र और वित्त कार्यक्रम निदेशक संजीत सिंह ने की और जर्मन पक्ष का नेतृत्व संघीय आर्थिक सहयोग और विकास मंत्रालय (बीएमजेड) की एशिया और दक्षिण एशिया नीति मामलों की डिवीजन प्रमुख बारबरा शेफर ने किया।

इससे पहले नीति आयोग ने भारत-जर्मनी विकास साझेदारी को आगे बढ़ाने के लिए एक खास द्विपक्षीय चर्चा के लिए जर्मनी के एक उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल का स्वागत किया। बैठक में स्वच्छ ऊर्जा, पर्यावरण संरक्षण, टिकाऊ विकास, कृषि सुधार, जल प्रबंधन और हरित अर्थव्यवस्था में छोटे और मध्यम उद्योगों की



भागीदारी जैसे मुद्दों पर चर्चा की गई। इस दौरान दोनों पक्षों ने जलवायु परिवर्तन से निपटने और सतत विकास के लिए आपसी सहयोग बढ़ाने पर भी जोर दिया। आयोग के अनुसार चर्चा में सहयोग के मुख्य क्षेत्रों को शामिल किया गया, जिनमें भारत का नेट जीरो ट्रांज़िशन, नवीकरणीय ऊर्जा, सर्कुलर इकोनॉमी, पीपीपी के जरिए टिकाऊ बुनियादी ढांचा, कृषि में बदलाव, जल संसाधन प्रबंधन, ग्रीन इकोनॉमी में एसएमई की भागीदारी और जीएसडीपी प्रतिबद्धताओं के साथ द्विपक्षीय वित्तपोषण का तालमेल शामिल था। दोनों पक्षों ने जर्मनी की तकनीकी विशेषज्ञता और विकास वित्त क्षमताओं तथा भारत की नीतिगत महत्वाकांक्षा और संस्थागत पैमाने के बीच आपसी पूरकता पर जोर दिया।

इन चचाओं में बुनियादी ढांचे के वित्त पोषण में सहयोग को मजबूत करने और भारत के जलवायु और नियामक ढांचे में वैश्विक निवेशकों का भरोसा बढ़ाने पर विचार किया गया। इस बैठक का समापन निरंतर बातचीत और सहयोग के माध्यम से भारत-जर्मनी विकास साझेदारी को और गहरा करने की साझा प्रतिबद्धता के साथ हुआ।

## डीआरआई ने 14 करोड़ रुपये की 71 लाख विदेशी सिगरेट स्टिक जब्त की, चार गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) ने पूर्वोत्तर क्षेत्र में तस्करी से लाई गई 14 करोड़ रुपये मूल्य की 71 लाख विदेशी सिगरेट स्टिक जब्त किया, जबकि चार लोगों को गिरफ्तार किया है। वित्त मंत्रालय ने शुक्रवार को जारी बयान में बताया कि राजस्व खुफिया निदेशालय ने विदेशी सिगरेट की तस्करी के विरूद्ध बड़ी कार्रवाई में पूर्वोत्तर क्षेत्र में कई समन्वित अभियान चलाए हैं। डीआरआई के पूर्वोत्तर क्षेत्र में मई 2026 से चलाए गए अभियानों में तस्करी से लाए गए विदेशी मूल की 71 लाख सिगरेट स्टिक जब्त की गई है, जिनका कुल मूल्य करीब 14 करोड़ रुपये है। इस सिलसिले में चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है। मंत्रालय के मुताबिक डीआरआई ने प्रमुख अभियानों में 11 जून को मिजोरम में मोंड, एक्ससो, ओआरआईएस और पैट्रॉन जैसे ब्रांडों की 45 लाख से अधिक विदेशी सिगरेट जब्त किए। यह अभियान असम राइफल्स की 34वीं बटालियन की सहायता से चलाया गया। इस मामले में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। प्रारंभिक जांच से पता चला कि सिगरेट की तस्करी भारत-म्यांमार सीमा पर स्थित जोखावथर सेक्टर के रास्ते म्यांमार से की गई थी।